www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...
राष्ट्रीय संस्करण
पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु
नई दिल्ली, शनिवार, 30 नवम्बर, 2024 | वर्ष-17 | अंक -235 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए





समग्र शिक्षा अभियान की राशि जारी करने में देरी : दिग्विजय 02
■ नोएडा में दो अंडरपास के बजट में की गई कटौती
■ सेक्टर-62 में सबसे पहले बनेगी पजल पार्किंग 04
■ फिलिस्तीन के विकास में हमेशा भागीदार रहा भारत
■ अमेरिका ने परमाणु हथियार वितरण प्रणाली को... 07
आशा पारेख ने शम्मी कपूर के साथ बिताए... 10

कांग्रेस कार्य समिति की हुई बैठक

# ईवीएम ने चुनावी प्रक्रिया को संदिग्ध बना दिया : खड़गे

**नई दिल्ली**, 29 नवम्बर (देशबन्धु)। महाराष्ट्र, झारखंड और हरियाणा में हुए चुनावों में पार्टी के प्रदर्शन पर विचार-विमर्श करने और आगामी दिल्ली चुनावों की तैयारियों की समीक्षा के लिए शुक्रवार को कांग्रेस कार्य समिति की बैठक हुई।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बैठक में महाराष्ट्र और हरियाणा चुनावों में हुई हार पर पार्टी के उम्मीद से कम प्रदर्शन पर चिंता जताई। उन्होंने आंतरिक मतभेद और ईवीएम पर सवाल उठाते हुए पार्टी कार्यकर्ताओं से स्थानीय मुद्दों पर फोकस करने का आह्वान किया। खड़गे ने कहा कि ईवीएम ने चुनावी प्रक्रिया को संदिग्ध बना दिया है। 2024 के लोकसभा चुनावों में कांग्रेस की वापसी की सराहना करते हुए उन्होंने स्वीकार किया कि बाद के विधानसभा चुनावों में अपेक्षित परिणाम नहीं मिले। खड़गे ने पार्टी से आत्मचिंतन करने और अपनी कमियों को दूर करने का आग्रह किया। इस बैठक में राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा, के सी वेणुगोपाल और जयराम रमेश समेत कई नेता मौजूद थे। कांग्रेस अध्यक्ष खडगे ने कहा कि लोकसभा के बाद हुए चार राज्यों के चुनावों में इंडिया गठबंधन ने दो राज्यों में सरकार बनाई, लेकिन कांग्रेस का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। इन नतीजों पर चिंतन करते हुए खड़गे ने तत्काल सुधारात्मक कदम उठाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा, 'ये नतीजे हमारे लिए एक संदेश हैं।

**एक-दूसरे के खिलाफ बयानबाजी नुकसान पहुंचाती है**

कांग्रेस अध्यक्ष ने पार्टी के अंदरूनी कलह और फूट की ओर इशारा किया, जो उनके लिए एक बड़ी बाधा साबित हुई। सबसे जरूरी बात जो मैं कहता रहता हूं, वह यह है कि एकता की कमी और एक-दूसरे के खिलाफ बयानबाजी हमें बहुत नुकसान पहुंचाती है। जब तक हम एकजुट होकर चुनाव नहीं लड़ेंगे और एक-दूसरे के खिलाफ बयानबाजी बंद नहीं करेंगे, तब तक हम अपने विरोधियों को राजनीतिक रूप से कैसे हरा पाएंगे?'

उन्होंने आगे कहा, 'इसलिए यह जरूरी है कि हम अनुशासन का सख्ती से पालन करें। हमें हर परिस्थिति में एकजुट रहना होगा। पार्टी के पास अनुशासन का हथियार भी है। लेकिन हम अपने साथियों को किसी बंधन में नहीं डालना चाहते। इसलिए सभी को यह सोचने की जरूरत है कि कांग्रेस पार्टी की जीत हमारी जीत है और हार हमारी हार है। हमारी ताकत पार्टी की ताकत में है।'

**स्थानीय मुद्दों पर फोकस करने का आग्रह किया**

खड़गे ने कांग्रेस को अपनी चुनावी रणनीतियों में बदलाव करने की जरूरत पर भी जोर दिया। उन्होंने केवल राष्ट्रीय नेताओं और मुद्दों पर निर्भर रहने से हटकर स्थानीय मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने की बात कही। उन्होंने पूछा, 'कब तक आप राष्ट्रीय मुद्दों और राष्ट्रीय नेताओं के आधार पर राज्य के चुनाव लड़ेंगे।'

### महाराष्ट्र, झारखंड व हरियाणा चुनावों में पार्टी के प्रदर्शन की समीक्षा की



■ पार्टी में है अंदरूनी कलह एकजुटता की भी कमी
■ महाराष्ट्र व हरियाणा में प्रदर्शन पर जताई चिंता

ये नतीजे हमारे लिए एक संदेश हैं। हमें इनसे तुरंत सीख लेने और संगठनात्मक स्तर पर अपनी कमजोरियों को दूर करने की जरूरत हैः **मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष**

### नए संकल्प के साथ आगे बढ़ने की जरूरत

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि लोकसभा चुनाव में उत्साह भरे नतीजों को हासिल करने के बाद विधानसभाओं के चुनावों में पार्टी को धक्का लगा है, लेकिन इससे हताश होने की बजाय कांग्रेस को मजबूत बनाने के लिए कठोर निर्णय लेने की जरूरत है। नए संकल्प के साथ जमीनी स्तर से काम करते हुए समय के अनुसार बदलाव लाने की जरूरत है।

### चुनाव निष्पक्ष कराना आयोग का संवैधानिक दायित्व

इसके बाद खड़गे ने चुनावी प्रक्रिया की विश्वसनीयता पर संदेह जताते हुए ईवीएम और चुनाव आयोग की भूमिका की आलोचना की। उन्होंने कहा, 'मेरा मानना है कि ईवीएम ने चुनावी प्रक्रिया को संदिग्ध बना दिया है। चुनाव आयोग एक संवैधानिक संस्था है, इसलिए इसके बारे में जितना कम कहा जाए, उतना ही अच्छा है। लेकिन देश में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करना उनका संवैधानिक दायित्व है।'

प्रधानमंत्री मोदी ने विपक्ष को घेरा, कहा

## हार से गुस्साए विपक्षी देश के खिलाफ कर रहे साजिश

**भुवनेश्वर**, 29 नवम्बर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को ओडिशा के भुवनेश्वर में भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आंदोलन हमेशा से होते रहे हैं। लेकिन पिछले कुछ समय में आप सभी ने एक बहुत बड़ा बदलाव देखा होगा। संविधान की भावना को कुचला जा रहा है। लोकतंत्र की गरिमा को नकारा जा रहा है। सत्ता को अपना जन्मसिद्ध अधिकार मानने वाले लोग पिछले एक दशक से केंद्र की सत्ता खो चुके हैं। वे लोगों से इस बात के लिए भी नाराज हैं कि उनके अलावा किसी और को आशीर्वाद दिया जा रहा है। वे इतने गुस्से में हैं कि वे देश के खिलाफ साजिश कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने देश को गलत दिशा में ले जाने के लिए लोगों को गुमराह करना शुरू कर दिया है।

**ओडिशा के भुवनेश्वर में कार्यकर्ताओं को संबोधित किया**



उन्होंने देश को गलत दिशा में ले जाने के लिए लोगों को गुमराह करना शुरू कर दिया हैः **नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### हमें हर झूठ को उजागर करना है

उन्होंने कहा कि मैं सभी को बताना चाहता हूं कि हमें सतर्क रहना है और लोगों को जागरूक करते रहना है। हमें हर झूठ को उजागर करना है। सत्ता के भूखे इन लोगों ने जनता से सिर्फ झूठ बोला है। वे हर बार एक बड़ा झूठ लेकर आते हैं। 2019 में जो चौकीदार उनके लिए चोर था, 2024 तक आते-आते वो ईमानदार हो गया और एक बार भी चौकीदार को चोर नहीं कह पाए। इनका मकसद सिर्फ यही है कि किसी तरह देश की जनता को गुमराह करके सत्ता पर कब्जा किया जाए।

## सार संक्षेप

### दिल्ली में वायु प्रदूषण से नहीं मिल रही राहत




**नई दिल्ली।** दिल्ली में वायु प्रदूषण से स्थिति लगातार खराब हो रही है, शुक्रवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 'बहुत खराब' श्रेणी में दर्ज किया गया। सुबह 7 बजे राजधानी का औसत एक्यूआई 332 दर्ज किया गया, जबकि कुछ इलाकों में एक्यूआई 400 के 'गंभीर' स्तर को भी पार कर गया। दिल्ली - एनसीआर के अन्य शहरों में भी वायु गुणवत्ता बिगड़ गई है। ग्रेटर नोएडा में एक्यूआई 272, गाजियाबाद में 258, नोएडा में 249, गुरुग्राम में 258 और फरीदाबाद में 166 दर्ज किया गया।

### निर्माता राज कुंद्रा के ठिकानों पर ईडी ने की छापेमारी



**मुंबई।** बॉलीवुड प्रोड्यूसर राज कुंद्रा के कई ठिकानों पर शुक्रवार सुबह प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रेड डाली। मामला पोर्नोग्राफी से जुड़ा बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, ईडी के अधिकारियों ने सुबह 6 बजे से सांताक्रूज स्थित शिल्पा शेट्टी के घर पर भी जांच शुरू कर दी है। शिल्पा शेट्टी कुंद्रा के पति और एक प्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेत्री हैं।

### भारत-श्रीलंका ने 500 किलो मादक पदार्थ जब्त किए




**नई दिल्ली।** भारत और श्रीलंका की नौसेनाओं ने अरब सागर में एक संयुक्त अभियान में मछली पकड़ने वाली नौका से 500 किलोग्राम मादक पदार्थ 'क्रिस्टल मेथ' जब्त किया है। श्रीलंकाई नौसेना ने भारतीय नौसेना को श्रीलंका की मछली पकड़ने की एक नौका के माध्यम से मादक पदार्थों की तस्करी से संबंधित जानकारी दी थी।

## अडानी, संभल व मणिपुर पर संसद में हंगामा

**नई दिल्ली**, 29 नवम्बर (एजेंसियां)। संसद के शीतकालीन सत्र के चौथे दिन लोकसभा और राज्यसभा में विपक्षी दलों का जोरदार हंगामा देखने को मिला। विपक्षी सदस्यों ने अडानी रिश्वतखोरी मामला और संभल हिंसा समेत अन्य मुद्दों पर अपना विरोध जारी रखा। हंगामा बढ़ते देख लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही सोमवार तक के लिए स्थगित कर दी गई। विपक्ष इन मुद्दों पर चर्चा की मांग पर अड़ा रहा। सुबह के सत्र में सूचीबद्ध पत्रों को रखे जाने के तुरंत बाद, राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि उन्हें सदन के नियम 267 के तहत कार्यसूची को स्थगित करने के लिए 17 नोटिस मिले हैं। विपक्षी सांसदों ने अडानी समूह के खिलाफ भ्रष्टाचार और गड़बड़ी के आरोपों, उत्तर प्रदेश के संभल में सांप्रदायिक हिंसा और मणिपुर में जातीय संघर्ष पर चर्चा के लिए नोटिस दिए थे। सभापति ने कहा कि वह सभी नोटिसों को अस्वीकार कर रहे हैं। इससे कई विपक्षी सांसदों ने विरोध किया और नारेबाजी शुरू कर दी।

धनखड़ ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा, मैं आपसे (सांसदों से) गहन चिंतन का आह्वान करता हूं। नियम 267 का इस्तेमाल व्यवधान के हथियार के रूप में किया जा रहा है। कांग्रेस सहित विपक्षी सांसदों ने इस टिप्पणी का विरोध किया। स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि सदन को चलने देना चाहिए और प्रश्नकाल सदस्यों का समय होता है। उन्होंने कहा कि लोग चाहते हैं कि सदन चले और चर्चा हो।



■ लोकसभा-राज्यसभा की कार्यवाही सोमवार तक स्थगित
■ विपक्षी दलों ने दोनों सदनों में जोरदार हंगामा किया

### विपक्षी दलों के सदस्य लगा रहे थे नारे

इस बीच, लोकसभा की कार्यवाही शुरू में दोपहर तक और बाद में पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई। विपक्षी सदस्यों ने अडानी विवाद और उत्तर प्रदेश के संभल में हाल की हिंसा को लेकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। जैसे ही सदन की बैठक शुरू हुई, कांग्रेस सहित विपक्षी दलों के सदस्यों ने कई मुद्दे उठाने की कोशिश की। कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के कुछ सदस्य सदन के वेल में भी थे और नारे लगा रहे थे।

## सुप्रीम कोर्ट ने संभल मस्जिद सर्वेक्षण पर रोक लगाई

राज्य सरकार को हिंसा-प्रभावित क्षेत्र में शांति बनाने का दिया निर्देश

**नई दिल्ली**, 29 नवम्बर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने यूपी के संभल की ट्रायल कोर्ट को कहा है कि वह मुगलकालीन मस्जिद के सर्वेक्षण से संबंधित मामले में कोई आदेश पारित न करें और उत्तर प्रदेश सरकार को हिंसा-प्रभावित क्षेत्र में शांति और सौहार्द बनाए रखने का निर्देश दिया है। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव खन्ना की अगुवाई वाली बेंच ने कहा है कि इलाहाबाद हाई कोर्ट मुस्लिम पक्ष की याचिका दायर होने के तीन दिनों के भीतर सुनवाई करें। हमें उम्मीद और भरोसा है कि निचली अदालत इस मामले में तब तक आगे की कार्रवाई के लिए न बढ़ें जब तक कि हाई कोर्ट मामले में सुनवाई कर आदेश पारित नहीं लेता। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार को संभल में शांति और सद्भाव बनाए रखने तथा दोनों समुदायों के सदस्यों को शामिल कर एक शांति समिति गठित करने का निर्देश दिया है। चीफ जस्टिस संजीव खन्ना की अगुवाई वाली बेंच ने संभल की निचली अदालत से कहा कि वह उसके सामने पेश जाने वाली किसी भी सीलबंद रिपोर्ट को तब तक न खोले जब तक कि हाई कोर्ट मामले की सुनवाई न कर ले और याचिका पर आदेश पारित न कर दे। सुप्रीम कोर्ट ने निचली अदालत के फैसले को चुनौती देने के लिए मुस्लिम पक्ष से कहा है कि वह इलाहाबाद हाई कोर्ट जा सकते हैं और मामले को पेंडिंग रखा है और कहा है कि अब मामले की सुनवाई के लिए इसे छह जननरी से शुरू होने वाले सप्ताह में लिस्ट किया जाए। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार को संभल में शांति और सौहार्द बनाए रखने के लिए शांति समिति गठित करने को कहा गया, जिसमें दोनों समुदायों के सदस्य शामिल होंगे। ट्रायल कोर्ट को निर्देश दिया गया कि कोई भी रिपोर्ट, जो उसके सामने दायर की जा सकती है, उसे तब तक न खोला जाए जब तक हाई कोर्ट इस मामले में कोई आदेश न पारित करे। सुप्रीम कोर्ट ने मुस्लिम पक्ष को जिला अदालत के आदेश के खिलाफ हाई कोर्ट में अपील की सलाह दी है।



**मस्जिद समिति ने ट्रायल कोर्ट के आदेश को दी चुनौती**

### सुप्रीम कोर्ट ने ईडी की गिरफ्तारियों पर सवाल उठाया



सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को एक बार फिर जमकर खरी-खोटी सुनाई है। सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस उज्ज्वल भुइयां ने ईडी की दोषसिद्धि दर कम होने पर चिंता जताते हुए कहा कि अगर आरोपी को दोषी नहीं ठहराया जाता है तो क्या होगा? मुकदमे के लिए किसी को कब तक इंतजार करना पड़ सकता है?पश्चिम बंगाल के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी की जमानत अर्जी पर यह सुनवाई करते हुए जस्टिस उज्ज्वल भुइयां और जस्टिस सूर्यकांत की पीठ ने ईडी की गिरफ्तारियों पर सवाल उठाया। मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 2 साल से जेल में बंद चटर्जी की अर्जी पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने अरसे तक बिना मुकदमा चलाए हिरासत में रखने पर यह अहम टिप्पणियां कीं।

महायुति की बैठक रद्द

## महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री को लेकर तस्वीर साफ नहीं

**नई दिल्ली**, 29 नवम्बर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में अगला मुख्यमंत्री कौन होगा, इस पर अभी भी संशय बरकरार है। क्योंकि, अभी तक न ही भाजपा विधायक दल की बैठक हुई और न ही महायुति की बैठक हुई है। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव का परिणाम 23 नवंबर को घोषित किया गया था और विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर को समाप्त हो चुका है। लेकिन, अभी तक महायुति से महाराष्ट्र का अगला मुख्यमंत्री कौन होगा, इसको लेकर तस्वीर साफ नहीं हो पाई है। हालांकि, हाल ही में कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा था कि उन्हें भाजपा का मुख्यमंत्री भी मंजूर है। महायुति और भाजपा का शीर्ष नेतृत्व जो फैसला लेगा, हम समर्थन करेंगे। एकनाथ शिंदे के इस बयान के बाद कयास लगाए जाने लगे कि देवेंद्र फडणवीस ही महाराष्ट्र के अगले मुख्यमंत्री होंगे। ऐसे में एकनाथ शिंदे की भूमिका को लेकर भी सवाल खड़ा होगा। क्या वह महाराष्ट्र में डिप्टी सीएम बनकर काम करने के लिए तैयार होंगे, या फिर मंत्रिमंडल में शामिल होंगे? गुरुवार को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के आवास पर देवेंद्र फडणवीस, एकनाथ शिंदे और अजित पवार ने मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद कयास लगाए जाने लगे कि महायुति में सबकुछ ठीक है और शुक्रवार को महायुति की बैठक में सीएम के नाम का ऐलान हो जाएगा। लेकिन, इस बैठक को उस वक्त टालना पड़ा जब कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे अचानक अपने गांव सातारा चले गए।



**एकनाथ शिंदे सातारा हुए रवाना**

### शिंदे को केंद्रीय मंत्री का प्रस्ताव

कहा जा रहा है कि एकनाथ शिंदे को केंद्र की ओर से केंद्रीय मंत्री बनाने का प्रस्ताव भी दिया गया है। इसके अलावा डिप्टी सीएम का पद ऑफर भी दिया गया है।

## महाराष्ट्र के गोंदिया में बस दुर्घटना, 9 की मौत

**गोंदिया**, 29 नवम्बर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के गोंदिया जिले में शुक्रवार को दोपहर में एक भीषण सड़क हादसे में बस दुर्घटनाग्रस्त होकर पलट गई। यह हादसा गोंदिया-कोहमारा राज्य महामार्ग पर ग्राम खजरी के पास हुआ। इस हादसे में 9 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है और मृतकों की संख्या में बढ़ोतरी की आशंका जताई जा रही है। हादसे में कई यात्री गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार, भंडारा से साकोली लखानी होते हुए गोंदिया की ओर जा रही शिवशाही बस के आगे अचानक एक बाइक आ गई। बाइक चालक को बचाने की कोशिश करते हुए बस के ड्राइवर ने तेजी से कट मारा, जिसके चलते बस असंतुलित होकर पलट गई। हादसे के समय बस में 35 से अधिक यात्री सवार थे। इसमें 9 यात्रियों की मौत हो गई है और कई यात्रियों को गंभीर चोटें आई हैं। दुर्घटनास्थल पर मौजूद चश्मदीदों के अनुसार, बस का ड्राइवर घटनास्थल से फरार हो गया। राहगीरों ने घटना की जानकारी पुलिस और एंबुलेंस सेवा को दी।



■ बस के आगे अचानक एक बाइक आई
■ मृतकों की संख्या में बढ़ोतरी की आशंका

विदेश मंत्रालय ने दिया जवाब

## अडानी व उनकी कंपनियों के खिलाफ कार्यवाही से कोई लेना-देना नहीं

**नई दिल्ली**, 29 नवम्बर (एजेंसियां)। सरकार ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिका में प्रख्यात उद्योगपति गौतम अडानी और उनकी कंपनियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही से सरकार का कोई लेना-देना नहीं है तथा इस बारे में अमेरिकी प्रशासन ने भारत सरकार को पहले कोई सूचना नहीं दी थी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने यहां नियमित ब्रीफिंग के दौरान अडानी पर पूछे गए एक सवाल के जवाब में कहा, यह निजी फर्मों और व्यक्तियों तथा अमेरिकी न्याय विभाग से जुड़ा एक कानूनी मामला है। ऐसे मामलों में स्थापित प्रक्रियाएं और कानूनी रास्ते हैं, जिसे लेकर हमारा मानना है कि उनका पालन किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया, इस मुद्दे पर भारत सरकार को पहले से सूचित नहीं किया गया था।

अर्थव्यवस्था | *विकास दर दूसरी तिमाही में 5.4 फीसदी पर फिसली*

## उम्मीद से भी नीचे लुढ़की भारतीय अर्थव्यवस्था

**नई दिल्ली, 29 नवम्बर (एजेंसियां)। भारत की आर्थिक वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में घटकर लगभग दो साल के निचले स्तर 5.4 प्रतिशत पर आ गई, जबकि एक साल पहले इसी तिमाही में यह 8.1 प्रतिशत थी। सरकार की ओर से शुक्रवार को इसके आधिकारिक आंकड़े जारी किए गए। हालांकि, भारत सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहा। इस वर्ष जुलाई-सितंबर तिमाही में चीन की जीडीपी वृद्धि 4.6 प्रतिशत रही।**

जीडीपी वृद्धि का पिछला निम्न स्तर 4.3 प्रतिशत वित्तीय वर्ष 2022-23 की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर 2022) में दर्ज किया गया था।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के आंकड़ों के अनुसार, कृषि क्षेत्र का जीवीए (सकल मूल्य वर्धन) 2023-24 की जुलाई-सितंबर तिमाही में बढ़कर 3.5 प्रतिशत हो गया, जो एक साल पहले 1.7 प्रतिशत था। विनिर्माण क्षेत्र की जीवीए वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में घटकर 2.2 प्रतिशत रह गई, जबकि एक वर्ष पूर्व इसमें 14.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई थी। 2024-25 में अप्रैल-सितंबर अवधि के दौरान देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में वृद्धि पिछले वित्त वर्ष की पहली छमाही में 8.2 प्रतिशत की तुलना में 6 प्रतिशत रही। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 6.7 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रही थी। सरकारी आंकड़ों के अनुसार प्रमुख बुनियादी ढांचा क्षेत्रों की वृद्धि अक्टूबर 2024 में घटकर 3.1 प्रतिशत रह गई, जो एक साल पहले इसी महीने में 12.7 प्रतिशत थी। वित्तीय, रियल एस्टेट और व्यावसायिक सेवाओं में जीवीए की वृद्धि 6.7 प्रतिशत रही, जो एक वर्ष पूर्व इसी तिमाही में 6.2 प्रतिशत थी। बिजली, गैस, जलापूर्ति और अन्य उपयोगिता सेवाओं की वृद्धि दर 3.3 प्रतिशत रही, जो एक वर्ष पूर्व की 10.5 प्रतिशत की वृद्धि दर से कम है।




**उपभोग घटने से प्रभावित हुए आंकड़े**

### विदेशी मुद्रा भंडार में भी गिरावट

आरबीआई के अनुसार, 22 नवंबर को समाप्त सप्ताह में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 1.31 अरब डॉलर घटकर 656.582 अरब डॉलर रह गया।

# देश

उवाच

"हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि हम ईवीएम को हटाने के पक्ष में हैं और बैलेट पेपर की मांग करते हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा है कि हम ईवीएम से चुनाव जीतेंगे और ईवीएम को हटाने का काम करेंगे।

–आनंद भदौरिया, सपा सांसद



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 23.0 | 11.0 |
| मुंबई | 29.0 | 21.0 |
| कोलकाता | 28.0 | 20.0 |
| चेन्नई | 25.0 | 24.0 |

# नियम 267 को व्यवधान का बनाया जा रहा हथियार : जगदीप धनखड़

■ सदन के सामान्य कामकाज में जारी व्यवधान पर जताया दुख

**नई दिल्ली,** 29 नवम्बर (एजेंसियां)। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने सदन के सामान्य कामकाज में जारी व्यवधान पर गहरी पीड़ा और अत्यंत दुख व्यक्त करते हुए शुक्रवार को कहा कि नियम 267 को बाधा का हथियार बनाया जा रहा है। धनखड़ ने शुक्रवार को सदन में नियम 267 के अंतर्गत मिले नोटिस खारिज करने के बाद विपक्ष के हंगामे पर कहा कि ये मुद्दे सप्ताह के दौरान बार-बार उठाए गए हैं। जिसके परिणामस्वरूप पहले ही तीन कार्य दिवस में कोई कामकाज नहीं हो सका। उन्होंने कहा कि ये वे दिन थे जो हमें सार्वजनिक हित के लिए समर्पित करने चाहिए थे। हमें शपथ का पालन करते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए था। उन्होंने कहा कि इस दौरान समय और अवसर का नुकसान हुआ।

विशेष रूप से प्रश्नकाल का नहीं होना आम जनता को बहुत बड़ा झटका है। उन्होंने कहा कि नियम 267 को व्यवधान और सामान्य कामकाज से विचलित करने के एक उपकरण के रूप में हथियार बनाया जा रहा है। यह स्वीकार्य नहीं है। सभापति ने गहरी पीड़ा और अत्यंत दुख व्यक्त करते हुए कहा कि हम एक बहुत ही बुरा उदाहरण पेश कर रहे हैं। हम इस देश के लोगों का अपमान कर रहे हैं। हम उनकी उम्मीदों पर खरे नहीं उतर रहे हैं। हमारे कार्य जन-केंद्रित नहीं हैं। हम



हम इस देश के लोगों का अपमान कर रहे हैं व उनकी उम्मीदों पर खरे नहीं उतर रहे हैं : जगदीप धनखड़

अप्रासंगिक होते जा रहे हैं, लोग हमारी हंसी उड़ा रहे हैं। हम व्यावहारिक रूप से हंसी का पात्र बन गए हैं। सभापति जगदीप धनखड़ ने सुबह सदन की कार्यवाही शुरू करते हुए डॉक्टर भीम सिंह और संजय झा को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। इसके बाद उन्होंने सदन के पटल पर आवश्यक दस्तावेज रखवाएं। सभापति ने बताया कि उन्हें नियम 267 के अंतर्गत 17 नोटिस मिले हैं। इस बीच विपक्षी सदस्यों की टीका टिप्पणियां आरंभ हो गई।

धनखड़ ने बताया कि कांग्रेस के प्रमोद तिवारी, रंजीत रंजन, दिग्विजय सिंह, विवेक के. तन्खा, रजनी अशोक राव पाटिल और अखिलेश प्रसाद सिंह ने अदाणी समूह में कथित अनियमितताओं के मुद्दे पर नोटिस दिया है। समाजवादी पार्टी के रामजीलाल सुमन और मार्क्सवादी कांग्रेस पार्टी के जॉन ब्रिटास ने उत्तर प्रदेश के संभल में हिंसा तथा द्रविड़ मुनेत्र कषगम और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के संतोष कुमार पी ने मणिपुर में हिंसा पर चर्चा करने की मांग की है। आम आदमी पार्टी के संजय सिंह ने दिल्ली के कानून व्यवस्था पर चर्चा करने का नोटिस दिया है।

## लोकसभा में सप्ताह के आखिरी दिन भी नहीं चला प्रश्नकाल

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्षी दलों के सदस्यों ने शुक्रवार को फिर हंगामा और शोरशराबा किया जिसके कारण सदन में प्रश्नकाल बाधित रहा और अध्यक्ष ओम बिरला को सदन की कार्यवाही 12 बजे तक स्थगित करनी पड़ी। सदन की कार्यवाही जैसे ही शुरू हुई विपक्ष के सदस्य अपनी मांगों को लेकर खड़े हो गए और सदन में चर्चा की मांग करने लगे। अध्यक्ष ने सदस्यों की बात अनसुनी कर प्रश्न काल जारी रखा तो विपक्षी दलों के सदस्यों का हंगामा तेज हो होने लगा।ढन्प्रश्नकाल में सबसे पहला मुद्दा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय का आया जिसमें मंत्री, सदस्य का सवाल और शोर शराबे के कारण सुन नहीं पाए और उन्होंने दोबारा प्रश्न करने का आग्रह किया। हंगामे के बीच सदस्य ने दोबारा सवाल किया जिसका स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जेप नड्डा ने लंबा जवाब दिया लेकिन शोर शराबे में कुछ भी सुनाई नहीं दे रहा था।

## पुलिस महानिदेशकों के अखिल भारतीय सम्मेलन में शिरकत करेंगे मोदी

**नई दिल्ली,** 29 नवम्बर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 नवम्बर से एक दिसम्बर तक ओडिशा में भुवनेश्वर में आयोजित पुलिस महानिदेशकों और महानिरीक्षकों के अखिल भारतीय सम्मेलन में भाग लेंगे। यह जानकारी प्रधानमंत्री कार्यालय की एक विज्ञप्ति में दी गई है। विज्ञप्ति के अनुसार यह सम्मेलन आज शुरू हो रहा है। इस तीन दिवसीय सम्मेलन में आतंकवाद, वामपंथी उग्रवाद, तटीय सुरक्षा, नए आपराधिक कानून, नारकोटिक्स सहित राष्ट्रीय सुरक्षा के महत्वपूर्ण घटकों पर विचार-विमर्श होगा। सम्मेलन के दौरान विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक से भी सम्मानित किया जाएगा। विज्ञप्ति में कहा गया है कि यह सम्मेलन देश के वरिष्ठ पुलिस पेशेवरों और सुरक्षा प्रशासकों को राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित विभिन्न मुद्दों और साथ ही भारत में पुलिस के सामने आने वाली विभिन्न परिचालन, ढांचागत और कल्याण संबंधी समस्याओं पर स्वतंत्र रूप से चर्चा तथा बहस करने के लिए एक संवाद-मंच प्रदान करेगा। इसके विचार-विमर्श में आंतरिक सुरक्षा खतरों के अलावा अपराध नियंत्रण और कानून एवं व्यवस्था प्रबंधन से संबंधित चुनौतियों से निपटने में पेशेवर प्रथाओं और प्रक्रियाओं को तैयार करना और साझा करना शामिल होगा। सम्मेलन में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार, राज्य मंत्री (गृह मामले), राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के पुलिस महानिदेशक और केंद्रीय पुलिस संगठनों के प्रमुख सहित अन्य लोग भाग लेंगे।



## जम्मू- कश्मीर में आतंकियों के मददगारों को किया बर्खास्त



■ दो सरकारी कर्मचारियों पर लगा देशद्रोह का आरोप
■ उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने जांच के बाद उठाया कदम

**जम्मू,** 29 नवम्बर (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने दो सरकारी कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त कर दी हैं। कानून प्रवर्तन और खुफिया एजेंसियों की जांच के बाद यह कदम उठाया गया। दोनों कर्मचारियों के आतंकवादी संगठनों से गहरे संबंध थे और इन्हें पाकिस्तान आधारित आतंकवादी समूहों से सहायता मिल रही थी। पहला कर्मचारी रहमान नाइक (स्वास्थ्य विभाग में फार्मासिस्ट) अब. रहमान नाइक जो कश्मीर के कुलगाम जिले के देवसर के निवासी थे, को 1992 में चिकित्सा सहायक के रूप में नियुक्त किया गया था। उनकी आतंकवादी संगठन हिज्बुल मुजाहिदीन से साठगांठ तब पता चल जब पुलिस ने देवसर में राजनीतिक व्यक्ति गुलाम हसन लोन की हत्या के मामले की जांच शुरू की। जांच के दौरान यह सामने आया कि नैका ने आतंकियों को स्थानीय राजनीतिक नेताओं और सुरक्षा बलों को निशाना बनाने के लिए सहायता प्रदान की।

नाइक ने यह स्वीकार किया कि उसने पाकिस्तान से निर्देश प्राप्त किए थे और वह एक ओवरग्राउंड वर्कर के रूप में काम करता था, जिसका मुख्य कार्य लक्ष्यों की पहचान और आतंकवादी हमलों के लिए तैयारी करना था। उन्हें और उनके सहयोगियों को हैंड ग्रेनेड औरन्न्च-47 के गोला-बारूद के साथ गिरफ्तार किया गया था। दूसरा कर्मचारी, जाहिर अब्बास (शिक्षा विभाग में शिक्षक) जाहिर अब्बास, जो किश्तवाड़ जिले के बादत सरूर के निवासी थे, जो 2012 में सरकारी स्कूल में शिक्षक के रूप में नियुक्त किया गया था। 2020 में उन्हें के तीन सक्रिय आतंकवादियों को आश्रय देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

अब्बास का यह भी खुलासा हुआ कि वह पाकिस्तानी आतंकवादियों को हथियारों, गोला-बारूद और आपूर्ति प्रदान कर रहे थे। वह आतंकवादियों को सुरक्षा बलों की स्थिति के बारे में जानकारी भी दे रहे थे और उनके साथ खाद्य, आश्रय और अन्य आवश्यक सामग्री मुहैया कराते थे। जांच से यह भी पता चला कि वह जेल में रहते हुए भी अपने आतंकवादी संपर्कों के साथ सक्रिय रूप से जुड़े हुए थे। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने इन दोनों कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त करने के बाद कहा कि यह कदम पाकिस्तान और पाक-आधारित आतंकवादी संगठनों के भारत के भीतर गहरे प्रवेश को उजागर करता है।

## सार संक्षेप

### बडगाम में मादक पदार्थ के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बडगाम जिले में पुलिस ने प्रतिबंधित मादक पदार्थ की तस्करी में शामिल तीन तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से मादक पदार्थ बरामद किया है। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि पुलिस ने जांच के दौरान सरकारी बाल सीनियर सेकेंडरी स्कूल मागाम में नायलॉन बैग ले जा रहे दो संदिग्ध व्यक्तियों को रोका, लेकिन उन्होंने मौका पाकर वह वहां से फरार हो गए और पुलिस ने पीछा कर दोनों को रोक लिया। उन्होंने बताया कि तलाशी के दौरान उनके पास से करीब 11 ग्राम हेरोइन और एक डिजिटल वजन तौलने वाली मशीन बरामद की।

### पराली जलाने के आरोप में किसान पर एफआईआर

**बिहार शरीफ।** बिहार में पराली जलाने को लेकर अब एक्शन शुरू है। इसके तहत नालंदा जिले के हरनौत प्रखंड में पराली जलाने के मामले में एक किसान पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। हरनौत प्रखंड के चखमिंद पंचायत के बिरजू मिल्की गांव निवासी रामजी सिंह ने चखमिंद गांव के खेत में धान की कटाई के बाद एक बीघा जमीन पर पराली जलाई थी। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, बिहार शरीफ ने रामजी सिंह के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई है।


### रेवंत ने महात्मा ज्योतिराव फुले को दी श्रद्धांजलि

**हैदराबाद।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने शुक्रवार को महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिराव फुले की पुण्यतिथि पर जुबली हिल्स स्थित अपने आवास पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर को चिह्नित करते हुए, मुख्यमंत्री के सलाहकार वेम नरेंद्र रेड्डी, पर्यटन निगम के अध्यक्ष पटेल रमेश रेड्डी और अन्य अधिकारी भी शिक्षा व सामाजिक न्याय में फुले के योगदान का सम्मान करते हुए समाज सुधारक को श्रद्धांजलि देने में शामिल हुए।

### तमिलनाडु में एक ही परिवार के तीन लोगों की हत्या

**चेन्नई।** तमिलनाडु के तिरुपुर जिले में गुरुवार देर रात एक भीषण घटना में एक ही परिवार के तीन सदस्यों की हत्या कर दी गई। यह घटना अविनाशीपालयम के पास पोंगलूर-सेमलाई कौंडमपालयम गांव में हुयी और हत्या के पीछे के मकसद का पता लगाया जा रहा है। सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस मौके पर पहुंची व शवों को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेज दिया। मृतकों की पहचान किसान दंपत्ति देवासिगमानी, उनकी पत्नी अमलाथल व उनके बेटे सेंथिलकुमार के रूप में की गई। ये सभी कोयंबटूर में रह रहे थे, लेकिन एक समारोह के लिए अपने पैतृक घर आए थे।

## मदुरै में टंगस्टन खनन की अनुमति रद्द करें केंद्र : स्टालिन



■ मुख्यमंत्री ने मोदी से तत्काल हस्तक्षेप का किया अनुरोध

**चेन्नई,** 29 नवम्बर (एजेंसियां)। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से आग्रह किया कि मदुरै जिले में टंगस्टन खनन अधिकारों के अवार्ड को रद्द करें और खान मंत्रालय को संबंधित राज्य सरकार की सहमति के बिना खनन के लिए कोई भी बोली लगाने से बचने का निर्देश दें। मोदी को लिखे एक अर्ध-सरकारी पत्र में मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार की ओर से टंगस्टन खनन अधिकारों के आबंटन के कारण मदुरै जिले में गंभीर स्थिति के बारे में बताया। उन्होंने इसे रद्द करने के लिए उनके तत्काल हस्तक्षेप का अनुरोध किया। स्टालिन ने कहा कि हमने तमिलनाडु के जल संसाधन एवं प्राकृतिक संसाधन मंत्री को तीन अक्टूबर, 2023 के पत्र के माध्यम से महत्वपूर्ण और रणनीतिक खनिजों के खनन अधिकारों की ऐसी नीलामी पर अपनी चिंताओं को पहले ही व्यक्त कर दिया था। केंद्रीय संसदीय कार्य, कोयला एवं खान मंत्री ने दो नवम्बर, 2023 को लिखे अपने पत्र में उन्हें खारिज कर दिया था, जिसमें उल्लेख किया गया था कि देश के व्यापक हित में खान मंत्रालय की ओर से महत्वपूर्ण खनिजों की नीलामी को रोका नहीं जा सकता। स्टालिन ने कहा कि टंगस्टन ब्लॉक में कवट्टायमपट्टी, एट्टीमंगलम, ए.वल्लालपट्टी, अरिट्टापट्टी, किदारीपट्टी और नरसिंगमपट्टी गांव शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी वाणिज्यिक खनन गतिविधि से इन स्थलों को अपूरणीय क्षति होगी।

# युवाओं को नहीं मिला रोजगार : राबड़ी देवी

■ शीतकालीन सत्र के अंतिम दिन विपक्षी दलों ने नीतीश सरकार को घेरा

**पटना,** 29 नवम्बर (एजेंसियां)। बिहार विधानसभा के शीतकालीन सत्र के अंतिम और पांचवें दिन शुक्रवार को भी विपक्षी दलों ने सरकार को घेरा। विधानसभा की कार्यवाही शुरू होने के पहले विपक्षी दलों के सदस्यों ने हाथ में तख्ती लिए परिसर में प्रदेश में बेरोजगारी को लेकर प्रदर्शन किया।

इस दौरान राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के विधायकों ने राबड़ी देवी की अगुवाई में विरोध प्रदर्शन किया। राबड़ी देवी ने पत्रकारों से कहा कि इस सरकार में बेरोजगार युवाओं को रोजगार नहीं मिला है। अगर यह सरकार बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने की दिशा में पूरी तरह से असमर्थ है, तो फिर सरकार का क्या मतलब रह जाता है। उन्होंने आगे कहा कि जनता मतदान करके सरकार का चयन करती है, ताकि उनके हितों में कदम उठाने वाला कोई हो। लेकिन, ऐसा कोई भी कदम नहीं उठाया गया। प्रदर्शन कर रहे विधायकों ने हाथ में पोस्टर बैनर ले रखा था। इन पोस्टरों पर नौकरी रोजगार मतलब तेजस्वी, युवाओं की आस तेजस्वी लिखा था। विधायक अख्तरुल इस्लाम शाहीन ने कहा कि जब बिहार में महागठबंधन की सरकार थी, तब तेजस्वी यादव ने 17 महीने में पांच लाख से ज्यादा बेरोजगारों को रोजगार और नौकरी दिया। एनडीए सरकार में बेरोजगारी चरम पर है। उन्होंने कहा कि सिपाही भर्ती हो या बीपीएससी की होने वाली परीक्षा हो, अलग-अलग नियम बनाया जा रहा है, इससे छात्रों में आक्रोश है। सही मायने में नीतीश सरकार को नौकरी देने की इच्छा ही नहीं है। सरकारी बहाली प्रक्रिया में ऐसी त्रुटि छोड़ देते हैं, जिससे लोग कोर्ट चले जाते हैं और पूरी प्रक्रिया रुक जाती है। कम्युनिस्ट पार्टी के नेता महबूब आलम ने कहा कि इस सरकार में लूट है। इस सरकार को जनता के हितों से कोई लेना- देना नहीं है। महागठबंधन से जुड़े विधायकों ने कहा कि नया स्मार्ट मीटर लगाने से बिजली के बिल और ज्यादा आने लगे हैं। इससे सबसे ज्यादा परेशानी गरीबों को रही है।



अगर यह सरकार बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने की दिशा में असमर्थ है, तो फिर सरकार का क्या मतलब रह जाता है : राबड़ी देवी

## 18 लाख स्मार्ट मीटर में से कितने की जांच की गई : कांग्रेस

बिहार विधानसभा के शीतकालीन सत्र के आखिरी दिन स्मार्ट मीटर को लेकर जोरदार हंगामा देखने को मिला। इस बीच, प्रश्न काल में कांग्रेस विधायक अजीत शर्मा ने पूछा कि 18 लाख स्मार्ट मीटर में से कितने की जांच की गई। इस पर मंत्री ने जवाब दिया कि आप हमें बताइए कि कितने मीटर खराब हैं। जब इंसान बीमार पड़ सकते हैं, तो मीटर क्यों नहीं। वहीं, सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले विपक्षी दलों के विधायक पोस्टर बैनर लेकर विरोध प्रदर्शन करते दिखे।

## अप्रासंगिक बयान देने की बजाय ट्रैफिक समस्या का निकालें समाधान : लहर सिंह

**नई दिल्ली,** 29 नवम्बर (एजेंसियां)। कर्नाटक के मंत्री एम.बी. पाटिल के राज्य में यातायात की समस्या पर दिए गए बयान पर भाजपा के राज्यसभा सांसद लहर सिंह सिरोया ने शुक्रवार को उन्हें बयानबाजी की बजाय समस्या का समाधान खोजने की सलाह दी। सिरोया ने पाटिल के बयान पर कहा कि इनके बयानों पर मुझे तरस आता है। ट्रैफिक समस्या के बारे में उन्होंने कहा है कि देश के लगभग हर शहर में ट्रैफिक की समस्या है। समस्या का उचित माध्यम से समाधान करने की बजाय उन्हें अप्रासंगिक बयान देने से बचना चाहिए। यह पूरा देश एक भारत, श्रेष्ठ भारत है और इस तरह की टिप्पणियां संविधान की भावना के खिलाफ हैं। मैं समझता हूं कि जनता उन्हें सही समय पर जवाब देगी। कर्नाटक के मंत्री ने कहा था कि बेंगलुरु में दूसरे राज्यों के लोग शिक्षा और रोजगार के लिए आते हैं, लेकिन उनमें ज्यादातर यहीं रह जाते हैं। इससे बुनियादी ढांचों पर दबाव बढ़ता है। कर्नाटक सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोपों पर भाजपा सांसद ने कहा कि सिर्फ भ्रष्टाचार के आरोप ही नहीं लगे हैं, बल्कि उन्होंने वास्तव में भ्रष्टाचार किया है, जो अब स्पष्ट हो चुका है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने अपनी जमीन वापस कर दी है, और मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने भी अपनी पत्नी के नाम पर आबंटित जमीन वापस कर दी है। इससे साफ पता चलता है कि वे भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। उन पर गंभीर आरोप हैं, जिनमें वाल्मीकि विकास योजना से संबंधित एक आरोप भी शामिल है, जिसमें बैंक फंड का दुरुपयोग किया गया। राज्यसभा सांसद ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ईवीएम पर बोल रहे हैं।



■ कर्नाटक के मंत्री एम.बी. पाटिल को सिरोया की सलाह

### सरकार को सत्ता में बने रहने का अधिकार नहीं

भाजपा के राज्यसभा सांसद लहर सिंह सिरोया ने कहा कि मेरा मानना है कि सरकार को अब सत्ता में बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। मुख्यमंत्री को इस्तीफा देकर स्पष्ट जांच का सामना करना चाहिए। कांग्रेस में राष्ट्रीय अध्यक्ष से लेकर सोनिया गांधी, राहुल गांधी तक जमानत पर हैं। ये लोग सदन को नहीं चलने दे रहे हैं।

## तटरक्षक बल का समुद्री खोज और बचाव अभ्यास सारेक्स संपन्न

**नई दिल्ली,** 29 नवम्बर (एजेंसियां)। भारतीय तटरक्षक बल के दो दिन के राष्ट्रीय समुद्री खोज और बचाव अभ्यास , सारेक्स का 11वां संस्करण शुक्रवार को कोच्चि में सफलतापूर्वक हो गया है। इस अभ्यास का उद्घाटन रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने किया और तटरक्षक बल के महानिदेशक एस. परमेश ने इसकी समीक्षा की। अभ्यास में राष्ट्रीय समुद्री खोज और बचाव बोर्ड के सदस्यों तथा मित्र देशों का प्रतिनिधित्व करने वाले 38 प्रतिष्ठित विदेशी पर्यवेक्षकों ने भी भाग लिया। सारेक्स का विषय क्षेत्रीय सहयोग के माध्यम से खोज और बचाव क्षमताओं को बढ़ाना था। इसमें समुद्री सुरक्षा को मजबूत बनाने में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के महत्व पर प्रकाश डाला गया। दो दिन के अभ्यास के दौरान कई तरह की गतिविधियाँ जैसे टेबल-टॉप अभ्यास, कार्यशालाएँ और एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इन सत्रों में उभरती चुनौतियों और समुद्री घटनाओं से निपटने के लिए दूरंदेशी रणनीतियों जैसे प्रमुख विषयों पर गहन चर्चा की गई।

## समग्र शिक्षा अभियान की राशि जारी करने में देरी : दिग्विजय

**भोपाल,** 29 नवम्बर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को पत्र लिखकर समग्र शिक्षा अभियान (एसएसए) के तहत राज्यों को आबंटित की जाने वाली धनराशि जारी करने में हो रही देरी का मुद्दा उठाया। राशि की कमी से अभियान के प्रभावित होने का खतरा भी बताया है।

पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह संसद की शिक्षा, बाल, युवा मामले एवं खेल संबंधी स्थायी समिति के अध्यक्ष भी हैं। शुक्रवार को पूर्व मुख्यमंत्री के कार्यालय से दी गई जानकारी में बताया गया है कि उन्होंने केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को पत्र लिखकर कहा है, कई राज्यों को एसएसए के तहत केंद्रीय निधि के अपने हिस्से को प्राप्त करने में देरी हो रही है, विशेष रूप से तमिलनाडु, केरल और पश्चिम बंगाल आदि राज्यों ने अभी तक अपना हिस्सा प्राप्त नहीं किया है। इस वजह से बुनियादी ढांचे के निर्माण, शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रमों और अन्य आवश्यक हस्तक्षेपों सहित महत्वपूर्ण शैक्षणिक कार्यक्रमों के क्रियान्वयन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। राशि आबंटन की इस तरह की देरी न केवल प्रगति में बाधा डालती है बल्कि योजना के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए अथक प्रयास करने वाले हितधारकों को भी हतोत्साहित करती है। राशि का आबंटन न होने से राज्यों पर वित्तीय दबाव भी पड़ा है।



■ राशि की कमी से अभियान के प्रभावित होने का जताया खतरा

मंजूरी

*ओडिशा सरकार ने 1.36 लाख करोड़ रुपए से अधिक की 20 औद्योगिक परियोजनाओं को दी मंजूरी*

# 74 हजार 350 से अधिक व्यक्तियों को मिलेगा रोजगार

**भुवनेश्वर,** 29 नवम्बर (एजेंसियां)। ओडिशा सरकार ने 20 परिवर्तनकारी औद्योगिक परियोजनाओं में रिकॉर्ड तोड़ 01 लाख 36 हजार 622 करोड़ रुपए से अधिक के निवेश को मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी की अध्यक्षता में दूसरी उच्च स्तरीय मंजूरी प्राधिकरण की बैठक में यह मंजूरी दी गई।

इनमें स्टील, रसायन, हरित ऊर्जा और कपड़ा जैसे विभिन्न क्षेत्रों की परियोजनाओं शामिल है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार ये औद्योगिक परियोजनाएं 74 हजार 350 से अधिक व्यक्तियों के लिए रोजगार पैदा करेंगी और इनसे ओडिशा की आर्थिक विकास को काफी बढ़ावा मिलेगा। दिल्ली, मुंबई और सिंगापुर में आयोजित उत्कर्ष ओडिशा रोड शो की सफलता से पता चलता है कि ओडिशा पूर्वी भारत में प्रमुख निवेश गंतव्य के रूप में उभरा है। राज्य ने सफलतापूर्वक पर्याप्त निवेशकों की रुचि को आकर्षित किया है और एचएलसीए ने कई परियोजनाओं को मंजूरी दी है, जिससे ओडिशा निवेशकों के लिए एक ऐतिहासिक गंतव्य के रूप में स्थापित हो गया है। जून 2024 में नई सरकार के कार्यभार संभालने के बाद से केवल छह महीनों में 73 औद्योगिक परियोजनाओं के माध्यम से 1.1 लाख से अधिक नौकरियां पैदा होंगी, जो सामूहिक रूप से 1 लाख 80 हजार करोड़ रुपये से अधिक का निवेश आकर्षित करेंगी। यह उल्लेखनीय उपलब्धि राज्य और केंद्र सरकारों के बीच प्रभावी सहयोग को उजागर करती है और विकास को बढ़ावा देने और एक संपन्न व्यापार पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए राज्य की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

मुख्यमंत्री ने बैठक में बोलते हुए निवेशक-अनुकूल पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने के लिए राज्य की अटूट प्रतिबद्धता पर जोर दिया। माझी ने कहा कि राज्य और केंद्र सरकारों के बीच मजबूत सहयोग के माध्यम से हमने निवेशकों को ओडिशा में आकर्षित करने वाले एक व्यापार-अनुकूल माहौल बनाया है। उन्होंने कहा कि हमारा ध्यान एक ऐसा पारिस्थितिकी तंत्र बनाने पर है जो समावेशी विकास, स्थिरता और रोजगार सृजन को बढ़ावा दे। माझी ने कहा कि एक मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने और नए अवसर पैदा करने पर ध्यान देने के साथ, ओडिशा उल्लेखनीय विकास के लिए तैयार है। उन्होंने आगे कहा कि उत्कर्ष ओडिशा 2025 एक नए युग की शुरुआत का प्रतीक होगा, जो ओडिशा को एक प्रमुख निवेश गंतव्य के रूप में स्थापित करेगा। स्वीकृत परियोजनाएं नौ क्षेत्रों में फैली हुई हैं, जिनमें इस्पात, रसायन, एल्यूमीनियम, विमानन ईंधन, हरित ऊर्जा और उपकरण, परिधान और कपड़ा, बिजली और नवीकरणीय ऊर्जा और सीमेंट शामिल हैं।



■ ओडिशा के आर्थिक विकास को मिलेगा बढ़ावा

उल्टा पुल्टा

चिंटू : मुझे अपनी बीवी से तलाक चाहिए, वह बर्तन फेंककर मारती है...
मिंटू : अभी मार रही है या पहले से...
चिंटू : 5 साल पहले से...
मिंटू : तो इतने साल बाद तलाक क्यों ?...
चिंटू : क्योंकि अब उसका निशाना पक्का हो गया है...

अरविंद केजरीवाल ने बुराड़ी विधानसभा में पदयात्रा कर जनता से किया संवाद, कहा

# महिलाओं को मिलेगा हजार रुपए महीना

■ **योजना का लाभ पाने के लिए हर महिला का अपना वोटर आईडी कार्ड होना जरूरी**

**नई दिल्ली,** 29 नवम्बर (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को बुराड़ी विधानसभा में पदयात्रा कर जनता से सीधा संवाद किया। पदयात्रा में अरविंद केजरीवाल को सुनने के लिए भारी जन सैलाब उमड़ पड़ा और 'फिर लाएंगे केजरीवाल' के जमकर नारे लगाए। कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं ने उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली की माताओं-बहनों को बहुत जल्द हजार-हजार रुपए मिलने चालू हो जाएंगें। इसके लिए जल्द ही रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। लेकिन योजना का लाभ पाने के लिए हर महिला का अपना वोटर आईडी कार्ड होना चाहिए। बिना वोटर आईडी कार्ड के रजिस्ट्रेशन नहीं करा पाएंगे। अगर किसी के पास वोटर आईडी कार्ड नहीं है तो वह जल्द बनवा लें। इस दौरान स्थानीय विधायक संजीव झा समेत अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।



**मैंने दिन-रात 24 घंटे मेहनत करके दिल्ली की जनता की सेवा करने की कोशिश की है : अरविंद केजरीवाल**

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मैं एक बहुत छोटा और मामूली सा आदमी था। आज से 10-12 साल पहले कोई नहीं जानता था कि इस देश में कौन केजरीवाल है? पता नहीं आपने मुझमें क्या देखा कि मुझे इतनी बड़ी जिम्मेदारी दे दी। शायद आपने मेरी सच्चाई और ईमानदारी देखी। जब से आप लोगों ने मुझे दिल्ली की कमान सौंपी है, मैंने दिन-रात 24 घंटे मेहनत करके दिल्ली की जनता की सेवा करने की कोशिश की है।

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आज बीजेपी की 20 राज्यों में सरकार है, लेकिन एक भी राज्य में जीरो बिजली का बिल नहीं आता, और ऊपर से बिजली बहुत महंगी है। आज दिल्ली में 24 घंटे बिजली आती है। हमारी सरकार से पहले कई-कई घंटे पावर कट लगते थे। घरों में इनवर्टर और जनरेटर लगे होते थे। बीजेपी की 20 राज्यों में सरकार है, लेकिन एक भी राज्य ऐसा नहीं है जहां 24 घंटे बिजली आती हो। मैंने दिल्ली में आपकी बिजली 24 घंटे कर दी। बहुत मेहनत करनी पड़ी। हम लोगों ने दस साल में जितनी मेहनत करके दिल्ली को सुधारा है, यह मेहनत खराब नहीं होनी चाहिए।

## शाह ने दिल्ली को शूटआउट की राजधानी बना दिया : सिसोदिया



■ **दिल्ली में हर 20 हजार परिवार में 1832 परिवार हो रहे अपराध के शिकार**

**नई दिल्ली।** पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने विधानसभा में कहा कि अमित शाह ने दिल्ली को शूटआउट की राजधानी बना दिया है। आज दिल्ली में कोई डर के साए में जी रहा है। एनसीआरबी कहता है कि दिल्ली में हर 20 हजार परिवार में 1832 परिवार अपराध के शिकार हो रहे हैं। यानी दिल्ली के करीब 10 प्रतिशत परिवार अपराध का सामना कर रहे हैं। यह आंकड़ा केवल हत्या, रेप, धमकियां और गोलीबारी का है। आज दिल्ली का एक आम आदमी भी कह रहा है कि उसे पैसे के लिए फर्जी कॉल आई थी। क्या दिल्ली की जनता भाजपा की कुछ नहीं लगती है? यह अच्छी बात है कि जी-20 में विदेशी मेहमान आए और कोई अपराध नहीं होने दिया, लेकिन आज दिल्ली की जनता के ऊपर अपराध क्यों हो रहे हैं? इन्हें दिल्ली के लोगों से इतनी नफरत है कि ये उन्हें अपराध की राजधानी में रखना चाहते हैं। एनसीआरबी के डेटा के अनुसार, दिल्ली में हर दिन लगभग तीन रेप हो रहे हैं। यह देश के 19 राज्यों में सबसे ज्यादा है। मनीष सिसोदिया ने कहा कि अरविंद केजरीवाल को दिल्ली की जनता ने स्कूल, अस्पताल और बिजली ठीक करने की जिम्मेदारी दी, जिसे उन्होंने पूरा करके दिखाया।

# कांग्रेस पुनर्वास कॉलोनियों के निवासियों को मालिकाना हक दिलाने को प्रतिबद्ध : देवेन्द्र यादव

**नई दिल्ली,** 29 नवम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने दिल्ली न्याय यात्रा के चौथे चरण में 22वें दिन राष्ट्रीय ध्वज फहराकर न्याय योद्धाओं के साथ आज मुखर्जी पार्क सब स्टेशन राजौरी गार्डन विधानसभा से यात्रा को लेकर आगे बढ़े। अभी 50 विधानसभाओं में मिली सफलता के बाद दिल्ली न्याय यात्रा के साथ अधिक संख्या में दिल्ली की जनता, कांग्रेस समर्थक, कांग्रेस कार्यकर्ता और न्याय योद्धा अधिक उर्जावान दिखाई दे रही थी।

दिल्ली न्याय यात्रा में उत्साहित जनसमूह की मौजूदगी के बाद साबित हो रहा है कि दिल्ली की जनता यह निर्णय ले चुकी हैं कि दिल्ली में सत्ता परिवर्तन और बदलाव का अकेला विकल्प कांग्रेस पार्टी है। दिल्ली न्याय यात्रा में प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र यादव के साथ पूर्व सांसद रमेश कुमार, पंजाब प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अमरिन्दर सिंह राजा वडिंग, अभाककमेटी के सचिव प्रभारी सुखविन्दर सिंह डैनी, कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमैन पूर्व विधायक श्री अनिल भारद्वाज, पूर्व विधायक मालाराम गंगवाल, कुंवर करण सिंह, पूर्व अभाककमेटी सचिव सीपी मित्तल, अमृता धवन, जिला अध्यक्ष धर्मपाल चंदेला, इन्द्रजीत सिंह, गौरी शंकर शर्मा, जेपी पंवार, महिला अध्यक्ष पुष्पा सिंह, प्रेरणा सिंह, अनीता बब्बर, सहित अग्रिम संगठन, सेल एवं विभाग, ब्लाक अध्यक्ष, जिला एवं ब्लाक पदाधिकारी लगभग संगठन का हर स्तर का कार्यकर्ता दिल्ली न्याय यात्रा में शामिल रहा।

देवेन्द्र यादव ने कहा कि 2025 में जनता का भरपूर समर्थन मिलने के बाद सबसे पहले पुर्नवासित कालोनियों को मालिकाना हक दिलाने पर काम करेंगे, जिस पर अरविन्द केजरीवाल 3 बार सत्ता में आने के बावजूद इनके साथ धोखा किया है।



**जनता यह निर्णय ले चुकी हैं कि दिल्ली में सत्ता परिवर्तन और बदलाव का अकेला विकल्प कांग्रेस पार्टी है : देवेन्द्र यादव, दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष**

आज पुर्नवासित कालोनियों के लोग अपना मकान होने के बावजूद किराएदार की तरह रह है, क्योंकि मकानों पर इनका मालिकाना हक नही है। मैं दिल्ली के अनाधिकृत और पुर्नवासित कालोनियों में रहने वालें लगभग 80 लाख लोगों से वादा करता हूं कि 2025 में जनता के समर्थन से बदलाव के बाद अनाधिकृत कालोनियों को नियमित कराने के साथ-साथ पुर्नवासित कालोनियों को मालिकाना हक दिलवाऊंगा। देवेन्द्र यादव ने कहा कि अन्याय के खिलाफ लोगों को न्याय दिलाने की जिस लड़ाई को दिल्ली न्याय यात्रा के तहत हम लड़ रहे है।

# शेखावत ने किया पुस्तक 'टेंपल्स टूर' का विमोचन

**नई दिल्ली,** 29 नवम्बर (देशबन्धु)। भारत में जहां विविधता में एकता नजर आती है, वहीं भारतीय धार्मिक स्थल भारत में ही नहीं दुनिया भर में पहचाने जाते हैं। जहां भारतीयों की आस्था मंदिरों के प्रति है वहीं पर्यटन के हिसाब से भी ये काफी महत्वपूर्ण हो जाता है। लेखक राजीव अग्रवाल की चार भागों में प्रकाशित पुस्तक टेम्पलस टूर के विमोचन के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि राजीव अग्रवाल की पुस्तक लिखने की प्रेरणा चमत्कार कहा।

पुस्तक विमोचन के मौके पर बोलते हुए गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि जब करोना काल में लोग असमंजस की स्थित में थे, उस वक्त राजीव अग्रवाल ने देशभर के मंदिरों पर शोध किया और पांच हजार से ज्यादा मंदिरों, के इतिहास का अध्ययन किया और उसे पुस्तक के रूप में समाहित किया, ये बहुत ही सराहनीय कार्य किया है। राजीव अग्रवाल के इस प्रयास की जितनी भी तारीफ की जाए कम है। उन्होंने कहा कि हमारा इतिहास हजारों साल पुराना है। जब विश्व मे कोई ऐतिहासिक स्थल ज्यादा नहीं थे हमारी संस्कृति कि कृति चारों ओर फैली हुई थी।




**हमारा इतिहास हजारों साल पुराना है, जब विश्व मे कोई ऐतिहासिक स्थल ज्यादा नहीं थे हमारी संस्कृति की कृति चारों ओर फैली हुई थी : गजेंद्र सिंह शेखावत**

दिल्ली के सत्य साईं इंटरनेशनल सेंटर में 'टेंपल्स टूर' पुस्तक के विमोचन के अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री डा हर्ष वर्धन, पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी भी मौजूद रहे उन्होंने भी राजीव अग्रवाल के इस प्रयास की भरपूर सराहना की। राजीव अग्रवाल के द्वारा लिखी पुस्तक के विमोचन के मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि विषय तो बहुत होते हैं, लेकिन भारत में मंदिरों के विषयों को एवं उनके इतिहास को पुस्तक के रूप में पिरोना फिर उसे किताब की शक्ल देना यह अपने आप में बेहद अनूठा कार्य है। उन्होंने कहा कि अगर इतिहास को देखा जाए तो ये आंकड़ा और भी अधिक हो सकता था। 10 हजार से ज्यादा मंदिरों का इतिहास, 1600 से अधिक चित्रण ये दर्शाता है कि भारत में पर्यटन की अभूतपूर्व संभावनाएं हैं।

# दिल्ली की बदहाल कानून व्यवस्था को लेकर 'आप' सांसदों का प्रदर्शन

■ **प्रदर्शन में इंडिया गठबंधन के घटक दल टीएमसी के सांसद भी रहे मौजूद**

**नई दिल्ली,** 29 नवम्बर (देशबन्धु)। देश की राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के अंदर चरमराई कानून-व्यवस्था को लेकर आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसदों ने संसद परिसर में शुक्रवार को जोरदार प्रदर्शन किया। 'आप' सांसद संजय सिंह के नेतृत्व में हुए प्रदर्शन में इंडिया गठबंधन के घटक दल टीएमसी के सांसद भी मौजूद रहे। सभी सांसदों ने केंद्रीय गृह मंत्री और केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। 'आप' सांसदों ने गृहमंत्री अमित शाह से दिल्ली में बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर सदन में आकर जबाव देने की मांग की। संजय सिंह ने कहा कि आज देश की राजधानी अपराधों की राजधानी बन गई है। इस पर प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री अमित शाह को जबाव देना चाहिए। मैंने सदन में नोटिस देकर गृह मंत्री अमित शाह से दिल्ली की कानून-व्यवस्था पर जवाब देने की मांग की है।



शुक्रवार को संसद परिसर में दिल्ली की बदहाल कानून व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग को लेकर आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह के नेतृत्व में पार्टी के सांसदों ने जमकर प्रदर्शन किया। इस दौरान टीएमसी के सांसदों ने भी प्रदर्शन में हिस्सा लिया। प्रदर्शन के दौरान सांसदों ने नारेबाजी करते हुए केंद्र सरकार और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से दिल्ली की बिगड़ती कानून व्यवस्था, हत्याओं और गैंगवॉर पर जवाब मांगा।

**आज दिल्ली के अंदर वैसे हालत हैं, जैसे 90 के दशक में माफिया के राज में मुंबई में होते थे : संजय सिंह, राज्यसभा सांसद 'आप'**

सांसद संजय सिंह ने कहा कि आज दिल्ली के अदंर वैसे हालत हैं, जैसे 90 के दशक में माफिया के राज में मुंबई में होते थे। वो स्थिति देश की राजधानी में बन चुकी है। देश की राजधानी अपराधों की राजधानी बन गई है।

# सौरभ भारद्वाज ने रोहिंग्या को लेकर भाजपा सरकार पर साधा निशाना



**नई दिल्ली,** 29 नवम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने शुक्रवार को भाजपा विधायक विजेंद्र गुप्ता के इस बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि केंद्र में भाजपा नेता बताएं कि रोहिंग्या सीधे दिल्ली तक कैसे पहुंच रहे हैं क्योंकि देश की सीमा पर उन्हें रोकने की जिम्मेदारी भी केंद्र सरकार की है। इससे पहले विजेंद्र गुप्ता ने आरोप लगाया था कि 'आप' सरकार राष्ट्रीय राजधानी में रोहिंग्या घुसपैठियों को बसाने की कोशिश कर रही है।

सौरभ भारद्वाज ने कहा कि अखबारों में जिन गैंगस्टर के नाम रोज छपते हैं, जिनका नाम अरविंद केजरीवाल ने लिया है, उसमें से कौन बांग्लादेशी-रोहिंग्या हैं, वह उसकी लिस्ट दें। अगर रोहिंग्या और बांग्लादेशी गैंगस्टर हैं, तो विजेंद्र गुप्ता को शर्म से डूबकर मर जाना चाहिए। दिल्ली की कानून-व्यवस्था और देश की सीमा की सुरक्षा केंद्र सरकार के पास है। ऐसे में देश में इस तरीके के लोग कैसे घुस जा रहे हैं। भाजपा विधायक विजेंद्र गुप्ता ने आरोप लगाया है कि आम आदमी पार्टी वोट के लिए रोहिंग्या मुसलमानों को पनाह दे रही है। इस पर सौरभ भारद्वाज ने कहा कि वह बताएं कि बांग्लादेशी हवा में उड़कर आ रहे हैं क्या? उनको बताना चाहिए कि बांग्लादेश और म्यांमार से रोहिंग्या सीधे दिल्ली के अंदर कैसे आ रहे हैं।

## दिल्ली में अपराधियों का मनोबल बढ़ाकर कानून-व्यवस्था बिगाड़ रही 'आप' : तिवारी



**नई दिल्ली।** दिल्ली में कानून-व्यवस्था के मुद्दे को लेकर संसद में आम आदमी पार्टी के सांसदों द्वारा प्रदर्शन को भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने निंदनीय बताया। उन्होंने कहा कि राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति के लिए आम आदमी पार्टी की सरकार जिम्मेदार है। मनोज तिवारी ने कहा कि दिल्ली में कानून-व्यवस्था बिगाड़ने का काम आम आदमी पार्टी कर रही है, जो अपराधियों का मनोबल बढ़ा रही है। जब भी दिल्ली पुलिस किसी अपराधी को पकड़ती है और वह कोर्ट में पेश होता है, तो वही सरकारी वकील उसकी पैरवी करते हैं, जो आम आदमी पार्टी की सरकार द्वारा नियुक्त किए जाते हैं। यह दुखद है कि सीसीटीवी फुटेज में जो लोग हत्या करते हुए दिख रहे हैं, उन्हें भी आम आदमी पार्टी के तंत्र के द्वारा जमानत दिलाई जाती है।

मनोज तिवारी ने कहा कि मैं मीडिया से पूछना चाहता हूं कि मनीष की हत्या के आरोपियों को, जिनके खिलाफ पूरा सीसीटीवी फुटेज और साक्ष्य मौजूद हैं, कैसे जमानत मिल जाती है? आम आदमी पार्टी से यह सवाल है कि ध्रुव त्यागी और बवाना में हुई हत्या के अपराधियों को जमानत कैसे मिलती है? जब अपराधी खुलेआम कत्ल करके सीसीटीवी फुटेज में दिख रहे हैं और आम आदमी पार्टी के वकील उनकी मदद करते हैं, तो अपराधियों का मनोबल कितना बढ़ जाता है!

# आतिशी बस मार्शलों को गुमराह करना बंद करें : सचदेवा

**नई दिल्ली,** 29 नवम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की यह बेहद दुखद है की मुख्य मंत्री आतिशी मार्लेना ने भी अपने पार्टी के अन्य नेताओं की ही तरह आज विधान सभा सदन की बैठक को दिल्ली की जनता खासकर बस मार्शलों को गुमराह करने के लिए किया। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है की दिल्ली के उपराज्यपाल महोदय ने अक्टूबर अंत में स्पष्ट रूप से निर्देश दिया था की सिविल डिफेंस वॉलंटियरस को 4 माह के लिये प्रदूषण नियंत्रण ड्यूटी पर लगाया जाए और इस बीच में दिल्ली सरकार वॉलंटियरस की सेवाएं नियमित करने का प्रशासनिक प्रस्ताव तैयार करे। हमारी जानकारी है की उपराज्यपाल महोदय ने प्रदूषण नियंत्रण ड्यूटी इसलिए दी थी ताकि इनको वेतन प्रदूषण विभाग फंड से मिल सके क्योंकि पूर्व में जब तक यह लोग डीटीसी में बस मार्शल ड्यूटी कर रहे थे तब का इनका दस माह का वेतन बकाया है। वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की अरविंद केजरीवाल द्वारा एक आदेश से हटाए गए बस मार्शल के रूप में कार्यरत सिविल डिफेंस वॉलंटियरस अब अरविंद केजरीवाल एवं सुश्री अतिशी मार्लेना सरकार पर से विश्वास खो चुके हैं।




**भारतीय रेल**
**भारत सरकार**
**रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड)**

सं. 2023/आरएस(ई)/टीएम/3 नई दिल्ली, दिनांक 28.11.2024

**शुद्धिपत्र**

**विषयः— 138 अदद 'डायनामिक ट्रैक स्टेबलाइजर (डीटीएस)' के डिजाईन, निर्माण, आपूर्ति, परीक्षण और कमीशनिंग, भारतीय रेलवे कर्मचारियों के प्रशिक्षण और 3 साल की वारंटी एएमसी के साथ, के लिए दिनांक 28.11.2024 को बंद होने वाली ई-खुली वैश्विक निविदा सं. 2023-टीएम-3**

विषय निविदा के हिंदी अखबार में प्रकाशित शुद्धिपत्र संख्या 1 में **निविदा बंद होने की नियत तिथि को** 10.11.2025 की जगह **10.01.2025 पढ़ा जाए।**

निदेशक, रेल भंडार (एफ)
(रेलवे बोर्ड)


3690/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# सुरक्षा चुनौतियों पर विशेष ध्यान दे पुलिस अधिकारी : शाह

**नई दिल्ली,** 29 नवम्बर (एजेंसियां)। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राज्यों में पुलिस के शीर्ष नेतृत्व से देश की पूर्वी सीमाओं पर उभरती सुरक्षा चुनौतियों, आप्रवासन और शहरी पुलिसिंग जैसे विषयों पर विशेष ध्यान देने को कहा है।

श्री शाह ने शुक्रवार को ओडिशा के भुवनेश्वर में राज्यों के पुलिस महानिदेशकों और पुलिस महानिरीक्षकों के 59वें सम्मेलन का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दूसरे और तीसरे दिन सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे। यह सम्मेलन, हाइब्रिड मोड में आयोजित किया जा रहा है और इसमें सभी राज्यों तथा केंद्रशासित प्रदेशों के पुलिस प्रमुख तथा केन्द्रीय पुलिस बलों के प्रमुख हिस्सा ले रहे हैं।



■ **शाह ने पुलिस महानिदेशकों व पुलिस महानिरीक्षकों के 59वें सम्मेलन का किया उद्घाटन**


**उत्तर रेलवे**

**ई-नीलामी हेतु सूचना**

**वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/मालभाड़ा सेवाएँ, दिल्ली मंडल, उत्तर रेलवे,** के द्वारा रेलवे बोर्ड के पत्र सं. 2022/टीसी(एफएम)/10/04 दिनांक 13.06.2022 के अनुसार, **दिल्ली मंडल के आनंद विहार रेलवे स्टेशन** के प्लेटफ़ॉर्म-1 पर स्थित अमानती-सामानघर (कुल क्षेत्र 24.726 वर्ग मीटर), (आरओएमटी आधार पर) के प्रबंधन और संचालन हेतु आई.आर.ई.पी.एस. पोर्टल में ई-नीलामी मॉड्यूल के माध्यम से बोलियों के द्वारा पांच (05) वर्ष के लिये निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसका विवरण इस प्रकार है:

| क्रम संख्या | ई-नीलामी के आरम्भ होने की तिथि तथा समय | संसाधन जिनकी नीलामी की जानी है: |
|---|---|---|
| 1. | 06.12.24 को प्रातः 11:00 बजे | आनंद विहार रेलवे स्टेशन के प्लेटफ़ॉर्म-1 पर स्थित अमानती- सामानघर (कुल क्षेत्र 24.726 वर्ग मीटर), (आरओएमटी आधार पर) के प्रबंधन और संचालन हेतु 05 (पांच) वर्षों का अनुबंध। |

**महत्वपूर्ण सूचनाः**

1. ई-नीलामी के विभिन्न पहलुओं के बारे में अधिक जानकारी के लिए इच्छुक बोलीदाताओं को **https://www.ireps.gov.in/html/helpdesk/learning_centre.html**. (e-Auction leasing section) पर जाने की सलाह दी जाती है।
2. **धरोहर राशि जमा (ईएमडी):** नीलामी के दौरान कुल संविदात्मक बोली मूल्य का 5% ऑनलाइन जमा किया जाना है। सफल बोलीदाता की ईएमडी सुरक्षा जमा के रूप में रखी जाएगी।
3. रेलवे प्रशासन किसी भी समय इन अनुबंधों को शीघ्र समाप्त करने और/या स्थितियों के आधार पर संशोधित/अतिरिक्त नियमों और शर्तों के साथ इन अनुबंधों को बंद करने/जारी रखने के संबंध में कोई भी निर्णय लेने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित रखता है।

3692/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
YEIDA FUTURE IS HERE
प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, ओमेगा-1 (पी-2), ग्रेटर नौएडा
Toll Free No. 18001808296 वेबसाइटः www.yamunaexpresswayauthority.com

पत्रांक : वाई.ई.ए./भूलेख/1018/2024 दिनांक : 28.11.2024

**सार्वजनिक सूचना**

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा ग्राम तिरथली, सैक्टर-29 एवं ग्राम चकवीरमपुर, सैक्टर-32 के अन्तर्गत आने वाली भूमि का सुनियोजित विकास हेतु सम्बन्धित कृषकों द्वारा दी गयी सहमति की दर रु. 2728/- प्रति वर्ग मी० से प्राधिकरण द्वारा शासनादेश संख्या- 314/77-3-16-163एम, दिनांक 23.02.2016 में तय प्रक्रियानुसार निम्नानुसार क्रय किया जाना प्रस्तावित है :-

| क्रमांक | सै०/ग्राम का नाम | खाता संख्या | खसरा संख्या | खसरे का कुल क्षेत्रफल (हे० में) | खातेदार का नाम व पता | तहसील से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर काश्तकार का हिस्सा (हे० में) | काश्तकार का विक्रय हेतु क्षेत्रफल (हे० में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | तिरथली (सैक्टर-29) | 125 | 670 | 0.7850 | भगत सिंह पुत्र रघुनाथ सिंह निवासी ग्राम खेड़ा तिरथली, परगना व तहसील-जेवर, हाल निवासी 797, डबुआ कालोनी, फरीदाबाद। | में से | 0.0120 |
| 2. | तिरथली (सैक्टर-29) | 125 | 670 | 0.7850 | महावीर सिंह पुत्र चोखे सिंह निवासी ग्राम खेड़ा तिरथली, परगना व तहसील-जेवर, जिला - गौतमबुद्ध नगर। | में से | 0.1213 |
| 3. | तिरथली (सैक्टर-29) | 125 | 670 | 0.7850 | हरेन्द्र सिंह पुत्र श्यौदान सिंह निवासी ग्राम खेड़ा तिरथली, परगना व तहसील - जेवर, जिला - गौतमबुद्ध नगर। | में से | 0.0606 |
| 4. | तिरथली (सैक्टर-29) | 125 | 670 | 0.7850 | शिवचरन सिंह पुत्र चोखे सिंह निवासी ग्राम खेड़ा तिरथली, परगना व तहसील - जेवर, जिला - गौतमबुद्ध नगर। | में से | 0.0606 |
| 5. | तिरथली (सैक्टर-29) | 125 | 670 | 0.7850 | नारायन सिंह पुत्र चोखे सिंह निवासी ग्राम खेड़ा तिरथली, परगना व तहसील - जेवर, जिला - गौतमबुद्ध नगर। | में से | 0.0606 |
| 6. | तिरथली (सैक्टर-29) | 125 | 670 | 0.7850 | पदम सिंह पुत्र चोखे सिंह निवासी ग्राम खेड़ा तिरथली, परगना व तहसील - जेवर, जिला - गौतमबुद्ध नगर। | में से | 0.0606 |
| 7. | तिरथली (सैक्टर-29) | 125 | 670 | 0.7850 | संजय पुत्र गिर्राज व राजेन्द्री पत्नी गिर्राज निवासी ग्राम खेड़ा तिरथली, परगना व तहसील - जेवर, जिला - गौतमबुद्ध नगर। | में से | 0.0606 |
| 8. | तिरथली (सैक्टर-29) | 125<br>204 | 670<br>446 | 0.7850<br>3.0280 | चन्द्रपाल सिंह पुत्र रघुनाथ सिंह निवासी ग्राम खेड़ा तिरथली, परगना व तहसील - जेवर, जिला - गौतमबुद्ध नगर। | में से<br>में से | 0.0120<br>0.0946 |
| 9. | तिरथली (सैक्टर-29) | 343 | 160 | 0.0890 | राजवाला पत्नी कर्मवीर सिंह उर्फ धर्मवीर निवासी ग्राम खेड़ा तिरथली, परगना व तहसील - जेवर, जिला - गौतमबुद्ध नगर। | 1/9 भाग | 0.0098 |
| 10. | चकवीरमपुर (सैक्टर-32) | 106<br>107 | 299<br>300<br>301/1<br>304<br>305<br>307<br>318<br>319<br>314क<br>315क<br>316<br>317क | 0.4300<br>0.1260<br>0.0790<br>0.2530<br>0.3290<br>0.0760<br>0.0890<br>0.1140<br>0.6570<br>0.0410<br>0.5310<br>0.2520 | मोहम्मद सुलेमान पुत्र दलशेर खाँ नि० ग्राम नगला हाण्डा माजरा कुरैब परगना व तहसील जेवर, जिला - गौतमबुद्ध नगर। | 1/8 भाग<br>1/8 भाग<br>1/8 भाग<br>1/8 भाग<br>1/8 भाग<br>1/8 भाग<br>1/8 भाग<br>1/8 भाग<br>1/8 भाग<br>1/8 भाग<br>1/8 भाग<br>1/8 भाग | 0.0538<br>0.0157<br>0.0099<br>0.0316<br>0.0411<br>0.0095<br>0.0112<br>0.0142<br>0.0821<br>0.0051<br>0.0664<br>0.0315 |

उपरोक्त भूमि क्रय किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति है तो वह लिखित रूप में 15 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरी को अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

**डिप्टी कलेक्टर**

**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र में प्राधिकरण द्वारा स्वीकृत मास्टर प्लान के अतिरिक्त प्लॉटिंग/हाउसिंग/कॉलोनी या किसी भी प्रकार का अन्य निर्माण पूरी तरह से अवैध है। सामान्यजन इस प्रकार की खरीदफ़रोख्त से पूर्णतः सचेत रहें तथा कॉलोनाइजर के भ्रामक विज्ञापनों से बचें। अधिक जानकारी के लिए प्राधिकरण की वेबसाइट www.yamunaexpresswayauthority.com देखें।**

# कैपिटल ज़ोन

उवाच "

एक माह तक आंदोलन के बाद भी कोई कार्रवाई न होने पर आज वकीलों ने काला दिवस मनाया। बार सभागार में बैठक के बाद वकीलों ने बाजूओं पर काली पट्टी बांधकर मानव श्रृंखला बनाई। इस मौके पर वकीलों ने मानव श्रृंखला बनाकर प्रदर्शन करने के साथ ही कचहरी, कलेक्ट्रेट और जिला जज कंपाउंड के मुख्य द्वार तक पदयात्रा भी निकाली : **दीपक शर्मा**, बार एसोसिएशन अध्यक्ष।

## दो अवैध आरओ प्लांट को किया गया सील

**नोएडा,** 29 नवम्बर (देशबन्धु)। डीएम मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में जनपद में अवैध भूजल दोहन पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से नगर मजिस्ट्रेट, प्राधिकरण एवं भूगर्भ जल विभाग के अधिकारी ने अभियान चलाया। इस क्रम में ऑनलाइन शिकायत मिलने के बाद नोएडा के गढ़ी चौखंडी व एफएनजी विहार में अवैध भूजल दोहन के संबंध में प्राप्त ऑनलाइन शिकायत पर संज्ञान लेते हुए अपर जिलाधिकारी प्रशासन मंगलेश दुबे द्वारा निर्गत निर्देशों के क्रम में नगर मजिस्ट्रेट विवेकानंद मिश्रा, नोएडा प्राधिकरण (सिविल) के अधिकारियों व भूगर्भ जल विभाग के अधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया। नगर मजिस्ट्रेट विवेकानंद मिश्रा ने बताया कि निरीक्षण के दौरान हिंडन नदी के किनारे श्मशान घाट के पास सत्य प्रकाश पुत्र रामलाल की जमीन पर अवैध बोरवेल स्थापित पाया गया। जिसको मौके पर ही मौजूद अधिकारियों की उपस्थिति में सील कर दिया गया। इसके अतिरिक्त एफएनजी विहार नोएडा में स्थापित एक आर ओ प्लांट मनोज यादव पुत्र राजपाल द्वारा संचालित व एक आर ओ प्लांट देवेंद्र पुत्र भीष्म द्वारा संचालित, दोनों को बंद कराया गया। उन्होंने बताया कि अवैध बोरवेल चलाने एवं आर ओ प्लांट के स्वामियों के विरुद्ध जुर्माना लगाने की कार्रवाई की जाएगी।

# नोएडा में दो अंडरपास के बजट में की गई कटौती

- एक्सप्रेस वे पर बनाया जाने है दोनों अंडरपास
- 27 सेक्टर और 20 गांव को होगा फायदा

**नोएडा,** 29 नवम्बर (देशबन्धु)। नोएडा-ग्रेनो एक्सप्रेस वे पर प्राधिकरण दो नए अंडरपास झट्टा (16.900 किमी चैनेज पर) व सुल्तानपुर गांव (6.10 किमी चैनेज पर) के सामने बनाया जाएगा। सैद्धांतिक मंजूरी के बाद दोनों अंडरपास की फाइल आईआईटी रुढकी भेजी गई थी। वहां से दोनों अंडरपास के निर्माण के बजट में कमी की गई है। ये कमी स्ट्रक्चर के अनुसार की गई। इसके निर्माण के लिए जनवरी 2025 में प्राधिकरण टेंडर जारी करेगा। इस परियोजना से 30 आवासीय सेक्टर और 15 गांव के लोगों का आवागमन सुगम होगा।

### पहले समझे अंडरपास की लोकेशन और बजट

पहला अंडरपास एक्सप्रेस-वे पर 16.900 किमी चैनेज पर सेक्टर-145, 146 155 और 159 के बीच बनाया जाएगा। इसकी लंबाई 800 मीटर होगी। प्राधिकरण ने इसके निर्माण के लिए 131 करोड़ का बजट बनाया था। इस बजट में आईआईटी ने संशोधन करते हुए 117 करोड़ का कर दिया गया है। इससे नवविकसित / विकासाधीन औद्योगिक सेक्टर-151, 153, 154, 155, 156, 157, 158, 159, 162 और 9 गांव को लाभ मिलेगा।

दूसरा अंडरपास सुल्तानपुर के पास एक्सप्रेस-वे पर 6.10 किमी चैनेज पर सेक्टर-128, 129, 132 और 108 के बीच बनेगा। इसकी लंबाई 731 मीटर की होगी। प्राधिकरण ने इसका बजट 106 करोड़ बनाया था। जिसके आईआईटी रूढ़की ने कम करके 98 करोड़ कर दिया गया है। इस अंडरपास से सेक्टर-104, 105, 106, 107, 108, 110, 80, 81, 82, 83, 127, 128, 129, 130, 131, 132, 133, 134, 135, फेस-2, एनएसईजेड एवं 11 गांव को लाभ मिलेगा।

### डायाफ्राम तकनीक से किया जाएगा निर्माण

इस बार बनाए जाने वाले अंडर पास में तकनीक का बदलाव किया गया है। 2020 के बाद एक्सप्रेस वे पर कोंडली, एड्वेंट और सेक्टर-96 अंडरपास बॉक्स पुशिंग तकनीक पर बनवाए गए थे। इसमें लगातार एक्सप्रेस वे की सड़क धंसने की समस्याएं सामने आई थीं। इसलिए अबकी बार अंडर पास निर्माण के लिए प्राधिकरण डायाफ्राम तकनीक का चयन किया है। इसमें बगैर खुदाई के डायाफ्राम वॉल कास्ट की जाएगी। इसके बाद दो तरफ जमीन के अंदर यह दीवार बनाकर उसके ऊपर अंडर पास की छत ढाल दी जाएगी। नीचे दोनों दीवारों व छत के बीच की मिट्टी खुदाई कर निकाली जाएगी। इसके बाद नीचे की सड़क का काम शुरू होगा। इसी तरह से दोनों लेन का काम प्राधिकरण करवाएगी। इसके कारण कुछ दिनों तक ट्रैफिक का संचालन प्रभावित रहेगा।

# सेक्टर-62 में सबसे पहले बनेगी पजल पार्किंग

- रामलीला मैदान के पास जमीन की जा रही चिन्हित
- इसके बाद सावित्री बाजार में बनेगी पार्किंग

**नोएडा,** 29 नवम्बर (देशबन्धु)। नोएडा प्राधिकरण ने तीन स्थानों पर पजल पार्किंग बनाने की तैयारी तेज कर दी है। तीनों जगह जमीन से संबंधित कोई दिक्कत तो नहीं है, यह जानकारी लेने के लिए नियोजन विभाग को फाइल भेजी है। इस महीने नियोजन विभाग से अनुमति मिलते ही अगले महीने टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। सबसे पहले सेक्टर-62 में पजल पार्किंग बनाई जाएगी। इसके बाद सेक्टर-18 और अंत में प्राधिकरण के सामने। दरअसल प्राधिकरण ऑफिस सेक्टर-96 में बनाया जा रहा है। ऐसे जरुरत के हिसाब से ही यहां निर्माण किया जा सकता है।

नोएडा प्राधिकरण जाम में कमी लाने के लिए अब छोटी-छोटी पार्किंग तैयार करेगा। ये पार्किंग स्टील के ढांचे पर बनाई जाएंगी। पहले चरण में शहर में तीन जगह ऐसी पार्किंग बनाने का निर्णय प्राधिकरण ने लिया है। सेक्टर-6 नोएडा प्राधिकरण दफ्तर के सामने, सेक्टर-18 सावित्री बाजार के पास और सेक्टर-62 में रामलीला मैदान के पास जगह चिन्हित की गई है। अभी इन तीनों जगह पार्किंग नहीं होने के कारण सड़क पर वाहन खड़े होने से लंबा जाम लगता है। प्राधिकरण यहां अलग-अलग जगह खाली पड़ी थोड़ी जगह पर पार्किंग की सुविधा देगा। अधिकारियों ने बताया कि ये पार्किंग स्टील के स्ट्रक्चर पर छह मंजिल तक बनाई जाएंगी। इनमें करीब 80 गाड़ियों के खड़े किए जाने का अनुमान है। सेक्टर-18 में सावित्री बाजार में मोबाइल मार्केट मुख्य सड़क के पास ही है। ऐसे में इसका फायदा अट्टा बाजार में आने वाले लोगों को भी होगा।

### यह होती है पजल पार्किंग

यह ऑटोमेटिक पार्किंग सिस्टम होता है। इसमें कई स्तर पर स्लाइडिंग प्लैटफॉर्म होते हैं, जिनकी मदद से वाहनों को किसी भी तरफ घुमाया जा सकता है। इस सिस्टम की मदद से उपलब्ध जगह में ज्यादा से ज्यादा वाहनों को खड़ा किया जा सकता है। इसमें किसी भी कार को अन्य कार को हटाए या छुए बिना पार्क किया जा सकता है। इसमें, स्टैंड ऊपर, नीचे, दाएं, और बाएं घूम सकते हैं।

### 15 लाख रुपए खर्च आने का अनुमान

स्टील के ढांचे पर एक गाड़ी की पार्किंग बनाने के लिए 16-17 लाख रुपए के आसपास खर्च आने की उम्मीद है। अधिकारियों का कहना है कि जिस एजेंसी को टेंडर दिया जाएगा, उससे लेबर अनुबंध के आधार पर काम का जिम्मा दिया जाएगा। यानि पार्किंग से जो शुल्क आएगा, उसके अनुपात में लेबर का शुल्क एजेंसी को दिया जाएगा। इससे उसका खर्चा निकलेगा। इसके अलावा विज्ञापन का जिम्मा भी दिया जा सकता है।

## सार संक्षेप

### दो झोपड़ी में लगी आग, जनहानि नहीं

**नोएडा।** फेज तीन थाना क्षेत्र के गढ़ी चौखंडी में दो झोपड़ियों में शुक्रवार दोपहर आग लग गई। अग्निशमन विभाग की टीम ने एक गाड़ी मदद से आग को बुझा दिया। आग से किसी तरह की जनहानि नहीं हुई। मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि शुक्रवार दोपहर करीब सवा तीन बजे कंट्रोल रूम को सूचना मिली कि गढ़ी चौखंडी में दो झुग्गियों में आग लग गई है। मौके पर तत्काल टीम को दो गाड़ियों के साथ भेजा गया। टीम ने आग को बुझाना शुरू किया। करीब 15 मिनट की मशक्कत के बाद एक गाड़ी की मदद से आग को बुझा दिया गया। आग लगने के दौरान धुआं भी फैला रहा। झोपड़ी में रखा काफी सामान जल गया। आग लगने पर कोई अंदर फंसा भी नहीं था। आग लगने के कारण का पता नहीं चल सका। उधर, आग लगने के दौरान आसपास भीड़ जमा हो गई।

### यातायात माह के अंतर्गत सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**नोएडा।** नोएडा पुलिस कमिश्नरेट द्वारा सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण के लिए चलाए जा रहे यातायात माह के तहत सेक्टर-62 स्थित एवियर एजुकेशनल हब डिग्री कॉलेज में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शेयर संस्था की नुक्कड़ नाटक टीम ने भाग लिया और सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के महत्व पर एक प्रभावी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में ट्रैफिक अंकल के नाम से प्रसिद्ध टीएसआई राकेश यादव और एचसी यशपाल ने छात्रों और उपस्थित जनसमुदाय को यातायात नियमों की जानकारी दी। उन्होंने सभी को इन नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई। चेयरमैन संदीप सिंह ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल व्यक्तिगत जिम्मेदारी नहीं, बल्कि सामूहिक प्रयास है। ऐसे जागरूकता कार्यक्रम युवाओं को सही दिशा दिखाने में सहायक होते हैं। मैं पुलिस कमिश्नरेट और साझेदार संस्थाओं को इस पहल के लिए बधाई देता हूं। टी आई रमेश सिंह चौहान ने कहा कि यातायात नियम हमारी सुरक्षा के लिए हैं। हेलमेट पहनना, सीट बेल्ट लगाना, और संकेतों का पालन करना हर व्यक्ति का कर्तव्य है। समाज में सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता देना आवश्यक है, और मैं सभी से अपील करता हूं कि नियमों का सख्ती से पालन करें। इस अवसर पर युवा क्रांति सेना के अध्यक्ष अविनाश सिंह, कॉलेज के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ अस्मिंदर सिंह बहल, रविता सिंह आदि मौजूद थे।

### सलाम नमस्ते में युवा महोत्सव का आयोजन

**नोएडा।** आईएमएस नोएडा के सामुदायिक रेडियो सलाम नमस्ते में युवा महोत्सव का आयोजन हुआ। शुक्रवार को सेक्टर-62 स्थित संस्थान परिसर में छात्रों के लिए गीत, संगीत, सामाजिक कार्य, कला, संस्कृति, भाषा एवं जागरूकता अभियान चलाया गया। वहीं सलाम नमस्ते द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में नोएडा एवं गाजियाबाद के गांव के बच्चे एवं कलाकार ने भी हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए सलाम नमस्ते की स्टेशन हेड वर्षा छबारिया ने बताया कि युवा पीढ़ी को जागरुक करने एवं उनके हुनर को मंच प्रदान करने के लिए हम युवा महोत्सव मना रहे है। इस कार्यक्रम के माध्यम से हमारी कोशिश देश की कला संस्कृति एवं स्थानीय भाषाओं को आम जनमानस के बीच पहुंचाना है।

## महामाया फ्लाईओवर से सेक्टर-18 की ओर जाने के रास्ते में पड़ने वाले कर्व को किया जाएगा सीधा

**नोएडा,** 29 नवम्बर (देशबन्धु)। महामाया फ्लाईओवर से सेक्टर-14 स्थित चिल्ला बार्डर और चिल्ला बार्डर से महामाया फ्लाईओवर के बीच रोजाना लगने वाले यातायात जाम को खत्म करने की कवायद नोएडा प्राधिकरण ने शुरू कर दी है। महामाया फ्लाईओवर की ओर से सेक्टर-18 जाने वाले मार्ग के मध्य में पड़ने वाले कर्व को सीधा करने का निर्णय लिया गया है।

जिससे राष्ट्रीय दलित प्रेरणा स्थल के पास फंसने वाले यातायात जाम को सुगम मार्ग उपलब्ध कराया जा सकेगा। इससे इस रास्ते आने जाने वाले करब 5 लाख वाहनों को राहत मिलेगी, उनके ईधन व समय की बचत हो सकेगी। प्राधिकरण के सिविल विभाग ने इसका सर्वे शुरू करा दिया है। इसके अलावा महामाया व चिल्ला बार्डर के बीच राष्ट्रीय दलित प्रेरणा स्थल के पास शाहदरा नाला के ऊपर भी चौड़ाई को बढ़ाया जाएगा। इसी जगह पर बने यूटर्न को छोटा करने की बात कही जा रही है। साथ ही इस रास्ते बनी सेंटर वर्ज की चौड़ाई को भी कम किया जाएगा, जिससे आने जाने वाले मार्ग पर एक-एक लेन की सड़क को उपलब्ध कराया जा सके।

यही नहीं महामाया फ्लाईओवर के आसपास जहां भी पैच मिलेगा, उसके साथ सड़क को बनाकर चौड़ीकरण का काम पूरा किया जाएगा। ताकि यातायात को जाम मुक्त सफर उपलब्ध कराया जा सके।

# लाठीचार्ज के विरोध में अधिवक्ताओं ने मनाया काला दिवस

- मानव श्रृंखला बनाई



**गाजियाबाद,** 29 नवम्बर (देशबन्धु)। जिला जज न्यायालय कक्ष में 29 अक्टूबर को अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज के विरोध में अधिवक्ताओं ने शुक्रवार को काला दिवस मनाया। साथ ही मानव श्रृंखला बनाकर विरोध जताया। घटना के बाद से ही अधिवक्ता हड़ताल पर हैं।

बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दीपक शर्मा ने बताया कि एक माह तक आंदोलन के बाद भी कोई कार्रवाई न होने पर आज वकीलों ने काला दिवस मनाया। बार सभागार में बैठक के बाद वकीलों ने बाजूओं पर काली पट्टी बांधकर मानव श्रृंखला बनाई। इस मौके पर वकीलों ने मानव श्रृंखला बनाकर प्रदर्शन करने के साथ ही कचहरी, कलेक्ट्रेट और जिला जज कंपाउंड के मुख्य द्वार तक पदयात्रा भी निकाली। इस दौरान अधिवक्ता जिला जज के खिलाफ नारेबाजी की। गुरुवार को आम सभा कर अधिवक्ताओं ने जिला जज के निलंबन, दोषी पुलिसकर्मियों पर एफआईआर और कार्रवाई के साथ ही एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग को लेकर आंदोलन को गंभीरता से जारी रखने का फैसला लिया था।

# लापरवाही पड़ रही है स्वास्थ्य पर भारी

**खोड़ा,** 29 नवम्बर (देशबन्धु)। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड राष्ट्रीय हरित अधिकरण व कई सरकारी मशीनरियों की सख्ती के बावजूद भी प्रदूषण पर नियंत्रण पाना मुश्किल ही नहीं असंभव लगता है। लोग सरकारी नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ा रहे है। जिम्मेदार कागजी खानापूर्ति कार्रवाई करके आंकड़ों की बाजीगरी में व्यस्त है। राष्ट्रीय हरित अधिकरण व सरकारी मशीनरियों के भरसक प्रयास भारी भरकम जुर्माने की कार्रवाई का असर निकाय क्षेत्र में नहीं दिखता है। जिले का वायु गुणवत्ता सूचकांक एक्यूआई तीन सौ से ऊपर पहुंच गया है। ग्रेप तीन और चार भी लागू हो गया। प्रतिबंध के बावजूद निकाय क्षेत्र में निर्माण कार्य खुले में धड़ाधड़ जारी है। भवनों के रिपेयरिंग की बात भूल जाइए यहां हर पांच सौ मीटर के अंतराल पर खुले में सौ दो सौ पांच सौ वर्ग पर भवन निर्माण खुले में होता हुआ देखने को मिल जाएगा। दिल्ली एनसीआर में यही तो एक विशाल कालोनी है जहां सारे नियम कानून को ताक पर रख कर कार्य किया जाता है। इस पर नियंत्रण के सारे नियम फ्लॉप शो या कागजी साबित होते है जिसकी वजह से सांस के रोगियों की तकलीफे बढ़ गई है।

ग्रेडेड रेस्पॉन्स एक्शन प्लान ग्रेप के तीसरे चरण की पाबंदी के बावजूद हवा जहरीली श्रेणी में पहुंच गई है। ग्रेप के मानकों के अनुसार रेड जोन में पहुंचने पर सड़को पर पानी का छिड़काव जरूरी होता है। खुले में रखी बदरपुर डस्ट आदि को प्रतिबंधित किया जाता है। खुले निर्माण को बंद करवा दिया जाता है। टूट फूट वाले भवनों के अंदर निर्माण की अनुमति नहीं होती है।

विपरीत निकाय क्षेत्र में खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है। बनाए जाने वाले मकानों को ढकने की बात छोड़ दीजिए यहां तो मकानों पर जाल के बिना ही रात दिन निर्माण जारी है। निकाय क्षेत्र के चारो तरफ सर्विस रोड पर ही खुले में रखकर निर्माण सामग्री का व्यापक स्तर पर कारोबार चल रहा है। सी सी सड़को पर धूल मिट्टी के गुब्बार उड़ रहे है। खुले में कूड़े को आग के हवाले कर देते है। नियमो के विपरीत बिना परवाह के निर्माण जारी है। और नपा द्वारा किए गए सभी उपाय फेल साबित नजर आते है। नपा के अधिकारियों का कहना है कि समय समय पर निर्माण टीम द्वारा बनने वाले भवनों की निगरानी की जाती है।

# नियमों के विपरीत अवैध निर्माण जारी

**खोड़ा,** 29 नवम्बर (देशबन्धु)। एक तरफ नगर पालिका परिषद के अधिकारी पिछले वर्ष निकाय क्षेत्र के तहत नपा बोर्ड के नियमो की धज्जियां उड़ाकर किए गए बेसमेंट और पांचवीं मंजिल पर अवैध निर्माण को हटाने का दावा कर रहे है वहीं सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा और अवैध निर्माण का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। अधिकारी कार्यालयों में बैठकर आंकड़ों की बाजीगरी के खेल में व्यस्त है वहीं सरकारी जमीनों को कब्जाने और अवैध निर्माण से जुड़े लोग मौका मिलते ही अपने कार्य को अंजाम दे रहे है। लोगो की शिकायतों को भी नजरअंदाज कर दिया जाता है। उसी का लाभ माफिया उठा रहे है। उल्लेखनीय है कि पिछले माह गुर्जर गेट पर पांचवीं मंजिल पर अवैध निर्माण को तोड़ने की कार्रवाई से लोगो में खलबली मची। चार दिन तक नपा द्वारा लेंटर तोड़ने के बाद यह कहकर अधूरा छोड़ दिया गया कि शटरिंग खुलने के बाद अवैध निर्माण तोड़ा जायेगा। भवन स्वामी द्वारा न शटरिंग खोली गई और न ही आगे कार्रवाई की गई। एक माह तक अवैध निर्माण पर आंशिक असर देखा गया।नपा के अधिकारियों द्वारा दावा किया गया कि त्यौहार की वजह से कारवाई स्थगित कर दी गई। उधर लोकप्रिय विहार स्थित एक दो भूखंडों पर नपा द्वारा जमीनों को चिह्नित करके नपा का बोर्ड भी लगाया गया। परंतु गत सप्ताह भी सरकारी जमीन पर निर्माण कर लिया गया। बीस दिन पहले वार्ड 18 के अंतर्गत पांचवीं मंजिल पर लेटर डाल दिया गया। बीस दिन से प्रकाश नगर सर्विस रोड पर दो सौ वर्ग गज जमीन पर बेसमेंट का निर्माण चल रहा है। नपा के अधिकारियों द्वारा अभी तक संज्ञान नहीं लिया गया। पिछले छह माह में निर्माण टीम से जुड़े कर्मचारियों की भवन स्वामियों की मिलीभगत की वजह से दो दर्जन से अधिक अवैध निर्माण कर लिया गया। प्रवासी सेवा ट्रस्ट के दयानंद मिश्र द्वारा न्यायालय में डाली गई जनहित याचिका में अगली सुनवाई आगामी दो दिसम्बर को है। फिर भी लोग अवैध निर्माण करने से नहीं चूक रहे है।

# फर्जी दस्तावेज के आधार पर दो महिलाओं ने किराए पर लिया घर

**नोएडा,** 29 नवम्बर (देशबन्धु)। दो महिलाओं ने अपनी नौकरी के बारे में गलत जानकारी देकर प्रॉपर्टी डीलर की सहायता से एक फ्लैट किराए पर लिया। पीड़ित के साथ धोखाधड़ी करके उन्हें किराया नहीं दिया। पीड़ित के अनुसार आरोपियों ने मेंटेनेंस का बिल भी जमा नहीं किया। थाना सेक्टर-126 पुलिस ने जांच के बाद एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। जेपी विशटाउन के कलिप्सो कोर्ट में रहने वाले भुवन साहू ने पुलिस को बताया कि 15 सितंबर 2023 को स्वास्तिका महाजन और मानसी महाजन ने उनसे प्रॉपर्टी डीलर के माध्यम से संपर्क किया। स्वास्तिका महाजन ने खुद को एक पेट्रोलियम कंपनी का एसोसिएट सीईओ और मानसी महाजन ने खुद को डायरेक्टर बताया। प्रॉपर्टी डीलर पंकज शर्मा और साकिर अली के माध्यम से उनसे संपर्क करके जेपी विशटाउन स्थित उनके फ्लैट को 62 हजार रुपये प्रतिमाह के हिसाब से किराए पर लिया। पीड़ित के अनुसार स्वास्तिका महाजन और मानसी महाजन ने किरायानामा साझा करते समय अपनी नौकरी के बारे में गलत जानकारी दी थी। वास्तव में दोनों काफी समय से बेरोजगार थीं तथा किराया देने में भी असमर्थ थीं। शिकायतकर्ता के अनुसार, स्वास्तिका महाजन ने दिसंबर 2022 से अपने पिछले मकान मालिक को भी किराया नहीं दिया था। जब पीड़ित ने पिछले मकान को खाली करने के बारे में पूछा तो उन्होंने तथ्यों को छुपाकर उनसे मकान किराए पर ले लिया। पीड़ित के अनुसार स्वास्तिका महाजन ने पुलिस सत्यापन में भी अपना पता गलत दिया। पीड़ित का आरोप है कि दोनों महिलाओं ने प्रॉपर्टी डीलरों के माध्यम से उनके फ्लैट धोखाधड़ी करके गलत दस्तावेज देकर किराए पर ले लिया तथा अब न उन्हें किराया दे रहे हैं और न ही उनके फ्लैट को खाली कर रहे हैं। एडीसीपी मनीष कुमार मिश्र ने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

# मुरादाबाद से जयपुर तस्करी कर ले जाए रहे 200 तोते पकड़े, एक तस्कर गिरफ्तार

**गाजियाबाद,** 29 नवम्बर (देशबन्धु)। थाना वेव सिटी पुलिस ने शुक्रवार की 200 तोतों के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। इन तोतों को बस में रखकर मुरादाबाद से जयपुर राजस्थान तस्करी कर के ले जाया जा रहा था। बस में सवार दो अन्य तस्कर बस की खिड़की से कूदकर फरार हो गए। इन तोतों को पिंजड़ों में ठूंस-ठूंसकर भरा गया था। एसीपी लिपि नगायच ने बताया कि पीपुल फ़ॉर एनिमल के एनिमल वेलफेयर ऑफिसर गौरव गुप्ता की सूचना पर वेव सिटी पुलिस ने आईएमएस कॉलेज के पास एक बस को रोककर जांच की। बस में हरे रंग के करीब 200 तोते पिंजरों में बंद बरामद किये गये। यह बस राजस्थान के जयपुर जा रही थी। पुलिस ने बस के परिचालक महावीर सिंह निवासी बड़ा गाँव कहार थाना मलारना डूंगर जिला सवाई



- दो तस्कर बस की खिड़की से कूदकर हुए फरार

माधोपुर राजस्थान को गिरफ्तार किया। आरोपी महावीर सिंह ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि इन तोतों को शकील खान निवासी अशोक मोहल्ला पूर्वी दिल्ली जाफराबाद तथा तौफीक खान निवासी सराय जहांगीर बिलासपुर गेट रामपुर के साथ षड्यंत्र करके राजस्थान ले जाया जा रहा था उसने पुलिस को बताया कि शकील और तौफीक बेसन की खिड़की से कूद कर फरार हो गए। तीनों आरोपियों के खिलाफ गौरव गुप्ता ने तोतों को घायल करने, वन्य जीव को बंदी बनाना व निर्दयतापूर्वक पिंजरों में ठूंस ठूंस कर भरने और बस से ले जाने रिपोर्ट दर्ज कराई है। महावीर ने पुलिस को बताया कि दिनांक 28 नवम्बर को वह अपनी बस में शकील खान व तौफीक खान द्वारा जनपद मुरादाबाद से करीब 200 तोते पिंजरों में बन्द कर लोड कराये गये । लालच में आकर मैं शकील खान एवं तौफीक खान उपरोक्त की बातों में आकर जनपद मुरादाबाद से जयपुर राजस्थान लेकर जा रहा था। तभी रास्तें में जनपद गाजिमानव श्रृंखला याबाद में पुलिस एवं एनजीओ की टीम द्वारा बस में तोते ले जाते समय मुझे पकड़ लिया।

# कबाड़ से जुगाड़ : म्यूजिकल थीम पर आधारित आकर्षण का केंद्र बना वेस्ट टू वंडर पार्क

**गाजियाबाद,** 29 नवम्बर (देशबन्धु)। कबाड़ से जुगाड़ (वेस्ट से बेस्ट) मुहिम के तहत यूजिकल थीम पर आधारित तैयार राजनगर सेक्टर 14 स्थित विश्वनाथ मंदिर वाले पार्क आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक ने पार्क का जायजा लिया। इस अवसर पर नगर आयुक्त ने कहा कि शहर के प्रमुख चौराहों का इस मुहिम के तहत सौन्दर्यीकरण किया जाएगा। प्रभारी उद्यान डॉक्टर अनुज ने बताया कि पांचो जोन में दो-दो पार्कों को चिन्हित भी किया गया है। सिटी जोन अंतर्गत मॉडल टाउन ईस्ट, लोहिया नगर लाल क्वार्टर वाला पार्क, कवि नगर जोन अंतर्गत डी ब्लॉक गोविंदपुरम, राज नगर सेक्टर-14



वाला पार्क, विजयनगर के अंतर्गत सेक्टर 9 ई ब्लॉक वाला पार्क, सेक्टर 9 के ब्लॉक वाला पार्क, वसुंधरा जोन अंतर्गत सूर्य नगर बी ब्लॉक नेहरू पार्क, कौशांबी स्थित सेंट्रल पार्क, मोहन नगर जोन अंतर्गत डीएलएफ कॉलोनी वाला पार्क राजेंद्र नगर स्थित राधेश्याम बड़ा पार्क का चयन किया गया है।

नगर आयुक्त ने शहर भ्रमण के दौरान गया पार्क का म्यूजिकल थीम



- नगर आयुक्त ने किया निरीक्षण, कहा प्रमुख चौराहों को भी बनाया जाएगा आकर्षक

पर आधारित सौंदर्यीकरण किया गया है।

ऐसी वस्तुएं जो अन उपयोगी हैं उनका इस्तेमाल करते हुए पार्क में डमरु, सितार, तबला व अन्य म्यूजिक इंस्ट्रूमेंट बनाए गए हैं। विश्वनाथ मंदिर



समीप होने पर पार्क को म्यूजिकल थीम दी गई है, पार्क में बैठने के स्थान को टायर से तैयार किया गया है तथा टूटे पाइप खराब बोतले का इस्तेमाल पार्क को सजाने के लिए किया गया है। खराब बाल्टी फटे हुए टायर का इस्तेमाल करते हुए कमल की फुल भी बनाए गए हैं। इसके अलावा अन्य अनुपयोगी वस्तुओं का इस्तेमाल करते हुए पार्क को सुविधाजनक तथा सुंदर बनाया गया है।

# बिना-हैजारडियस बीन की गाड़ी, नेचर ग्रीन पर 50 हजार का जुर्माना

**गाजियाबाद,** 29 नवम्बर (देशबन्धु)। गाजियाबाद नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने निरीक्षण के क्रम में मोहन नगर जोन का जायजा लिया। निरीक्षण के समय हिंडन एयर फोर्स पर नगर आयुक्त के सामने तेजी से दौड़ता हुआ डोर टू डोर पूरा कलेक्शन वहां आया जिस पर नगर आयुक्त ने खुद रोक कर चालक के कानों से ईयर फोन हटाए तथा गाड़ी में लगे हुए बीन के ढक्कन भी बंद कराए। इसके बाद नगर आयुक्त ने चालक को ट्रैफिक नियमों का पालन करते हुए बिना ईयर फोन लगाए गाड़ी चलाने के लिए निर्देश दिए गए साथ ही गाड़ी की टूटी हुई नंबर प्लेट देखकर नाराजगी जाहिर की गई। तथा गाड़ी के पीछे लगे हुए हैजारडियास बीन के न पाए जाने पर नेचर ग्रीन के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही के लिए विभाग को निर्देशित किया गया 50000 का जुर्माना लगाने के लिए भी कहा गया।




- डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन वाहन को ईयर फोन लगाकर चला रहा था चालक, नगर आयुक्त ने रोका

नगर आयुक्त ने नेचर ग्रीन को नोटिस जारी करने तथा कार्य में लापरवाही पाए जाने पर कड़ी चेतावनी देने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग को दिए, अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार मौके पर मौजूद रहे। जिनके द्वारा स्वास्थ्य विभाग को दो दिन के भीतर सभी गाड़ियों मे हैजारडियास बीन लगे हो सुनिश्चित करने के लिए निर्देश दिए।

उवाच "

ये मीटर बैटरी से चलेंगे। इसमें सिम कार्ड सेंसर लगा होगी, जिससे रियल टाइम डाटा प्राधिकरण को प्राप्त हो सकेगा, जिससे रियल टाइम मॉनिटरिंग हो सकेगी। इसे डीआरडीओ और आईआईटी चेन्नई ने मिलकर तैयार किया है। धारा नाम की कंपनी इसे लगा रही है। इससे पानी के खर्च के हिसाब से बिल भी प्राप्त हो सकेगा। इससे लोग पानी जरूरत के हिसाब से खर्च करेंगे। पानी की बर्बादी रुकेगी। अभी एरिया के हिसाब से पानी का बिल जमा होता है : आशुतोष द्विवेदी, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण एसीईओ।

# कैपिटल ज़ोन

## 'धारा' मीटर से पानी की बर्बादी पर लगेगी लगाम



- ग्रुप हाउसिंग सोसाइटियों में मीटर लगाने की तैयारी
- वेलेंसिया होम्स व अरिहंत सोसाइटी में ट्रायल शुरू

**ग्रेटर नोएडा,** 29 नवम्बर (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने ग्रुप हाउसिंग सोसाइटियों में पानी की बर्बादी रोकने के लिए अल्ट्रासोनिक वाटर मीटर लगाने का निर्णय लिया है। जल विभाग ने इस योजना पर काम भी शुरू कर दिया है। पायलट प्रोजेक्ट के रूप में ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सेक्टर-1 स्थित वेलेंसिया होम्स और सेक्टर 10 स्थित अरिहंत सोसाइटी में वाटर मीटर लगाया गया है। एक माह तक ट्रायल चलेगा। ट्रायल सफल रहने पर इसे अन्य सोसाइटियों में भी लगाया जाएगा।

गिरते भूजल स्तर को रोकने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण लगातार प्रयास कर रहा है। प्राधिकरण सिंचाई के लिए एसटीपी के पानी का इस्तेमाल कर रहा है। गंगाजल से पेयजल आपूर्ति की जा रही है। वहीं अब मीटर लगाकर पानी की बर्बादी रोकने के लिए कदम बढ़ाया है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने जल विभाग को निर्देश दिए हैं कि पानी की बचत के लिए सभी बल्क वाटर यूजर्स (ग्रुप हाउसिंग सोसाइटी) के यहां पानी के मीटर लगाने के निर्देश दिए हैं। ग्रेटर नोएडा में 300 से अधिक सोसाइटियां हैं। फिलहाल वेलेंसिया होम्स व अरिहंत सोसाइटी में यह अल्ट्रासोनिक वाटर मीटर गया है। एक महीने के परीक्षण के बाद इसे अन्य सोसायटियों में लगाने का निर्णय लिया जाएगा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ आशुतोष द्विवेदी ने बताया कि ये मीटर बैटरी से चलेंगे। इसमें सिम कार्ड सेंसर लगा होगी, जिससे रियल टाइम डाटा प्राधिकरण को प्राप्त हो सकेगा, जिससे रियल टाइम मॉनिटरिंग हो सकेगी। इसे डीआरडीओ और आईआईटी चेन्नई ने मिलकर तैयार किया है। धारा नाम की कंपनी इसे लगा रही है। इससे पानी के खर्च के हिसाब से बिल भी प्राप्त हो सकेगा। इससे लोग पानी जरूरत के हिसाब से खर्च करेंगे। पानी की बर्बादी रुकेगी। अभी एरिया के हिसाब से पानी का बिल जमा होता है। इससे पहले भी वाटर मीटर लगाने का प्लान बना, लेकिन मीटर को बिजली कहां से मिलेगी, यह परेशानी सामने आ रही थी। वहीं, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने ग्रेटर नोएडावासियों से पानी की बचत करने की अपील की है।

## फिल्म सिटी बनने से पहले जेवर में बॉलीवुड के लोगों का आना शुरू

- 'घोड़ी पे चढ़कर आना' फिल्म की ऑडिशन के लिए जेवर पहुंचे कलाकार
- हास्य अभिनेता राजपाल यादव ने जेवर में बिखेरा अपना जलवा





**ग्रेटर नोएडा,** 29 नवम्बर (देशबन्धु)। यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र में प्रस्तावित फिल्म सिटी का शिलान्यास नए वर्ष में शुरू होने जा रहा है, लेकिन यहां फिल्म सिटी की स्थापना से पूर्व ही फिल्म कलाकार अपना जलवा दिखाने के लिए तैयार हैं। शुक्रवार को जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने फिल्म निर्माता निर्देशक कैलाश मासूम के साथ हिंदी फिल्म 'घोड़ी पे चढ़कर आना' की शूटिंग का शुभारंभ किया। इस मौके पर जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह के साथ भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सुधीर त्यागी, ग्रेटर नोएडा जोन के सहायक पुलिस आयुक्त चतुर्थ (एसीपी) सार्थक सेंगर, कोतवाली प्रभारी जेवर संजय कुमार सिंह के साथ-साथ मुरलीधर शर्मा, हरिदत्त शर्मा, दिनेश शर्मा आदि अनेकों ग्रामवासी भी मौजूद रहे। जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने फिल्म की शूटिंग के सभी कलाकारों को स्वागत करते हुए कहा कि 'जेवर फिल्म सिटी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का ड्रीम प्रोजेक्ट है। फिल्म सिटी का शुभारंभ शीघ्र होने जा रहा है। फिल्म सिटी की स्थापना के बाद यहां के नौजवानों को अपना हुनर दिखाने के लिए एक बेहतरीन प्लेटफार्म मिलेगा। यह फिल्म सिटी देश की बेहतरीन फिल्म सिटी होने के साथ ही औद्योगिक और पर्यटन के विकास को नई दिशा प्रदान करने वाली भी होगी।

## ग्रेनो वेस्ट में एसटीपी के निर्माण के लिए कंपनी की तलाश

- सेक्टर-1 में 45 एमएलडी क्षमता के इस एसटीपी पर 80 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे
- अगले 25 सालों की योजना के तहत मूलभूत सुविधाएं बढ़ाने पर दिया जा रहा जोर

**ग्रेटर नोएडा,** 29 नवम्बर (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सेक्टर-1 में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) के निर्माण के लिए विशेषज्ञ कंपनी की तलाश शुरू कर दी गई है। इच्छुक कंपनियां चार दिसम्बर तक आवेदन कर सकती हैं। आईआईटी रुड़की की जांच के बाद निविदा जारी कर दी गई है। इसके निर्माण पर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण लगभग 80 करोड़ रुपए खर्च करेगा। इसकी क्षमता 45 एमएडी होगी। इससे शहर को स्वच्छ बनाने में मदद मिलेगी। अभी ग्रेटर नोएडा में एसटीपी नहीं है। घरों व फैक्ट्रीयों से निकलने वाले दूषित जल को शोधित कर नालों में छोड़ा जाए। इसको लेकर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) द्वारा बार- बार दिशा निर्देश दिए जा रहे हैं। इसके साथ ही प्राधिकरण भी पर्यावरण संरक्षण को लेकर गंभीर है। फिलहाल तीन एसटीपी के निर्माण की कार्ययोजना बनाई गई है। इसके लिए ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सेक्टर-1 में 45 एमएलडी क्षमता के एसटीपी के लिए जगह चिन्हित कर ली गई है। इसका निर्माण जल्द से जल्द शुरू कराने के लिए विशेषज्ञ कंपनी की तलाश की जा रही है। चयनित कंपनी 10 साल तक संचालन और रखरखाव की जिम्मेदारी भी संभालेगी। प्राधिकरण अधिकारी के मुताबिक द्वारा सभी एसटीपी अत्याधुनिक तकनीक सिक्वेंशियल बैच रिएक्टर (एसबीआर) से युक्त होंगे। इससे सीवेज के संशोधन में पर्यावरण को किसी तरह से नुकसान नहीं पहुंचेगा। प्राधिकरण के सीईओ रवि कुमार एनजी का कहना है कि अगले 25 साल की योजना के तहत सभी मूलभूत सुविधाएं बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। इनमें से एक महत्वपूर्ण बिंदु स्वच्छता का भी है। योजना के मुताबिक घरों व फैक्ट्रीयों से निकलने वाले दूषित जल का शत- प्रतिशत शोधन किया जाना है। इससे संबंध में एनजीटी द्वारा दिशा निर्देश दिए गए हैं। बता दें कि मौजूद समय में ग्रेटर नोएडा में 4 एसटीपी चालू स्थिति में हैं, भविष्य में इनकी संख्या 10 से अधिक की जाएगी।

घरों व फैक्ट्रीयों से निकलने वाले गंदे पानी को शोधित करने के लिए ग्रेटर नोएडा वेस्ट में 45 एमएलडी क्षमता का एसटीपी विकसित किए जाने के लिए विशेषज्ञ कंपनी की तलाश की जा रही है। आईआईटी की जांच के बाद निविदा जारी कर दी गई है। जल्द ही कंपनी का चयन कर निर्माण शुरू करा दिया जाएगा : आशुतोष कुमार द्विवेदी, एसीईओ ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण।

### पार्कों की सिंचाई में इस्तेमाल किया जाएगा

सीवर के शोधित पानी का इस्तेमाल पार्कों व हरित क्षेत्र (ग्रीन बेल्ट) की सिंचाई में किया जाएगा। इसके लिए अलग से लाइन बिछाई जा रही है। सीवर को शोधित कर फैक्ट्रीयों को भी बेचा जा रहा है।

## एसीईओ ने सेक्टर अल्फा एक में चौपाल लगाकर सुनीं समस्याएं



**ग्रेटर नोएडा,** 29 नवम्बर (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ प्रेरणा सिंह ने ओएसडी अभिषेक पाठक के साथ शुक्रवार को सेक्टर अल्फा वन में चौपाल लगाकर सेक्टरवासियों की समस्याएं सुनीं। निवासियों ने बताया कि सेक्टर में नालियां काफी पुरानी हो चुकी हैं। कई जगह क्षतिग्रस्त हो गई हैं उनको दुरुस्त कराया जाए। एसीईओ ने संबंधित वर्क सर्कल को नालियां रिपेयर करने की निर्देश दिए। अल्फा कामर्शियल बेल्ट में सड़कें रिपेयर करने की मांग भी सेक्टरवासियों ने उठाई। एसीईओ बताया कि रोड रिपेयर करने के लिए टेंडर प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने परियोजना विभाग को सड़कें शीघ्र रिपेयर कराने और पार्किंग को व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। सेक्टर में चल रहे पीजी से निकलने वाले कूड़े को व्यवस्थित तरीके से निस्तारित करने की मांग भी सेक्टरवासियों ने उठाई। एसीईओ ने स्वास्थ्य विभाग से इस समस्या को हल कराने की निर्देश दिए। उन्होंने कूड़ा उठाने वाली गाड़ी के आने का समय सभी सेक्टरवासियों को बताने के निर्देश दिए। पेड़ों की छंटाई की मांग भी सेक्टर वासियों ने उठाई। एसीईओ ने उद्यान विभाग को पेड़ों की छंटाई शीघ्र करने के निर्देश दिए। सेक्टरवासियों की मांग पर एसीईओ ने अशोक वाटिका पार्क के पास टॉयलेट बनाने के लिए जगह चिन्हित कराने की बात कही। सेक्टरवासियों ने सेक्टर की सभी स्ट्रीट लाइट जलने, पार्कों के रखरखाव और जलापूर्ति पर संतोष जाहिर किया। इस दौरान ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की वरिष्ठ प्रबंधक विनोद शर्मा व मनोज सचान, आरडब्ल्यूए के पदाधिकारीगण और सेक्टर के निवासी मौजूद रहे।

## यमुना प्राधिकरण पर महापड़ाव के दूसरे दिन महिलाओं ने संभाली कमान

### मांग पूरी न होने पर किसान 2 दिसम्बर को करेंगे दिल्ली कूच





**ग्रेटर नोएडा,** 29 नवम्बर (देशबन्धु)। संयुक्त किसान मोर्चा ने शुक्रवार को दूसरे दिन यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण कार्यालय के बाहर महापड़ाव जारी रखा। दूसरे दिन महापड़ाव की कमान महिलाओं ने संभाली। घोषणा के अनुसार मंच और माइक आज महिलाओं के हवाले रहा। मांगों को लेकर किसानों ने 25 से 27 दिसम्बर तक ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर महापड़ाव कर धरना प्रदर्शन किया था। गुरुवार को ग्रेटर नोएडा से किसानों ने लग्जरी और ट्रैक्टर ट्राली गाड़ियों के साथ पैदल मार्च कर यमुना प्राधिकरण कार्यालय पहुंच कर दिन रात महापड़ाव शुरू किया था। शुक्रवार को महाड़ाव की अध्यक्षता तिलक देवी एवं संचालन रईसा बेगम ने किया जेएनयू से संस्कृति कर्मी कामरेड कोमिता के नेतृत्व में गीतों की प्रस्तुति दी गई। बोल किसान हल्ला बोल जैसे गीत गाए गाए। महिलाओं ने चुनौती देते हुए कहा कि 10 फीसदी भूखंड नहीं तो घर वापसी नहीं, 2 दिसम्बर को दिल्ली कूच होगा। लड़ाई आर पार की है जीत कर ही दम लेंगे, किसान मोर्चा ने संकल्प लिया है कि लड़ाई निर्णायक है सरकार को मांगे माननी पड़ेंगी। किसान मोर्चा के नेताओं ने बयान जारी करते हुए कहा कि सरकार के पास एक दिसम्बर तक का वक्त है। 1 दिसम्बर तक सरकार इस मामले में किसानों के पक्ष में फैसला ले अन्यथा किसानों का आंदोलन उग्र हो सकता है।

## ताला तोड़कर नगदी व लाखों के आभूषण हुए चोरी

**दनकौर,** 29 नवम्बर (देशबन्धु)। दनकौर कस्बे में एक मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने कैश और लाखों रुपए के आभूषण चोरी कर लिए। घटना के वक्त पीड़ित परिवार कहीं बाहर गया हुआ था। मामले की जानकारी होने पर इस संबंध में पीड़ित पक्ष में शुक्रवार को कोतवाली पहुंचकर अज्ञात चोरों के खिलाफ शिकायत की है। कस्बे के पीरवाला मोहल्ला निवासी कुमकुम ने कोतवाली पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि वह कई दिन पहले अपने मायके गई हुई थी। जिसके चलते घर पर कोई नहीं था। पीड़ित का कहना है कि शुक्रवार की दोपहर बाद जब वह घर पहुंची तो देखा कि उनका मकान का ताला टूटा हुआ था। जिसके अंदर से 2 हजार रुपए का कैश और लाखों रुपए के सोने चांदी के आभूषण भी गायब थे। पीड़ित का कहना है कि चोरों ने छत के रास्ते पहुंच कर घटना को अंजाम दिया है। पीड़ित ने मामले की जानकारी होने पर कोतवाली पहुंचकर इस संबंध में शिकायत की है। कस्बे के लोगों का कहना है कि कई महीने पहले भी चोरी की घटनाएं हो चुकी है। लेकिन पुलिस आज तक ऐसे गिरोह के किसी भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर पाई है। जिसके चलते ही ताबड़तोड़ चोरी की घटनाएं कस्बे में पिछले कई महीने में हुई है। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह का कहना है कि पीड़ित महिला की शिकायत ले ली गई है। जिसके आधार पर मामले में जांच कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## सोसायटी के बालकनी से गिरकर चौदह वर्ष के बच्चे की मौत

**ग्रेटर नोएडा,** 29 नवम्बर (देशबन्धु)। बिसरख कोतवाली क्षेत्र स्थित पैरामाउंट ईमोशन्स सोसायटी में शुक्रवार को दर्दनाक हादसा हुआ। बालकनी में खेलते दौरान 14 वर्ष का बच्चा नीचे गिर गया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद सोसायटी के लोगों में शोक की लहर है। हादसे ने सभी को झकझोर कर रख दिया है। पैरामाउंट ईमोशन्स सोसायटी में 14 वर्ष का प्रांशु अपने परिवार के साथ रहता था। शुक्रवार दोपहर वह फ्लैट की बालकनी में खेल रहा था। फ्लैट ऊंचाई पर था। तभी बालकनी से वह नीचे भूतल पर आ गिरा, उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद घर में कोहराम मच गया। आननफानन में लोगों ने बच्चे को अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। ग्रेटर नोएडा वेस्ट में पूर्व में भी ऐसी घटनाएं सामने आ चुकी है। करीब डेढ़ साल पहले गौर सौंदर्यम सोसायटी में बालकनी से गिरकर एक छात्र की मौत हो गई थी।




## रोटरी क्लब के साथ मिलकर बच्चों ने चलाया यातायात जागरूकता अभियान

**ग्रेटर नोएडा,** 29 नवम्बर (देशबन्धु)। रोटरी क्लब ग्रीन ग्रेटर नोएडा ने इंटरेक्ट क्लब ने प्रज्ञान स्कूल के बच्चों के साथ यातायात जागरुकता अभियान चलाया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान सरदार मंजीत सिंह ने बताया कि नवम्बर माह को ट्रैफिक पुलिस द्वारा यातायात माह के रूप में मनाया जाता है। रोटरी क्लब द्वारा ट्रैफिक पुलिस के द्वारा चलाये जा रहे अभियान के तहत लोगों को पम्पलेट व गुलाब का फूल भेंट कर जागरुक किया। क्लब के अध्यक्ष शैलेश वार्ष्णेय ने बताया कि जगत फार्म से नॉलेज पार्क की और जा रहे रास्ते पर बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट व दोपहिया वाहन पर तीन लोग बैठे हुए लोगों को रोककर पम्पलेट व फूल देकर जागरुक किया। उन्होंने बताया कि अभियान में पुलिस प्रशासन से एसीपी पवन कुमार व ट्रैफिक इंस्पेक्टर प्रफुल्ल श्रीवास्तव भी मौजूद रहे। अभियान में एमपी सिंह, सौरभ बंसल, निखिल गर्ग, अमित राठी, अमित गोयल, मनीष डावर, गुरुचरण सिंह, रंजीत सिंह मौजूद रहे।



## जरुरतमंदों की मदद के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन



**ग्रेटर नोएडा,** 29 नवम्बर (देशबन्धु)। राम-ईश इंस्टीट्यूट ने इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी, उत्तर प्रदेश शाखा के सहयोग से एक रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर में संस्थान के फार्मेसी, इंजीनियरिंग और स्कूल विभागों के 100 से अधिक विद्यार्थियों, शिक्षकों तथा स्टाफमेंबर्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और रक्तदान किया। रक्तदाताओं को प्रशंसा प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। यह शिविर संस्थान की प्रबंध निदेशक प्रतिभा शर्मा, प्रधानाचार्या प्रो. (डॉ.) पल्लवी मनीष लव्हाले और कैंप इंचार्ज डॉ मंजू बरुआ के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। विभागाध्यक्ष डॉ. संदीप कुमार बंसल, कैंप कोर्डिनेटर विकास, कार्यक्रम संयोजक, शिखा शुक्ला, डॉ. ऋचा तिवारी और स्वयंसेवी छात्रों ने इस रक्तदान शिविर के आयोजन में सक्रिय योगदान दिया। शिविर का उद्देश्य समाज में रक्तदान के महत्व को जागरूक करना और जरूरतमंदों की मदद करना था।

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

## शिक्षा सदैव पढ़ाती है नैतिकता का पाठ, नई तकनीक से पूरी दुनिया को मिलेगी नई गति : योगेन्द्र उपाध्याय



- 12वें अंतरराष्ट्रीय पुस्तकालय और सूचना सम्मेलन का गलगोटिया विवि में हुआ शुभारम्भ
- मुख्य अतिथि योगेन्द्र उपाध्याय उच्च शिक्षा मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार हुए शामिल

**ग्रेटर नोएडा,** 29 नवम्बर (देशबन्धु)। बारहवें अंतरराष्ट्रीय पुस्तकालय और सूचना सम्मेलन का तीन दिवसीय का आयोजन शुक्रवार को गलगोटिया विश्वविद्यालय में किया गया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि योगेन्द्र उपाध्याय उच्च शिक्षा मंत्री उ.प्र. सरकार ने अपने सम्बोधन में कहा कि शिक्षा सदैव नैतिकता का पाठ पढ़ाती है। वो ज्ञान और विज्ञान के बारे में बताती है। वो ज्ञान और विज्ञान के बारे में बताती है। शिक्षा का मूल आधार हमें अच्छे संस्कार देना है। तकनीकी रूप से हमारे ज्ञान को सुदृढ़ करना है। जीवन में ये बात याद रखना कि कठोर परिश्रम से, चिंतन से, मनन से सदैव अमृत निकलता है। उन्होंने कहा कि आज गलगोटियाज विश्वविद्यालय के सुन्दर इन्फ्रास्ट्रक्चर, स्मार्ट क्लास रूम, साफ सफाई और स्वच्छता और अनेक विभागों की लैबोरेटरियों की कार्यप्रणाली की बहुत बहुत प्रशंसा करते हुए कहा कि यहां पर विद्यार्थियों को अपने जीवन के चहुंमुखी विकास करने का अच्छा अवसर है। इस सम्मेलन में देश विदेश से 300 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। जिसमें फ्रॉस, जर्मनी, लन्दन, फिलीपींस, इन्डोनेसिया, थाईलैंड, बांगला देश आदि जैसे महत्वपूर्ण देशों के प्रतिनिधि सम्मिलित हैं। इस सम्मेलन में 84 शोध पत्र भी प्रस्तुत किए जाएंगे। आयोजन गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के सहयोग और राजा राममोहन राय पुस्तकालय फाउंडेशन, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से गलगोटियाज विश्वविद्यालय में किया जा रहा है। गलगोटिया विश्वविद्यालय के चांसलर सुनील गलगोटिया ने अपने वक्तव्य में कहा कि शिक्षा प्रणाली का एक प्रमुख हिस्सा होने के नाते, पुस्तकालय को किसी भी संस्थान का हृदय कहा जाता है। यह सम्मेलन भारत के प्रधानमंत्री द्वारा शुरू की गई मेक इन इंडिया और डिजिटल इंडिया परियोजनाओं के दृष्टिकोण और मिशन का समर्थन करेगा। सम्मेलन के दौरान पुस्तकालय सेवाओं में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स, ब्लॉकचेन तकनीक, इंटरनेट ऑफथिंग्स अनुप्रयोग, बिग डेटा एनालिटिक्स, नवाचार और ज्ञान प्रबंधन, शोध डेटा प्रबंधन आदि के उपयोग पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। इस अवसर पर विवि के सीईओ ध्रुव गलगोटिया, कुलपति डॉ. के. मल्लिकार्जुन बाबू, प्रो कुलपति डॉ. अवधेश कुमार आदि लोग मौजूद रहे।


## बीकेयू लोकशक्ति का स्थापना दिवस आयोजित



मुख्यमंत्री के नाम विधायक को सौंपा ज्ञापन

**जेवर,** 29 नवम्बर (देशबन्धु)। भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति के कार्यकर्ताओं द्वारा शुक्रवार को यमुना एक्सप्रेस वे के साबौता अंडर पास पर संगठन का 7वां स्थापना दिवस मनाया। इस मौके पर किसानों की समस्याओं के समाधान की मांग करते हुए मुख्यमंत्री को संबोधित 13 सूत्रीय ज्ञापन विधायक व एडीसीपी को सौंपा। भाकियू लोकशक्ति के तहसील मीडिया प्रभारी प्रमोद शर्मा ने बताया कि संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मास्टर श्यौराज सिंह के नेतृत्व में आयोजित सातवें स्थापना दिवस के मौके किसानों की क्षेत्रीय समस्याओं पर चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं ने मांग करते हुए कहा कि यमुना विकास प्राधिकरण क्षेत्र में अधिसूचित सभी जिलों में किसानों को पुश्तैनी माना जाए, एयरपोर्ट से प्रभावित किसानों के लिए प्राधिकरण द्वारा आवासीय व कामर्शियल योजना का लाभ दिया जाए, करे, एयरपोर्ट के लिए अधिग्रहण होने वाली भूमि का मुआवजा बढ़ाने तथा जिले के तीनों प्राधिकरण की मुआवजा राशि सामान किये जाने, अधिग्रहण से प्रभावित किसानों को 10 प्रतिशत आवासीय भूखंड देने, प्लॉट देने की व्यवस्था भी की जाए ि कार्यकर्ताओ ने मुख्यमंत्री को संबोधित 13सूत्रीय ज्ञापन विधायक धीरेन्द्र सिंह व एडीसीपी अशोक कुमार को सौंपकर समस्याओं के समाधान की मांग की।

## भीकनपुर गोली कांड : भीम आर्मी नेता आने की सूचना से तनावपूर्ण माहौल



**रबूपुरा,** 29 नवम्बर (देशबन्धु)। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत विगत 15 नवम्बर को गांव भीकनपुर में पथराव व फायरिंग के दौरान हुई दलित युवक की हत्या का मामला तूल पकड़े हुए है। भीम आर्मी प्रमुख चंद्रशेखर के गांव आकर दलितों को भड़काने के बाद मामला बहुत गर्मा गया था तथा उधर स्वर्ण समाज के लोगों ने भी महापंचायत का आयोजन कर चुनौती दी थी। प्रशासनिक अधिकारियों की सूझ बूझ से स्थिति संभाल ली गई लेकिन भीम आर्मी के कुछ नेताओं द्वारा शुक्रवार को भीकनपुर पहुंचने के ऐलान ने फिर चिंगारी को हवा दे डाली। उधर स्वर्ण समाज व राजनीतिक संगठन के लोगों द्वारा उनका विरोध करने की चेतावनी ने प्रशासन में हड़कंप मचा दिया। आनन फानन में कई संगठन नेताओं को हाउस अरेस्ट कर लिया गया तथा देखते ही देखते क्षेत्र छावनी में तब्दील हो गया। शाम को किसी के नहीं पहुंचने पर अधिकारियों ने राहत की सांस ली। प्रशासन ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने व शांति व्यवस्था बनाये रखने की अपील की है। भाकियू महासभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष गीता भाटी ने बताया कि शुक्रवार को भीम आर्मी के अमित गौतम व कई अन्य नेताओं के भीकनपुर गांव आने की सूचना मिली। ये लोग बार बार यहां आने का प्रयास कर तथा लोगों को। भड़का कर स्थानीय माहौल को खराब करने का प्रयास कर रहे हैं। जिसकी सूचना से प्रशासन में हड़कंप मच गया और आलाधिकारियों ने मोर्चा संभालते हुए तत्वरित कार्रवाई कर गीता भाटी, श्रीराम परशुराम जनजागृति दल के अध्यक्ष रविन्द्र भाटी, भूमिपुत्र के राष्ट्रीय अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह आदि कई नेताओं को हाउस अरेस्ट कर लिया गया तथा भीकनपुर के आस पास के इलाके में भारी संख्या में पीएसी व पुलिस बल तैनात किया गया। हालांकि बताया जाता है भीम आर्मी के नेताओं को जनपद में पहुंचने से पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया था। लोगों का आरोप है भीम आर्मी के लोग आपसी सौहार्द को समाप्त कर बार बार माहौल बिगाड़ने का प्रयास कर रहे हैं जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उधर प्रशासनिक अधिकारियों का दावा है कि स्थिति सामान्य है तथा किसी के भी द्वारा माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया जाता है तो कार्रवाई की जाएगी।

# अभिमत

*जंगल की अच्छे से रखवाली की जाए, और उसे विश्राम दिया जाए तो कुछ ही सालों में नया जंगल हरा-भरा हो जाता है। उसमें कुछ भी करने की जरूरत नहीं है, सिर्फ रखवाली करनी जरुरी है। जो जगह खाली है, या वहां के पौधे छोटे हैं, वहां नए पौधे आ जाते हैं और छोटे पौधों को भी बढ़ने का मौका मिलता है। इस लिहाज से जंगल की रखवाली बहुत ही महत्वपूर्ण है। इस कारण जंगल में विविधता तो देखी जाती है, तरह-तरह के पक्षियों का भी बसेरा होता है।*

## प्रकृति से जुड़ा है कमारों का जीवन

नवाचार

■ बाबा मायाराम

छत्तीसगढ़ में गरियाबंद जिले में कमार आदिवासियों की आबादी है। कमार, विशेष पिछड़ी जनजाति समूह (पीवीटीजी) के अंतर्गत आते हैं। ये आदिम जनजातियों में से एक हैं। इनकी पारंपरिक जीवनशैली प्रकृति के करीब है। कमारों की आजीविका बांस के बर्तन बनाकर बेचने और जंगल से भी जुड़ी से है। हाल के कुछ वर्षों से कमार खेती की ओर भी मुड़े हैं। इस कॉलम में सुदूर जंगल के गांवों में कमार आदिवासियों के जीवन में झांकने की कोशिश है, जिससे उनका प्रकृति से जुड़ाव को समझा जा सके।

मैंने हाल ही में इस इलाके का दौरा किया था। मुझे प्रेरक स्वयंसेवी संस्था के कोमलराम साहू ने गरियाबंद के कुछ गांव के लोगों से मिलवाया था और जंगल दिखाया था। जंगल में हवा की खुशबू थी। गर्म लू के थपेड़ों की बजाय हवा में कुछ नमी थी। एक ओर चिड़ियों की आवाज आ रही थी और दूसरी ओर पैरी नदी कल-कल बह रही थी, उसकी आवाज आ रही थी। हवा की ताजगी, पेड़ों की चमकीली पत्तियां, कीट-पतंगों की भिनभिनाहट और पानी की झिलमिलाहट मुझे खींच रही थी।

यह बहुत ही खूबसूरत इलाका है। यहां राजिम में त्रिवेणी संगम है। जलप्रपात और जतमई माता का मंदिर है। महानदी और पैरी नदी है। इसी प्रकार, यहां सांस्कृतिक विविधता भी देखने को मिलती है।

राजिम स्थित प्रेरक स्वयंसेवी संस्था इस इलाके में लंबे समय से काम कर रही है। देसी बीजों की जैविक खेती, शिक्षा, बुजुर्गों के लिए आश्रम, मानसिक स्वास्थ्य की समस्या से ग्रस्त युवाओं के लिए केन्द्र इत्यादि। पिछले कुछ वर्षों से वन अधिकार कानून के तहत सामुदायिक वनाधिकार के लिए लोगों को जागरूक करने से लेकर वन प्रबंधन, पौधारोपण, जल संरक्षण कई कामों में संस्था सहयोग कर रही है।

यहां के आमझर गांव के ग्रामीण बताते हैं कि वैसे तो हम जंगल की रखवाली व देखभाल लम्बे समय से करते आ रहे हैं, पर इसे व्यवस्थित रूप से दो-तीन सालों से कर रहे हैं। जब से वन अधिकार कानून के तहत् वन संसाधन का अधिकार मिला है, उसके बाद वन प्रबंधन समिति का गठन किया गया है।

गांव की महिलाओं ने बताया कि बांस से खुमरी, मोरा, टुकना, झिंझरी, सूप, चांप, झाड़ू और चटाई बनाते हैं, जिन्हें बेचकर पेट पालते हैं। जंगल से बहुत सारी खान-पान की चीजें मिलती हैं, जैसे फल, फूल, हरी पत्तेदार भाजियां इत्यादि। फुटू (मशरूम) भी कई तरह के मिलते हैं, जैसे भिमोरी फुटू, भदेली फुटू, पैरा फुटू इत्यादि।

इसी प्रकार, कई प्रकार की भाजियां मिलती हैं- जैसे चरौटा भाजी, अमटी भाजी, कोलियारी भाजी इत्यादि। फलों में तेंदू, चार, आम, कुसुम, मोकाई और भिलवां मिलते हैं।

ग्रामीण बताते हैं कि इस गांव के जंगल में पिछले साल आग नहीं लगी, क्योंकि गांव के लोग बारी-बारी से इसकी रखवाली करते हैं। जबकि आसपड़ोस के जंगल में आग लगी है, उनके जंगल में नहीं लगी। जंगल में आग लगना आम बात है। इसका मुख्य कारण महुआ संग्रह के लिए पेड़ के नीचे कचरा व पत्तों में आग लगना है। इसके कारण आग फैल जाती है। चरवाहे व राहगीरों के माध्यम से आग लग जाती है। जंगल में आग की वजह से छोटी-मोटी झाड़ियां, फलदार पेड़ और कंद-मूल इत्यादि जलकर नष्ट हो जाते हैं।

वे आगे बताते हैं कि महुआ बीनने से पहले गांव में बैठक हुई थी, उसमें तय हुआ कि कुछ जगह छोड़कर आग लगाएं। इसके लिए पतझड़ में जो पत्ते झड़ते हैं, उन्हें अलग करके रखते हैं, जिससे आग न लगे। इसके साथ ही, जंगल की सीमा में एक गड्ढा बनाया गया है, ताकि आग से जंगल को बचाया जा सके। आग से जलने वाली चीजों के इस्तेमाल पर रोक लगाई है।

वे बतलाते हैं कि वे सुबह से शाम तक जंगल की रखवाली करते हैं। अगर कोई व्यक्ति जंगल में मिलता है तो उसे हिदायत देते हैं कि जंगल में आग मत लगाना। जंगल में आग लगने से खेतों की नमी खत्म हो जाती है। इतना ही नहीं, तरह-तरह के कीट-पतंगें, सांप, मेढ़क और पक्षी, यह सब भी इस आग से जलकर मर जाते हैं। इनमें से कई खेती में उपयोगी हैं।

गांव की वन प्रबंधन समिति ने जंगल की सुरक्षा के लिए नियमावली बनाई गई है, जिससे जंगल को किसी प्रकार नुकसान न हो, यह सुनिश्चित किया जा रहा है। गीली लकड़ी न काटें। अगर गांव के बाहर से कोई व्यक्ति जंगल आता है तो उसे लकड़ी ले जाने के लिए मना करते हैं। बकरी व मवेशियों को भी जंगल में ले जाने से मना करते हैं, जिससे छोटे पौधों को नुकसान न हो।

इसी वर्ष राजस्थान के भेड़ चराने वालों को गांववालों ने जंगल में भेड़ चराने से रोका था, क्योंकि छोटे पौधों को इससे नुकसान होता है। गांव के मवेशियों के लिए एक ही जगह चराई हो, जिससे छोटे पेड़ पौधों को नुकसान न हो। इसके साथ ही दुर्लभ प्रजाति के पेड़ों को काटने पर रोक है।

वे आगे बताते हैं जलाने के लिए सूखी लकड़ी ही लाएंगे, जहां जंगल में पेड़ कम हैं, वहां पौधारोपण करेंगे, जंगल की कटाई नहीं हो, वनोपज सबको मिले, यह सुनिश्चित करेंगे, मशरूम के लिए किसी के लिए रोक-टोक नहीं है। अगर किसी व्यक्ति को नया मकान बनाना है या मरम्मत करना है तो लकड़ी के लिए ग्रामसभा की अनुमति लेनी होगी।

एक ग्रामीण ने बताया कि यहां घने जंगल होने के कारण जमीन में नमी होती है जो खेती के लिए बहुत अच्छी होती है। पेड़ की शाखाएं जैसे- कर्रा, हर्रा, तेंदू और चार से पानी होकर खेतों में जाता है, वह मिट्टी को बहुत उपजाऊ बनाता है। जंगली चूहा खेतों में बिल बनाकर रहता था, जिससे खेतों की जुताई हो जाती थी, चिड़िया भी कीटनाशक का काम करती हैं, इनके कम होने से फसलों में कीट ज्यादा लगते हैं।

गांव वालों ने बताया कि अगर जंगल की अच्छे से रखवाली की जाए, और उसे विश्राम दिया जाए तो कुछ ही सालों में नया जंगल हरा-भरा हो जाता है। उसमें कुछ भी करने की जरूरत नहीं है, सिर्फ रखवाली करनी जरुरी है। जो जगह खाली है, या वहां के पौधे छोटे हैं, वहां नए पौधे आ जाते हैं और छोटे पौधों को भी बढ़ने का मौका मिलता है। इस लिहाज से जंगल की रखवाली बहुत ही महत्वपूर्ण है। इस कारण जंगल में विविधता तो देखी जाती है, तरह-तरह के पक्षियों का भी बसेरा होता है।

कुल मिलाकर, यहां के ग्रामीण अपने गांव के आसपास का जंगल, चारागाह, वन, जलस्रोत सुधार कर गांव के दीर्घकालीन विकास व गांव के पर्यावरण की रक्षा की संभावनाओं को निरंतर बढ़ा रहे हैं। कमार आदिवासियों का आत्मविश्वास बढ़ रहा है।

जलवायु बदलाव के दौर में जल संरक्षण व हरियाली का बने रहना, गांव में दो सबसे बड़ी ज़रूरतें हैं, वनों की रक्षा से दोनों काम हो रहे हैं, जंगल होगा तो पानी व मिट्टी का भी संरक्षण होगा। हमें वन खाद्य, चारे, वन, मिट्टी संरक्षण के साथ स्थानीय वृक्षों को महत्व देना चाहिए। इस गांव के लोगों ने यह काम कर दिखाया है, जो सराहनीय होने के साथ अनुकरणीय भी है।

**जलवायु बदलाव के दौर में जल संरक्षण व हरियाली का बने रहना, गांव में दो सबसे बड़ी ज़रूरतें हैं, वनों की रक्षा से दोनों काम हो रहे हैं, जंगल होगा तो पानी व मिट्टी का भी संरक्षण होगा। हमें वन खाद्य, चारे, वन, मिट्टी संरक्षण के साथ स्थानीय वृक्षों को महत्व देना चाहिए। इस गांव के लोगों ने यह काम कर दिखाया है, जो सराहनीय होने के साथ अनुकरणीय भी है।**

## बीता सप्ताह

**23 नवंबर**
- बस्तर छत्तीसगढ़ के सुकमा ग्राम में जवानों और नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में 10 नक्सली मारे गए।
- सेनेगल के चुनाव में सत्तारूढ़ पार्टी 'पास्तेफ' को तीन चौथाई बहुमत प्राप्त हुआ।
- चीन के समानव चंद्रयान मिशन में प्रारंभिक मॉडल अनुसंधान में प्रवेश किया।
- नाइजीरिया, ब्राजील व गुयाना प्रवास के दौरान पीएम मोदी ने 31 नेताओं के साथ मुलाकात की।

**24 नवंबर**
- महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में एनडीए की महायुति की जीत हुई।
- झारखंड विधानसभा चुनाव में हेमंत सोरेन झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी ने बहुमत हासिल किया।
- मणिपुर में हिंसात्मक घटनाओं के बाद लगे इंटरनेट प्रतिबंध को हटा लिया गया।
- अमेरिकी प्रतिभूति और विनिमय आयोग ने रिश्वत मामले में उद्योगपति गौतम अडानी एवं उनके भतीजे सागर अडानी को तलब किया।

**25 नवंबर**
- उत्तर प्रदेश के संभल में जामा मस्जिद सर्वेक्षण के दौरान स्थानीय लोगों और पुलिस के बीच हिंसक घटना में 5 लोगों की मौत हो गई।
- विकेट कीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत आईपीएल मैच के सबसे महंगे खिलाड़ी बने।
- राष्ट्रपति चुनाव के लिए रोमानिया में मतदान हुआ।
- आरबीआई के डिप्टी गवर्नर देबब्रत पात्रा ने ने कहा डिजिटल पेमेंट में कार्ड लीडर बन रहा भारत।

**26 नवंबर**
- सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम सुनवाई में कहा संविधान की प्रस्तावना से समाजवादी व धर्मनिरपेक्ष शब्द नहीं हटाया जाएगा।
- पर्थ टेस्ट में भारत ने आस्ट्रेलिया को 295 रनों से हराया।
- आदित्य ठाकरे शिवसेना यूबीटी के विधायक दल के नेता बनाए गए।
- अफगानिस्तान में एक यात्री वाहन कोकचा नदी में गिर जाने छः लोगों की मौत हो गई।

**27 नवंबर**
- पूरे देश में 28 नवंबर को संविधान दिवस मनाया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संविधान को पवित्र ग्रंथ है कहा।
- किसान नेता सरदार जगजीत सिंह डल्लेवाल को पंजाब पुलिस ने हिरासत में लिया।
- पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को जेल से बाहर करने को उनकी पार्टी पीटीआई तहरीक ए इंसाफ द्वारा उग्र प्रदर्शन के दौरान 6 जवानों की मौत हो गई।
- जापान के तनेगाशिया अंतरिक्ष केन्द्र में रॉकेट परीक्षण के दौरान आग लग गई।

**28 नवम्बर**
- अजमेर की विश्वप्रसिछ ख्वाजा मोईनुद्दी चिश्ती की दरगाह के सर्वेक्षण को लेकर अजमेर कोर्ट ने अजमेर शरीफ को शिव मंदिर बताने वाली याचिका मंजूर कर ली है।
- इजराइल लेबनान के साथ 60दिन युद्धविराम पर सहमत हो गया है। यह समझौता 27 नवम्बर की आधीरात से लागू हो गया।
- बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया को भ्रष्टाचार मामले में उच्च न्यायालय ने बरी कर दिया।
- नेशनल एंटी डोपिंग एजेंसी (नाडा) ने पहलवान बजरंग पूतिया को सिलेक्श ट्रायल के दौरान डोप टेस्ट के लिए सेंपल देने से इंकार करने पर 4 साल के लिए निलंबित कर दिया।

**29 नवम्बर**
- झारखंड में हेमंत सोरेन ने चौथी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली।
- प्रियंका गांधी वाड्रा ने वायनाड सीट से सांसद बनने पर लोकसभा सदस्यता की शपथ ली।
- बर्सिलोना के फॉरवर्ड लैमिन यामल ने वर्ष 2024 का गोल्डन बॉय तथा महिला वर्ग में मिडफील्डर विकी लोपेज ने गोल्डन गर्ल पुरस्कार जीता।
- आस्ट्रेलिया संसद में बच्चों के सोशल मीडिया के उपयोग पर रोक लगाने वाला विधेयक पारित हुआ।

## अब सर्वोच्च न्यायालय पूजा स्थल अधिनियम की रक्षा करे

■ पी सुधीर

उत्तर प्रदेश के संभल में हाल ही में हुई घटनाएं, जिसमें पांच युवा मुस्लिम पुरुषों की मौत हो गयी, संसद द्वारा अधिनियमित पूजा स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम, 1991 के महत्व को रेखांकित करती है। यह कानून देश की आजादी 15 अगस्त 1947 को पूजा स्थलों की स्थिति के अलग 'किसी भी पूजा स्थल के रूपांतरण' (धारा 3) को प्रतिबंधित करता है और उस समय की स्थिति के अनुरूप 'किसी भी पूजा स्थल के धार्मिक चरित्र को बनाये रखने का प्रावधान करता है (धारा 4)। कोई भी व्यक्ति 'किसी भी धार्मिक संप्रदाय या उसके किसी भी वर्ग के पूजा स्थल को उसी धार्मिक संप्रदाय के किसी अन्य वर्ग या किसी अन्य धार्मिक संप्रदाय के पूजा स्थल में परिवर्तित नहीं कर सकता'। ध्यान रहे कि रामजन्मभूमि-बाबरी मस्जिद विवाद को अधिनियम के दायरे से बाहर रखा गया था।

2019 में अयोध्या विवाद पर सर्वोच्च न्यायालय की पांच सदस्यीय पीठ के फैसले ने भी पूजा स्थल अधिनियम की वैधता को दोहराया था और कहा था कि मौजूदा धार्मिक स्थलों के खिलाफ कोई दावा कानून द्वारा स्वीकार नहीं किया जा सकता है। हालांकि, मई 2022 में सुप्रीम कोर्ट ने वाराणसी में ज्ञानवापी मस्जिद का सर्वेक्षण करने की अनुमति दी थी। जिला अदालत में दायर एक याचिका में कहा गया है कि मस्जिद को एक ध्वस्त मंदिर के खंडहर पर बनाया गया था। भारत के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने सर्वेक्षण जारी रखने की अनुमति देते हुए कहा कि 1991 के अधिनियम के तहत किसी धार्मिक स्थल की प्रकृति का पता लगाना वर्जित नहीं है। बाद में न्यायालय ने यह भी माना कि याचिकाकर्ता केवल 15 अगस्त, 1947 को स्थान की स्थिति का पता लगाने की मांग कर रहे हैं, न कि अधिनियम के अनुसार स्थान की प्रकृति को बदलने या परिवर्तित करने की।

इस भयावह निर्णय से, हिंदू संप्रदायवादियों के लिए विभिन्न स्थानों पर कानूनी विवाद खड़ा करने के लिए बाढ़ के द्वार खुल गये, जहां मस्जिदें मौजूद हैं। ज्ञानवापी मस्जिद सर्वेक्षण की मांग के बाद मथुरा में ईदगाह में इसी तरह का मामला सामने आया और जिला अदालत ने सर्वेक्षण का आदेश दिया। इसके बाद संभल का मामला आया। 19 नवंबर को जिला अदालत ने अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन द्वारा दायर एक आवेदन के आधार पर 1526 में निर्मित मुगलकालीन मस्जिद के सर्वेक्षण की अनुमति दी, जिन्होंने पहले मथुरा और वाराणसी की जिला अदालत में याचिकाएं दायर की थीं। इस तथ्य के बावजूद कि मस्जिद एक संरक्षित स्मारक है, आवेदन को तुरंत स्वीकार कर लिया गया।

आश्चर्यजनक तत्परता के साथ, अदालत ने एक अधिवक्ता आयोग का गठन किया और उसी दिन सर्वेक्षण करने का आदेश दिया। सर्वेक्षण रिपोर्ट 29 नवंबर को प्रस्तुत की जानी थी। मस्जिद समिति को सुनवाई का मौका भी नहीं दिया गया। मस्जिद समिति के पूर्ण सहयोग से सर्वेक्षण किया गया। हालांकि, 24 नवंबर को सर्वेक्षण दल मस्जिद में एक और सर्वेक्षण करने पहुंचा। इस बार उनके साथ न केवल पुलिस थी, बल्कि बड़ी संख्या में लोग 'जय श्री राम' के नारे लगा रहे थे। मुसलमानों की भीड़ जमा हो गयी और कुछ ही देर बाद स्थिति नियंत्रण से बाहर हो गयी, पत्थरबाजी, लाठी चार्ज, आंसू गैस और गोलीबारी शुरू हो गयी। तीन युवा मुस्लिम युवकों की गोली लगने से मौत हो गई और बाद में दो और घायल हो गए।

स्थानीय समाजवादी पार्टी के सांसद और समाजवादी पार्टी के विधायक के बेटे पर पुलिस द्वारा दर्ज की गयी एफआईआर में दंगा और हिंसा भड़काने का आरोप लगाया गया है। उत्तर प्रदेश में आदित्यनाथ शासन में किसी भी बहाने से मुसलमानों पर बड़े पैमाने पर हमला किया जा रहा है। कुछ सप्ताह पहले बहराइच में हुई सांप्रदायिक हिंसा के कारण मुस्लिम समुदाय के खिलाफ राज्य का दमन हुआ और बड़ी संख्या में मुस्लिम युवकों को गिरफ्तार किया गया। हिंदूवादी संगठन कानूनी तरीके से विवाद को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न मस्जिदों को निशाना बना रहे हैं।

संभल में 16वीं सदी की मस्जिद को लेकर विवाद को हवा देने की कोशिशों में न्यायिक मिलीभगत का भी हाथ था। उत्तर प्रदेश के स्थानीय न्यायालयों में हमने जो देखा है - वाराणसी, मथुरा और अब संभल में - वह सदियों पुरानी मस्जिदों को हिंदू वर्चस्व स्थापित करने के लिए युद्ध के मैदान में बदलने की योजनाबद्ध कोशिश है।

सबसे परेशान करने वाली बात यह है कि यह सब खुद सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस चंद्रचूड़ के नेतृत्व में संभव हुआ, जिसने उसी कानून की अवहेलना की जिसका पालन करने का आदेश पहले सभी को दिया था। अगर इस विनाशकारी रास्ते को पलटना है, तो सुप्रीम कोर्ट को तुरंत हस्तक्षेप करना चाहिए और पूजा स्थल अधिनियम की पवित्रता को बनाये रखना चाहिए, जो 15 अगस्त, 1947 के बाद पूजा स्थल के बारे में कोई भी कानूनी विवाद उठाने की अनुमति नहीं देता है।

> **संभल में 16वीं सदी की मस्जिद को लेकर विवाद को हवा देने की कोशिशों में न्यायिक मिलीभगत का भी हाथ था। उत्तर प्रदेश के स्थानीय न्यायालयों में हमने जो देखा है- वाराणसी, मथुरा और अब संभल में - वह सदियों पुरानी मस्जिदों को हिंदू वर्चस्व स्थापित करने के लिए युद्ध के मैदान में बदलने की योजनाबद्ध कोशिश है।**

## भारत-नाइजीरिया संबंधों में विस्तार की असीम संभावनाएं

■ डॉ.पार्वती वासुदेवन व डॉ. ए वासुदेवन

नाइजीरिया संघीय गणराज्य के राष्ट्रपति बोला अहमद टीनूबू के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 16 और 17 नवंबर को नाइजीरिया की यात्रा पर गए थे। 17 वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की इस यात्रा ने नाइजीरिया के साथ भारत की 'रणनीतिक साझेदारी' को आगे बढ़ाया है। नाइजीरियाई अर्थव्यवस्था अफ्रीकी महाद्वीप में सबसे तेजी से बढ़ती और चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है।

अगर 21वीं सदी वास्तव में वैश्विक दक्षिण से संबंधित है तो भारत और नाइजीरिया के बीच संबंधों को शैक्षिक छात्रवृत्ति, कच्चे तेल और सैन्य प्रशिक्षण के चश्मे से परे देखा जाना चाहिए। इन संबंधों में एक नया अध्याय तब शुरू हुआ जब 2023 में नई दिल्ली में आयोजित जी-20 सम्मेलन ने उच्च तालिका में स्थायी स्थान के साथ अफ्रीकी प्रतिनिधित्व का स्वागत किया।

भारत और नाइजीरिया के पास मानव गतिविधियों के सामाजिक-आर्थिक क्षेत्रों में एक-दूसरे को देने के लिए बहुत कुछ है। नाइजीरिया इस समय अफ्रीका में तीसरा सबसे बड़ा विनिर्माण क्षेत्र है जो और आगे बढ़ना चाहता है। अन्य क्षेत्रों में भी तेजी से प्रगति हुई है। उदाहरण के लिए डांगोट रिफाइनरियों के आगमन के कारण पेट्रोलियम वस्तुओं का उत्पादन करने के लिए तैयार नाइजीरिया के साथ भारत और बाकी दुनिया के साथ इसके अंतरराष्ट्रीय संबंधों की प्रकृति अनिवार्य रूप से एकदम बदल जाएगी। यह कायापलट किसी सीमा तक उन विचारों द्वारा निर्देशित होगी जो अमेरिका में नए ट्रम्प प्रशासन की विशेषता होगी।

भारतीय नजरिए से देखें तो मध्य पूर्व में तनाव, यूक्रेन-रूस संघर्ष और अपनी विस्तारवादी नीतियों के साथ चीनी कूटनीति के अनिश्चित आयामों के कारण दुनिया की भू-राजनीति पर असर की वजह से अफ्रीकी महाद्वीप के साथ नए संबंधों बनाने के लिए भारत विवश हुआ है।

नाइजीरिया ने अफ्रीकी देशों को कई तरह की मदद दी है जिसके कारण नाइजीरिया के आर्थिक प्रभुत्व पर सवाल नहीं उठाया जा सकता। इसकी अनुमानित आबादी 23.46 करोड़ है जो भारत की अनुमानित आबादी का लगभग 16 प्रतिशत और अमेरिकी आबादी का करीब 60 फीसदी से है। यह महाद्वीप की सबसे बड़ी आबादी है और यही कारण है कि नाइजीरिया को 'अफ्रीकी भीम' कहा जाता है। देश में वैज्ञानिक और शैक्षणिक क्षेत्रों में प्रगति के बहुत मौके हैं। इसके पास जनसांख्यिकीय लाभांश का उपयोग कर कौशल, आधुनिकीकरण के लिए आवश्यक सुधार, सामाजिक-आर्थिक क्षेत्र आतंकवादी समूहों- मुख्य रूप से बोको हरम की हिंसा पर लगाम लगाने के अवसर हैं।

फिर भी नाइजीरिया की प्रगति में एक और बाधा का वहां का कमजोर राजनीतिक और आर्थिक शासन है जिसमें भ्रष्टाचार व्याप्त है। न्याय व्यवस्था भी अन्य संस्थानों की तरह शक्तिशाली अभिजात वर्ग की कैद में हैं। इसलिए कोई आश्चर्य नहीं कि पिछले दस वर्षों में नाइजीरिया के आर्थिक संकेतकों में उच्च मुद्रास्फीति दर, कम वृद्धि और विदेशी मुद्रा भंडार के अपेक्षाकृत अल्प भंडार का बोलबाला है। इस वक्त वार्षिक मुद्रास्फीति 30 प्रति सैकड़ा से अधिक, वार्षिक वृद्धि लगभग 3 प्रश और विदेशी मुद्रा भंडार लगभग 40 अरब अमेरिकी डॉलर है। विदेशी मुद्रा बाजार दर 1660 नायरा प्रति 1 अमेरिकी डॉलर से अधिक की होने के कारण आर्थिक विविधीकरण और नाइजीरिया की उत्पादन क्षमताओं को बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण कच्चे माल और इनपुट के आयात के लिए ज्यादा गुंजाइश नहीं देती है।

इसके बावजूद जैसा कि ईंधन सब्सिडी के उन्मूलन से स्पष्ट है कि वर्तमान प्रशासन यह उम्मीद दिलाता है कि प्रतिबद्धता हो तो विरोध के बाद भी सुधार किए जा सकते हैं। बैंकों के दबदबे वाला वित्तीय क्षेत्र पहले से बेहतर स्थिति में है। यह नई तकनीकों को अपना सकता है तथा साइबर धोखाधड़ी और हमलों को दूर करने के लिए निश्चित उपायों के साथ भुगतान के बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने में मदद कर सकता है।

भारत ने पिछले 10 वर्षों में उल्लेखनीय आर्थिक रिकॉर्ड बनाया है और 2030 से पहले दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य रखा है। करीब 4 फीसदी दर के साथ मध्यम अवधि में मुद्रास्फीति के सालाना 7-8 प्रश की दर से बढ़ने की उम्मीद है। वर्तमान विदेशी मुद्रा भंडार 700 अरब अमेरिकी डॉलर के करीब है। नई प्रौद्योगिकियां बहुत विकसित हैं और मध्यम से दीर्घकालिक अवधि के भीतर पूरे आर्थिक स्थान पर कब्जा कर लेंगी। तो भी इस स्थिति पर पहुंचने में कच्चे माल और ऊर्जा आपूर्ति की कमी महत्वपूर्ण बाधा है।

इस पृष्ठभूमि पर प्रधानमंत्री की यह यात्रा भारत और नाइजीरिया के संबंधों को आगे बढ़ा रही है। यह व्यापक रूप से स्वीकार किया जाता है कि दोनों देशों को सुधारों व आर्थिक सुशासन की एक विस्तृत श्रृंखला पर भी ध्यान केंद्रित करना होगा। उन्हें आर्थिक बहिष्कार को खत्म करने, रोजगार की संभावनाओं को बढ़ाने तथा आर्थिक असमानताओं को कम करने में भी निवेश करना होगा।

दोनों देशों के बीच सहयोग कुछ मुद्दों पर आधारित है जिन्हें अबुजा में भारत और नाइजीरिया की सरकारों के प्रमुखों की बैठक में उठाया गया था। उनमें से मध्यम अवधि में ऊर्जा की आपूर्ति है। इसका मतलब यह है कि जब तक नाइजीरिया पेट्रोलियम उत्पादों के उत्पादन में आत्मनिर्भर नहीं हो जाता तब तक उसे भारत से पेट्रोलियम उत्पादों के आयात पर निर्भर रहना होगा जबकि भारत अपनी बढ़ती तेल मांग को पूरा करने के लिए कच्चे तेल का आयात कर सकता है।

दोनों देशों को चिप्स और सेमी-कंडक्टर के वर्चस्व वाले नए तकनीकी विश्व में विकास के लिए महत्वपूर्ण खनिजों की उपलब्धता का पता लगाने की आवश्यकता है। नाइजीरिया में मिले भूगर्भीय खोजों की जानकारी आसानी से उपलब्ध नहीं होती और यहीं भारत के सहयोग पर नाइजीरिया निर्भर रह सकता है।

नाइजीरिया में इस्पात और बसों, मेट्रो व इंटरसिटी रेलवे सहित सार्वजनिक परिवहन जैसे बुनियादी ढांचे वाले कुछ महत्वपूर्ण उद्योग ज्यादा सक्रिय तथा विकसित नहीं हैं। इन क्षेत्रों में श्रम सुधार, भ्रष्टाचार के रिसाव व लूटमार को जड़ से खत्म करने के लिए सख्त पेशेवर प्रतिबद्धता मजबूत करने की भी आवश्यकता है।

इन क्षेत्रों में सहयोग संधि में कुछ गारंटी खंडों को प्रभावी कर भारत पर नाइजीरिया निर्भर हो सकता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि स्टील और सार्वजनिक परिवहन दोनों क्षेत्रों में नाइजीरिया का अनुभव काफी निराशाजनक रहा है। दोनों देशों के बीच साझेदारी में रक्षा, सैन्य हथियार और प्रशिक्षण से संबंधित मुद्दे प्रमुख रूप से बने हुए हैं। फिर भी, आपसी विश्वास के आधार पर सार्थक सहयोग में सुधार के लिए दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक और शैक्षिक आदान-प्रदान को आगे बढ़ाना होगा।

*(पार्वती वासुदेवन मुंबई विश्वविद्यालय में एसोसिएट प्रोफेसर थीं। ए वासुदेवन आरबीआई के कार्यकारी निदेशक और सेंट्रल बैंक ऑफ नाइजीरिया के गवर्नर के विशेष सलाहकार थे। सिंडिकेट: द बिलियन प्रेस)*

> **नाइजीरिया ने अफ्रीकी देशों को कई तरह की मदद दी है जिसके कारण नाइजीरिया के आर्थिक प्रभुत्व पर सवाल नहीं उठाया जा सकता। इसकी अनुमानित आबादी 23.46 करोड़ है जो भारत की अनुमानित आबादी का लगभग 16 प्रतिशत और अमेरिकी आबादी का करीब 60 फीसदी से है। यह महाद्वीप की सबसे बड़ी आबादी है और यही कारण है कि नाइजीरिया को 'अफ्रीकी भीम' कहा जाता है।**

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770
ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

# देश विदेश

## पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में चार आतंकवादी ढेर

**इस्लामाबाद,** 29 नवम्बर (एजेंसियां)। पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में सुरक्षा बलों ने खुफिया जानकारी पर आधारित अभियान के दौरान चार आतंकवादियों को मार गिराया। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने गुरुवार को एक बयान में कहा है कि सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने पर प्रांत के खैबर जिले में अभियान चलाया। आईएसपीआर ने कहा कि अभियान के दौरान, सैनिकों ने आतंकवादियों के ठिकाने को चारो ओर से घेर लिया। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान चार आतंकवादी मारे गए और तीन अन्य घायल हो गए।

### फिलिस्तीन दिवस पर पीएम मोदी ने फिलिस्तीनियों के नाम लिखा पत्र, कहा

# फिलिस्तीन के विकास में हमेशा भागीदार रहा भारत

**नई दिल्ली,** 29 नवम्बर (एजेंसियां)। हर साल 29 नवंबर को मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय फिलिस्तीनी एकजुटता दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फिलिस्तीन के लोगों के नाम पत्र लिखकर वहां के विकास के लिए भारत के निरंतर समर्थन का वादा किया है।

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने पत्र के माध्यम से कहा कि हम फिलिस्तीनी लोगों के साथ एकजुटता के लिए अंतरराष्ट्रीय दिवस का जश्न मना रहे हैं। मैं फिलिस्तीन के लोगों के विकास के लिए भारत के निरंतर समर्थन को दोहराता हूं। फिलिस्तीनी लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने में भारत दृढ़ता के साथ खड़ा है। भारत हमेशा फिलिस्तीनी लोगों के विकास में भागीदार रहा है। भारत इस यात्रा में उनके साथ खड़ा रहेगा, जिसमें फिलिस्तीनी लोगों की जरूरतों और प्राथमिकताओं के आधार पर अन्य क्षेत्रों में फिलिस्तीनी लोगों पर केंद्रित परियोजनाओं का क्रियान्वयन करना भी शामिल है।

पीएम मोदी ने आगे कहा कि क्षेत्र में अपनी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए संयुक्त राष्ट्र को हमारा निरंतर समर्थन



**भारत का दृढ़ विश्वास है कि संवाद व कूटनीति स्थायी और शांतिपूर्ण समाधान की कुंजी है : नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

फिलिस्तीनी लोगों के दैनिक जीवन में सार्थक बदलाव लाने की हमारी इच्छा को प्रमाणित करता है। इलाके में चल रहे संघर्ष के परिणामस्वरूप दुखद जीवन की हानि हुई है और फिलिस्तीन और पश्चिम एशिया क्षेत्र के लोगों के लिए भारी पीड़ा हुई है। भारत वर्तमान सुरक्षा और मानवीय स्थिति को लेकर बहुत चिंतित है। भारत तत्काल युद्ध विराम, आतंकवाद के सभी कारकों को समाप्त करने, बंधकों की रिहाई और फिलिस्तीन के लोगों को मानवीय सहायता की निरंतर आपूर्ति की अपील करता है।

पीएम मोदी ने आगे भारत की टू स्टेट पॉलिसी की बात दोहराते हुए कहा कि भारत का दृढ़ विश्वास है कि संवाद और कूटनीति स्थायी और शांतिपूर्ण समाधान की कुंजी है। भारत ने हमेशा बातचीत के माध्यम से टू स्टेट पॉलिसी के बीच चल रहे विवाद के समाधान का समर्थन किया है, जिससे एक संप्रभु, स्वतंत्र और व्यवहार्य फिलिस्तीन राज्य की स्थापना हो सके, जो इजरायल के साथ शांति से रह सके। मैं भारत के लोगों के साथ मिलकर फिलिस्तीनी लोगों के शांतिपूर्ण और समृद्ध भविष्य की कामना करता हूं।

बता दें कि अंतरराष्ट्रीय फिलिस्तीनी एकजुटता दिवस हर साल 29 नवम्बर को मनाया जाता है। यह तिथि 1947 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा प्रस्ताव 181 के पारित होने की याद में चुनी गई थी, जिसमें फिलिस्तीन को यहूदी और अरब राज्यों में विभाजित करने का प्रस्ताव रखा गया था। यह दिवस 1978 से मनाया जा रहा है और इसका उद्देश्य फिलिस्तीनी लोगों के आत्मनिर्णय और अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत उनके अधिकारों के लिए चल रहे संघर्षों को उजागर करना है।

## ईरान व लेबनान ने की इजरायल से युद्धविराम समझौते को लेकर चर्चा



**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्री सईद अब्बास अराघची और उनके लेबनानी समकक्ष अब्दुल्ला बौ हबीब ने इजरायल और हिजबुल्लाह के बीच संघर्ष विराम के बाद लेबनान की नवीनतम स्थिति पर चर्चा की। सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने बताया कि ईरानी विदेश मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, गुरुवार को फोन पर बातचीत में अराघची ने युद्ध विराम के फैसले का स्वागत किया, जिसके बारे में उन्होंने कहा कि यह लेबनानी लोगों के प्रतिरोध, युद्ध के मैदान पर प्रतिरोध सेनानियों के संघर्ष और लेबनानी सरकार द्वारा किए गए प्रयासों के माध्यम से हासिल किया गया है।

## इजरायल ने लोगों के एकत्र होने संबंधी पाबंदी हटाई



**यरूशलम।** इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने तेल अवीव और उसके उपनगरों सहित मध्य इजरायल में लोगों के इकट्ठा होने संबंधी प्रतिबंधों को तत्काल हटाने की घोषणा की। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) के होम फ्रंट कमांड द्वारा यह निर्णय लेबनान में इजरायल और हिजबुल्लाह के बीच संघर्ष विराम के बाद लिया गया, जो बुधवार सुबह से प्रभावी हो गया। इससे पहले, लेबनान से हिजबुल्लाह द्वारा प्रक्षेपास्त्र दागे जाने के बाद कमांड ने तेल अवीव महानगरीय क्षेत्र के साथ-साथ मध्य इजरायल के अन्य क्षेत्रों में 2 हजार लोगों तक के जमावड़े को सीमित कर दिया था।

## सुडोकू 6750

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | | 2 | 9 | 5 |
| 7 | | | | 6 | | 4 | | |
| | | | | | 8 | | 6 | |
| | | | | | | 5 | 2 | |
| 1 | | 5 | | | | 6 | | 9 |
| | 4 | 7 | | | | | | |
| | 6 | | 9 | | | | | |
| | | 2 | | 5 | | | | 1 |
| 3 | 9 | 1 | | 8 | | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : शनिवार 30 नवम्बर, 2024 अघ्घन कृष्ण पक्ष 15**

### राशिफल

मेष - आज के दिन का आरंभ बहुत अच्छा होगा। शारीरिक और मानसिक आरोग्य अच्छा बना रहेगा। दोपहर के बाद नए काम करने की सलाह आपको नहीं दी जाती है। वाणी और व्यवहार पर संयम बरतें।

वृषभ - व्यापार में यश और सफलता मिलेगी। साथी कर्मचारियों का पूरा सहयोग आपको मिलेगा। आर्थिक लाभ होगा। विरोधियों को पीछे छोड़ पाएंगे। दोपहर बाद मनोरंजन में आपका ध्यान रहेगा।

मिथुन - आज का आप का दिन किसी खास चर्चा में गुजर सकता है। आप अपनी कल्पनाशक्ति से कुछ नया कर पाने में समर्थ रहेंगे। शारीरिक और मानसिक रूप से खुश रह सकते हैं।

कर्क - हताशा से आप थोड़े चिंतित रहेंगे। इस कारण शारीरिक रूप से आप अस्वस्थता का अनुभव करेंगे। प्रवास के लिए आज का दिन अनुकूल नहीं है। जमीन और वाहनों से जुड़ी समस्या आपको हो सकती है।

सिंह - आज व्यापार या नौकरी के लिए कोई छोटी यात्रा हो सकती है। विदेश से कोई अच्छे समाचार मिलेंगे। धन लाभ होगा। नए काम के लिए अच्छा समय है। किसी लाभदायक निवेश में आप रुचि ले सकते हैं।

कन्या - आज आपके मन में किसी बात को लेकर दुविधा बनी रहेगी। कोई नया काम शुरू ना करें। ज्यादातर समय मौन बने रहें, इससे विवाद होने से बच जाएगा। परिजनों के साथ बातचीत में संयम बरतें।

तुला - आज आपकी रचनात्मकता से कोई कठिन काम आसान बना पाएंगे। शारीरिक और मानसिक रूप से आप स्वस्थ रहेंगे। विचारों में दृढ़ता बनी रहेगी। नए वस्त्र, आभूषण या मनोरंजन के पीछे धन खर्च होगा।

वृश्चिक - आपका उग्र और असंयमित व्यवहार आपको समस्या में डाल सकता है। दोस्तों और रिश्तेदारों के साथ कोई अनहोनी हो सकती है, उनका ध्यान रखें। दोपहर के बाद शारीरिक, मानसिक स्वास्थ्य में दिक्कत रहेगी।

धनु - व्यावसायिक क्षेत्र में आज आपके लिए लाभकारी दिन है। जीवन में आनंद का वातावरण रहेगा। काम में पदोन्नति होगी। मित्रों के साथ बाहर जाने का कार्यक्रम होगा। व्यापारीवर्ग को भी लाभ होगा।

मकर - आज का दिन मैरीड कपल के लिए आनंदमयी रहेगा। परिजनों के साथ खुशी का वातावरण बना रहेगा। व्यवसाय में पदोन्नति के योग हैं। व्यवसाय में अनुकूल समय है। नौकरी में साथी कर्मचारियों का साथ मिलेगा।

कुंभ - आज के दिन बौद्धिक काम, नए सृजन और साहित्यिक गतिविधि में आप उलझे रहेंगे। नए काम की शुरुआत आज कर सकते हैं। किसी धार्मिक यात्रा का आयोजन हो सकता है। व्यापार में लाभ का अवसर मिलेगा।

मीन - आज आपको वाणी में संयम रखने की सलाह दी जाती है। गुप्त शत्रुओं से सावधान रहना होगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आध्यात्मिक उन्नति के लिए दिन अच्छा है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## उत्तर कोरिया ने कूड़े से भरे 40 गुब्बारे दक्षिण कोरिया की ओर भेजे : जेसीएस



**सियोल,** 29 नवम्बर (एजेंसियां)। दक्षिण कोरिया की सेना ने शुक्रवार को कहा कि उत्तर कोरिया ने पिछली रात से सीमा पार दक्षिण कोरिया में कचरे से भरे लगभग 40 गुब्बारे भेजे हैं, जिनमें से अधिकांश राजधानी के बड़े क्षेत्र में गिरे हैं।

योनहाप समाचार एजेंसी के अनुसार, संयुक्त चीफ ऑफ स्टाफ ने कहा कि उन्होंने गुरुवार रात से शुक्रवार सुबह तक राजधानी क्षेत्र में उत्तर कोरिया द्वारा छोड़े गए लगभग 30 गुब्बारे देखे, जिनमें सियोल के आसपास का ग्योंगगी प्रांत भी शामिल है। सेना ने कहा कि (गुब्बारों से) जो सामग्री मिली, उसमें दक्षिण कोरिया के खिलाफ दुष्प्रचार संबंधी पर्चे थे। उसमें ऐसा कुछ भी नहीं था, जिससे सुरक्षा को खतरा हो। मई के अंत से अब तक उत्तर कोरिया ने दक्षिण कोरिया में 32 बार ऐसे गुब्बारे भेजे हैं, जिनमें यह ताजा घटना भी शामिल है, जो दक्षिण कोरिया के द्वारा सीमा पार भेजे गए प्योंगयांग विरोधी प्रचार पत्रकों के जवाब में की गई है।

# अमेरिका ने परमाणु हथियार वितरण प्रणाली को किया उन्नत

### वायु सेना की ओर से परीक्षणों के लिए 259 मिसाइलों का किया जाएगा उपयोग


**वाशिंगटन,** 29 नवम्बर (एजेंसियां)। अमेरिका अपने परमाणु त्रिकोण परमाणु हथियार, मिसाइल और रणनीतिक बमवर्षक ले जाने वाली पनडुब्बियां को उन्नत कर रहा है। आरआईए नोवोस्ती की ओर से प्राप्त रोसकांग्रेस फाउंडेशन की एक रिपोर्ट में कहा गया कि नए एलजीएम-35 सेंटिनल अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल (आईसीबीएम) का विकास जारी है, जिसे पहले ग्राउंड-बेस्ड स्ट्रैटेजिक डिटरेंट (जीबीएसडी) के नाम से जाना जाता था। यह मौजूदा मिनटमैन तृतीय आईसीबीएम की पूरी तरह से जगह ले लेगा। तैनाती के लिए उनकी कुल संख्या 400 पर अपरिवर्तित रहेगी, साथ ही वायु सेना की ओर से निरंतर परीक्षणों के लिए 259 मिसाइलों का उपयोग किया जाएगा। वित्तीय वर्ष 2025 के लिए, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के प्रशासन ने सेंटिनल, अनुसंधान और विकास के लिए 3.7 अरब डॉलर का अनुरोध किया है।



रिपोर्ट के मुताबिक, सेंटिनल को 2030 के दशक में सेवा में आने की उम्मीद है और 2070 के दशक तक तैनात किया जाएगा।

फाउंडेशन के अनुसार, आईसीबीएम के विकास की कुल लागत पहले अनुमान से 81 प्रतिशत अधिक हो चुकी है और इसकी राशि 140 अरब डॉलर से अधिक होने की उम्मीद है। रोसकॉन्ग्रेस ने कहा कि 2030 के दशक से शुरू होकर, बैलिस्टिक मिसाइलों से लैस ओहियो पनडुब्बियों को कोलंबिया परमाणु मिसाइल वाहकों से बदल दिया जाएगा। 2025 के लिए अपने बजट अनुरोध में, अमेरिकी नौसेना ने कोलंबिया श्रेणी की पनडुब्बी के लिए 9.9 अरब डॉलर शामिल किए।

## वर्ग पहेली 6750




**बायें से दाये:-**

१. किसी काम या सेवा के स्वेच्छापूर्वक दिया जाने वाला पारिश्रमिक
३. बहुत ही मशहूर
५. पागल
६. अमृत जैसे मीठे बोल
७. लोगों की राय
९. स्वाद लेना
१०. जांचने वाला, परीक्षण करने
१२. निर्ऊयता, धृष्टता (उर्दू)
१३. बहू, वधू
१४. अधीरता, उतावली, शीघ्रता
१६. निमंत्रण (उर्दू)
१८. योग्यता
२०. खिसकाना, सरकाना, किसी वस्तु या व्यइक्ति आदि को एक स्थान से दूसरे स्थान पर करना
२१. विवाह, शादी
२३. पीड़ा से भरा

**ऊपर से नीचे:-**

१. इंसानियत
२. एक लिपि जिससे हिंदी, संस्कृत, मराठी भाषायें लिखी जाती हैं
३. सोया हुआ आदमी, आधी रात
४. अत्याचार (उर्दू)
५. बांटने वाला
८. जांच-पड़ताल (उर्दू)
१०. लेकिन
११. शक्ति, सामर्थ्य
१२. असंगत, बेतुका, भद्दा, अशिष्ट (उर्दू)
१३. शुद्ध, पाक
१४. खुदकुशी
१५. युद्धभूमि में होने वाली बाहरी आवाज
१७. जल देवता, समुद्र
१८. पोषण करना, परवरिश करना
१९. उष्णता, गर्मी
२२. अगर

### वर्ग पहेली-6749



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## बांग्लादेश में चिन्मय कृष्ण दास समेत इस्कॉन से जुड़े 17 लोगों के बैंक खाते फ्रीज



**ढाका,** 29 नवम्बर (एजेंसियां)। बांग्लादेश को चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी की गिरफ्तारी और जेल में डाले जाने पर दुनिया भर के हिंदुओं से कड़ी प्रतिक्रिया का सामना करना पड़ रहा है। इसके बावजूद, मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली बांग्लादेश सरकार ने कथित तौर पर देश के बैंकों को बांग्लादेश में अंतरराष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ (इस्कॉन) से जुड़े 17 लोगों के खातों को फ्रीज करने का आदेश दिया है।

ढाका में स्थानीय मीडिया ने शुक्रवार को बताया कि बांग्लादेश वित्तीय खुफिया इकाई (बीएफआईयू) ने इस्कॉन बांग्लादेश से जुड़े 17 व्यक्तियों के बैंक खातों को 30 दिनों के लिए फ्रीज करने का आदेश दिया है। इसमें जेल में बंद इसके नेता चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी भी शामिल हैं।

रिपोर्टों से पता चला है कि देश के कई बैंकों और वित्तीय संस्थानों को खातों से एक महीने के लिए सभी लेन-देन को निलंबित करने का सरकारी निर्देश भेजा गया है।

दास को सोमवार को ढाका मेट्रोपोलिटन पुलिस की डिटेक्टिव ब्रांच (डीबी) ने हजरत शाहजलाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हिरासत में लिया था और एक दिन बाद जेल भेज दिया गया था। दास के अलावा बांग्लादेश सरकार द्वारा निशाना बनाए गए अन्य 16 हिंदुओं में कार्तिक चंद्र डे, अनिक पाल, सरोज रॉय, सुशांत दास, विश्व कुमार सिंघा, चंदिदास बाला, जयदेव करमाकर, लिपि रानी करमाकर, सुधामा गौर दास, लक्ष्मण कांति दास, प्रियतोष दास, रूपन दास, रूपन कुमार धर, आशीष पुरोहित, जगदीश चंद्र अधिकारी और साजल दास शामिल हैं।

बांग्लादेश के एक प्रमुख बंगाली अखबार प्रोथोम अलो की रिपोर्ट के अनुसार, बीएफआईयू के पत्र में कहा गया है कि धन शोधन निवारण अधिनियम-2012 की धारा 23(1)(सी) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के तहत इस्कॉन और उसके संबंधित पक्षों तथा उनके स्वामित्व वाली संस्थाओं के नाम पर रखे गए खातों (आयात और निर्यात कंपनियों के खातों को छोड़कर) के लेनदेन को 30 दिनों के लिए निलंबित करने का आदेश दिया गया है।

## जॉर्जिया में नई सरकार ने विश्वास मत किया प्राप्त



**त्बिलिसी,** 29 नवम्बर (एजेंसियां)। जॉर्जिया के प्रधानमंत्री इराकली कोबाखिद्ज़े के नेतृत्व वाली नवनियुक्त सरकार ने गुरुवार को संसद में विश्वास मत प्राप्त किया।

फेरबदल किए गए मंत्रिमंडल में तीन नए मंत्री होंगे, माका बोचोरिश्विली विदेश मंत्री, अनरी ओखानशविली न्याय मंत्री और डेविट सोंगुशविली पर्यावरण और कृषि मंत्री होंगे।

संसद ने सरकार के कार्यक्रम को भी मंजूरी प्रदान की जिसमें कहा गया है कि जॉर्जिया के दो मुख्य लक्ष्य हैं शांतिपूर्ण तरीके से क्षेत्रीय अखंडता की बहाली और गरीबी का पूर्ण उन्मूलन। कार्यक्रम राज्य नीति के प्रमुख पहलुओं पर जोर देता है जिसमें लोकतांत्रिक विकास, आर्थिक विकास, सामाजिक नीति, मानव पूंजी विकास, विदेश नीति और रक्षा शामिल हैं। जॉर्जिया के संविधान के अनुसार, नई सरकार संसद में विश्वास मत जीतने के बाद कार्यभार संभालेगी।

## आज का इतिहास

1700 - किंग चार्ल्स ङ्गङ्खङ्ख के नेतृत्व में महान उत्तरी युद्ध-स्वीडिश बलों ने नारवा की लड़ाई में जार पीटर की रूसी सेना को हराया।
1731 - बीजिंग में भूकंप से लगभग एक लाख लोग मरे।
1759 - दिल्ली के सम्राट आलमगिर द्वितीय की उनके मंत्री ने हत्या की।
1782 - अमेरिकी क्रांति - पेरिस में, संयुक्त राज्य अमेरिका और ग्रेट ब्रिटेन के प्रतिनिधि प्रारंभिक अवसर की संधि पर सहमत हुए। इस समझौते को 1783 में पेरिस की संधि के रूप में सील कर दिया गया।
1803 - न्यू ऑरलियन्स में स्पेनिश प्रतिनिधि लुइसियाना प्रांत को फ्रांसीसी प्रतिनिधि को स्थानांतरित करता है। 20 दिन बाद, लुइसियाना खरीद के एक हिस्से के लिए फ्रांस ने अमेरिका को क्षेत्र बेच दिया।
1853 - क्रीमियन युद्ध - रूसी नौसेना ने सिनोप की लड़ाई में तुर्क जहाजों के एक बेड़े को डूबो दिया।
1872 - पहला आधिकारिक अंतरराष्ट्रीय फुटबाल मैच खेला गया। इंग्लैंड और स्कॉट लैंड के बीच होने वाला यह मैच वेस्ट ऑफ स्कॉटलैंड क्रिकेट में हुआ।
1872 - स्कॉटलैंड और इंग्लैंड के बीच ग्लासगो के हैमिल्टन क्रिसेंट में पहला अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल मैच हुआ।
1886 - पहली व्यावसायिक रूप से सफल एसी विद्युत बिजली संयंत्र खोला गया।
1939 - तत्कालीन सोवियत रूस ने सीमा विवाद को लेकर फिनलैंड पर आक्रमण किया।
1943 - द्वितीय विश्व युद्ध- अमेरिकी राष्टपति फ्रैंकलिन डी. रूजवेल्ट रूजवेल्ट, ब्रिटिश प्रधान मंत्री विंस्टन चर्चिल और सोवियत राष्टपति जोसेफ स्टालिन ने ऑपरेशन ओवरलॉर्ड पर सहमति व्यक्त की। ऑपरेशन ओवरलॉर्ड जून 1944 में यूरोप पर आक्रमण करने के लिए मित्र राष्टों की साजिश को दिया गया गुप्त नाम था।
1961 - तत्कालीन सोवियत संघ ने संयुक्त राष्ट की सदस्यता के लिये कुवैत के आवेदन का विरोध किया।
1965 - गुड़ियों का संग्रहालय दिल्ली की स्थापना मशहूर कार्टूनिस्ट 'के. शंकर पिल्लई' ने की।

### सराहनीय / ऑस्ट्रेलिया ने बच्चों को प्रतिबंधित करने वाला कानून किया पारित, कहा

# सोशल मीडिया कंपनियों पर बच्चों की सुरक्षा की जिम्मेदारी

**कैनबरा, 29 नवम्बर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज ने शुक्रवार को घोषणा की कि सोशल मीडिया कंपनियों की बच्चों की सुरक्षा करने की सामाजिक जिम्मेदारी है, क्योंकि संसद ने 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को उनके प्लेटफॉर्म का उपयोग करने से प्रतिबंधित करने वाला कानून पारित किया है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, अल्बानीज ने कैनबरा में संवाददाताओं से बात करते हुए कहा कि 16 साल से कम उम्र के किसी भी बच्चे को सोशल मीडिया तक पहुंचने से प्रतिबंधित करने वाला दुनिया का पहला कानून युवा ऑस्ट्रेलियाई बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगा।**

उन्होंने कहा कि हमारे बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करना प्लेटफॉर्म की सामाजिक जिम्मेदारी होगी यही उनकी प्राथमिकता में शामिल होगा।

गुरुवार देर रात सीनेट ने सरकार के कानून के पक्ष में मतदान किया। यह कानून संसद के निचले सदन, प्रतिनिधि सभा में शुक्रवार सुबह प्रक्रियात्मक सत्र में दूसरी बार पारित हुआ, जिससे 12 महीनों में कानून लागू होने का मार्ग प्रशस्त हुआ।

सरकार ने यह निर्दिष्ट नहीं किया है कि नए कानून कैसे लागू किए जाएंगे। कानून के तहत, सोशल मीडिया कंपनियां जो 16 वर्ष से कम आयु के बच्चों को अपने प्लेटफॉर्म का उपयोग करने से रोकने के लिए उचित कदम उठाने में विफल रहती हैं, उन्हें 50 मिलियन



**बच्चे को सोशल मीडिया तक पहुंचने से प्रतिबंधित करने वाला दुनिया का पहला कानून युवा ऑस्ट्रेलियाई बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगा : एंथनी अल्बानीज**

ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (32.5 मिलियन) तक का जुर्माना भरना पड़ेगा। अल्बानीज ने शुक्रवार को कहा कि हम यह तर्क नहीं देते कि इसका कार्यान्वयन एकदम सही होगा, ठीक वैसे ही जैसे 18 साल से कम आयु के लोगों के लिए शराब पर प्रतिबंध का मतलब यह नहीं है कि 18 साल से कम आयु के लोगों को कभी भी शराब नहीं मिलेगी, लेकिन हम जानते हैं कि ऐसा करना सही है। प्रतिबंध के पारित होने पर प्रतिक्रिया देते हुए, मेटा फेसबुक और इंस्टाग्राम की मूल कंपनी ने कहा कि वह संसद के माध्यम से जिस गति से आगे बढ़ी, उससे चिंतित है।

कंपनी के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि हम उस प्रक्रिया से चिंतित हैं, जिसमें साक्ष्यों पर उचित रूप से विचार किए बिना, आयु-उपयुक्त अनुभव सुनिश्चित करने के लिए उद्योग पहले से क्या कर रहा है और युवा लोगों की आवाजों पर विचार किए बिना कानून को जल्दबाजी में पारित कर दिया गया।

## दुनिया को जानें

### 2035 तक अगली पीढ़ी की पेइतो प्रणाली निर्माण की योजना बना रहा चीन

**बीजिंग,** 29 नवम्बर (एजेंसियां)। हाल ही में पेइतो उपग्रह नेविगेशन प्रणाली परियोजना की 30वीं वर्षगांठ मनाने के लिए एक संगोष्ठी आयोजित की गई। इस कार्यक्रम के दौरान घोषणा की गई कि चीन अधिक उन्नत तकनीक, उन्नत क्षमताओं और बेहतर सेवाओं की विशेषता वाली अगली पीढ़ी की पेइतो प्रणाली विकसित करने का इरादा रखता है। 2035 तक प्रणाली को पूरा करने के लिए 2029 के आसपास नेटवर्किंग उपग्रहों को लॉन्च करने की योजना है।

संगोष्ठी ने 2035 तक पेइतो उपग्रह नेविगेशन प्रणाली विकास योजना जारी की, जिसने मौजूदा पेइतो-3 प्रणाली के स्थिर संचालन को सुनिश्चित करते हुए अगली पीढ़ी की पेइतो प्रणाली के निर्माण के लिए चीन की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। पेइतो प्रणाली एक वैश्विक उपग्रह नेविगेशन प्रणाली है, जिसे चीन द्वारा स्वतंत्र रूप से निर्मित और संचालित किया जाता है। इसने अंतर्राष्ट्रीय सार्वजनिक सेवा बुनियादी ढांचे के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। पेइतो-3 वैश्विक उपग्रह नेविगेशन प्रणाली निर्माण के लिए एक नया मानक स्थापित करता है।

# प्रादेशिकी

### सरकार में नहीं विपक्ष का सामना करने की हिम्मत : शर्मा

**शिमला।** भारतीय जनता पार्टी के विधायक और प्रदेश मीडिया प्रभारी रणधीर शर्मा ने कहा है कि सुक्खू सरकार अपने कृत्यों से हीन भावना में ग्रस्त है और विपक्ष के सवालों के जवाब देने की सरकार में हिम्मत नहीं है। तभी पहली बार विधान सभा सत्र को छोटा रखा गया है लेकिन विपक्ष चार दिन में भी मजबूती से जनता के मुद्दों को सदन में उठाएगा। श्री शर्मा ने शुक्रवार को कहा कि सरकार ने दो साल में जश्न मनाने वाला कोई काम नहीं किया फिर क्या कांग्रेस कार्यकारिणी भंग होने का सीएम सुक्खू जश्न मना रहे हैं? सुक्खू सरकार के दो साल के कार्यकाल के जश्न और विधान सभा सत्र को लेकर सवाल उठाते हुए रणधीर शर्मा ने कहा कि विधान सभा अध्यक्ष का पद संवैधानिक है और उसका विपक्ष भी सम्मान करता है लेकिन विधान सभा अध्यक्ष के बयान ठीक नहीं है।

## चारों धामों के शीतकालीन प्रवास स्थलों के लिए जल्द शुरू की जाए यात्रा : धामी


अमरनाथ तिवारी

**देहरादून,** 29 नवम्बर (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री आवास में उच्च स्तरीय बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिये कि केदारनाथ, बद्रीनाथ, यमुनोत्री और गंगोत्री धाम के शीतकालीन प्रवास स्थलों के लिए यात्रा शुरू की जाय और इसका व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार भी किया जाए। इन शीतकालीन प्रवास स्थलों पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए गढ़वाल

■ **शीतकालीन प्रवास स्थलों पर आने वाले श्रद्धालुओं को जीएमवीएन के होटलों में किराए में दी जाएगी 10 प्रतिशत छूट**

मंडल विकास निगम के होटलों में रूकने पर किराये में 10 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाए। मुख्यमंत्री अगले सप्ताह शीतकालीन प्रवास स्थलों की यात्रा व्यवस्थाओं की समीक्षा भी करेंगे। मुख्यमंत्री ने देवभूमि उत्तराखण्ड के रजत उत्सव वर्ष में सशक्त उत्तराखण्ड की कार्ययोजना के लिए सभी विभागों को अल्पकालीन और दीर्घकालीन योजनाओं पर कार्य करने के निर्देश दिये थे। इसकी समीक्षा भी मुख्यमंत्री अगले सप्ताह करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड राज्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले लोगों की अपेक्षाओं और आशाओं के अनुरूप राज्य को आगे बढ़ाने में राज्य सरकार द्वारा निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं। प्रदेश की देवतुल्य जनता के सहयोग से उत्तराखण्ड को हर क्षेत्र में अग्रणी राज्यों की श्रेणी में लाने कि लिए राज्य सरकार द्वारा सभी क्षेत्रों में तेजी से कार्य किये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जल्द ही जनपदों का भ्रमण और रात्रि प्रवास करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री जन सुनवाई के साथ की विकास कार्यों का निरीक्षण और नगर निकायों और सरकारी कार्यालयों में विभिन्न व्यवस्थाओं और स्वच्छता कार्यों का निरीक्षण भी करेंगे।





### सड़क दुर्घटना सुरक्षा नियमावली जल्द बनाने के दिए निर्देश

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिये कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सड़क दुर्घटना सुरक्षा नियमावली जल्द बनाई जाए। पुलिस महानिदेशक को मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये हैं कि रात्रिकालीन गश्त बढ़ाई जाए और सड़क सुरक्षा की दृष्टि से सड़कों में पुलिस बल भी बढ़ाया जाए। देवभूमि उत्तराखण्ड को 2025 तक ड्रग्स फ्री राज्य बनाने के लिए मुख्यमंत्री ने सभी संबंधित विभागों को गहन अभियान चलाने के निर्देश दिये हैं।

### सरकार ने केदारनाथ में कार्य कर रहे 432 श्रमिकों के लिए भेजी सामग्री

**देहरादून।** सीएम पुष्कर सिंह धामी ने केदारनाथ में कार्य कर रहे 432 श्रमिकों के लिए ट्रैक सूट, जूते एवं खाद्य सामग्री से भरे ट्रक को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। शुक्रवार को सीएम धामी ने श्रम विभाग एवं कर्मचारी राज्य योजना कार्यालयों को सीएसआर मद से 60 कंप्यूटर का वितरण भी किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में हमारी सरकार श्रमिकों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

### अभिभावकों का युवाओं से भावनात्मक रूप से जुड़ना आवश्यक : शांडिल

**सोलन,** 29 नवम्बर (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए अध्यापकों व अभिभावकों का बच्चों से भावनात्मक रूप से जुड़ना आवश्यक है। डॉ. शांडिल शुक्रवार को यहां सोलन ज़िला के कण्डाघाट की राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला में आयोजित वार्षिक समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बच्चों को नशे से दूर रखने के लिए अभिभावकों व शिक्षकों की अहम भूमिका है। उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि बच्चों को ऐसा वातावरण दें कि वह अपनी हर बात साझा कर सके। उन्होंने शिक्षकों व अभिभावकों से छात्रों की गतिविधियों पर नजर रखने को भी कहा तथा सभी लोगों से आग्रह किया कि वह समाज को नशे से बचाने के लिए आगे आएं। उन्होंने कहा कि किसी भी विद्यालय में वार्षिक पारितोषिक वितरण उत्सव उसकी प्रगति का प्रतीक माना जाता है। विद्यालय में इस उत्सव का विशेष स्थान होता है। ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों को भी आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने बच्चों से आग्रह किया कि वह समाज की बेहतरी के लिए उन परिवर्तनों का माध्यम बने जो युवाओं की दृष्टि में सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि जब तक युवा अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए नियमित अभ्यास नहीं करेंगे तब तक जीवन में आगे नहीं बढ़ पाएंगे।

## प्रचार तंत्र से अपनी छवि चमकाना चाहती है सरकार : जयराम ठाकुर



**शिमला,** 29 नवम्बर (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश के नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि सुख की सरकार (सुक्खू सरकार) प्रदेश वासियों को दुखी करके चाहती है कि उसकी छवि चमकदार दिखे। जिसके लिए वह हर मंत्री के साथ छवि चमकाने की पहल कर रही है, जो वाकई हास्यास्पद है। श्री ठाकुर ने शुक्रवार को यहां जारी बयान में कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू जी और उनके मंत्रिमंडल के लोग यह समझते हैं कि वह प्रचार तंत्र के जरिए अपनी नाकामी छुपा सकते हैं, इसलिए वह उल्टे सीधे हथकंडे अपनाना चाह रहे हैं। जिस तरीके से मुख्यमंत्री काम कर रहे हैं वैसे प्रदेश के लोगों को सिर्फ परेशानी हो रही है दुख मिल रहा है। मुख्यमंत्री चाहते हैं कि उनके दुख की सरकार को लोग अच्छा समझे तो वह बहुत गलत इच्छा पाल रहे हैं। सरकार की छवि तब बनती है जब वह जनहित के कम करें, लोगों को सुविधा दें। लेकिन सुक्खू सरकार जन विरोधी काम करती है, लोगों से सुविधा छीनती है। पूर्व सरकार द्वारा दिए गए संस्थान छीनती है। पूर्व सरकार द्वारा दी गई नौकरियां छीनती है। इसके बाद मुख्यमंत्री चाहते हैं सब कुछ चंगा दिखे। आज प्रदेश के

■ **सरकार की छवि तब बनती है जब वह जनहित के काम करें, लोगों को सुविधा दें : जयराम**

अस्पतालों के क्या हाल हैं? लोगों का इलाज नहीं हो रहा है? ऑपरेशन बंद है, सामान्य से सामान्य दवाई तक नहीं मिल रही हैं। लोग इलाज के लिए तरस रहे हैं और सरकार चाहती है कि उसकी छवि चमकदार दिखे। श्री ठाकुर ने कहा की विधानसभा चुनाव के बाद से अब तक सुक्खू सरकार ने बहुत झूठ बेच लिया। अब तेरे सीधे हाथ कंधे अपना कर वह चाहती है कि अपनी छवि भी चमका ले तो वह प्रचार तंत्र के भरोसे चमकने वाली नहीं है। सरकार को छवि बनाने के प्रयास करने की बजाय जनहित के काम करने करने होते हैं। झूठी छवि से प्रदेश और प्रदेशवासियों का भला होने वाला नहीं है। सुख की सरकार का प्रचार करके दुख की सरकार चलाने वाले समझ लें कि अब बहुत हो चुका। मुख्यमंत्री का झूठ हर स्तर पर बेनकाब हो चुका है कोर्ट की कार्यवाहियों से लेकर सरकारी फाइलों में उनके झूठ की पोल खोलते दस्तावेज मौजूद हैं। अब प्रदेश के लोग उन्हें गंभीरता से लेते भी नहीं है। पूरे दो साल झूठ बोलना और पूरे आत्मविश्वास के साथ झूठ बोलना ही सुक्खू सरकार की उपलब्धि रही है।

**सार संक्षेप**

### पूर्व विधायक चंद्रशेखर को श्रद्धांजलि देने रुड़की पहुंचे धामी

**रुड़की।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शुक्रवार को पूर्व विधायक चंद्रशेखर के निधन के उपरांत उनके आवास पर शोक करने के लिए पहुंचे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने पूर्व विधायक चंद्रशेखर प्रधान के परिवार के सदस्यों से मिलकर उन्हें सांत्वना दी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि पूर्व विधायक चंद्रशेखर एक वरिष्ठ नेता और समाज सेवक थे। उन्होंने अपने जीवन काल में समाज के विभिन्न क्षेत्रों महत्वपूर्ण योगदान दिया था। उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक चंद्रशेखर प्रधान के निधन से राज्य की राजनीति में एक शून्य पैदा हो गया है जिसे भरना मुश्किल होगा। उन्होंने कहा कि दुख की घड़ी में राज्य सरकार उनके परिवार के साथ खड़ी है और उनकी हर संभव मदद की जाएगी। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष शोभाराम प्रजापति ने विधायक चंद्रशेखर के परिवार के सदस्यों को शान देते हुए कहा कि पूर्व विधायक चंद्रशेखर के निधन से राज्य को एक बड़ी शती हुई है लेकिन उनकी विरासत को हमेशा के लिए संजो के रखा जाएगा। रुड़की विधायक प्रदीप बत्रा ने भी पूर्व विधायक चंद्रशेखर के परिवार जनों को शोक व्यक्त करते हुए पुण्य आत्मा की शांति की प्रार्थना की।

### पांगी के जंगलों में मिला आईबैक्स का नया ठिकाना

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में वन्य प्राणी विभाग की टीम ने जनजातीय क्षेत्र पांगी के जंगलों में हिमालयन आईबैक्स के दो नए ठिकानों को ढूंढा है। यहां पर आईबैक्स के बड़े-बड़े झुंड कैमरे में कैद किए गए हैं। वन्य प्राणी प्रेमियों के लिए राहत भरी खबर है। वन्य प्राणी विभाग की टीम ने जनजातीय क्षेत्र पांगी के जंगलों में हिमालयन आईबैक्स के दो नए ठिकानों को ढूंढा है। यहां पर आईबैक्स के बड़े-बड़े झुंड कैमरे में कैद किए गए हैं। दरअसल वन्य प्राण विभाग की टीम पांगी के दूरदराज के पहाड़ों में वन्य जीवों की प्रजातियों का पता लगाने के लिए निरीक्षण कर रही थी। उसी दौरान यह टीम सेचु टुआन वाइल्ड लाइफ एरिया में पहुंची। यहां शगलुंआच धार में उन्हें आईबैक्स के दो झुंड घास चरते हुए दिखाई दिए। इस झुंड में नर आईबैक्स की संख्या सबसे ज्यादा थी। टीम ने इन झुंडों की अपने मोबाइल फोन पर वीडियो भी रिकॉर्ड की। हिमालयन आईबैक्स कुगति और पांगी के जंगलों में काफी फलफूल रहे हैं। इनके संरक्षण को लेकर वन्य प्राणी विभाग गंभीरता से कार्य भी कर रहा है। एक तरफ जहां जंगलों में वन्य जीवों की सुरक्षा के लिए गश्त बढ़ाई जा रही है तो वहीं उन सभी क्षेत्रों की भी पहचान की जा रही है।

### सुडोकू 6747 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 4 | 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 9 | 7 | 3 | 4 | 1 | 2 | 8 | 6 |
| 1 | 8 | 3 | 5 | 6 | 2 | 9 | 7 | 4 |
| 3 | 7 | 2 | 1 | 8 | 6 | 4 | 5 | 9 |
| 6 | 5 | 1 | 9 | 7 | 4 | 3 | 2 | 8 |
| 9 | 4 | 8 | 2 | 3 | 5 | 1 | 6 | 7 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 2 | 7 | 6 | 9 | 3 |
| 4 | 3 | 6 | 8 | 5 | 9 | 7 | 1 | 2 |
| 7 | 2 | 9 | 6 | 1 | 3 | 8 | 4 | 5 |

## मुख्यमंत्री ने केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल से की भेंट

**शिमला,** 29 नवम्बर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने वीरवार देर सांय नई दिल्ली में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल से भेंट की। मुख्यमंत्री ने

■ **जम्मू-कश्मीर और पूर्वोत्तर राज्यों की तर्ज पर विशेष औद्योगिक पैकेज की मांग**



केंद्रीय मंत्री से हिमाचल प्रदेश को विशेष औद्योगिक पैकेज प्रदान करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि संतुलित क्षेत्रीय विकास सुनिश्चित करने के लिए यह समय की मांग है कि जम्मू-कश्मीर और पूर्वोत्तर राज्यों की तर्ज पर हिमाचल प्रदेश को विशेष औद्योगिक पैकेज प्रदान किया जाए। उन्होंने हिमाचल जैसे पहाड़ी क्षेत्रों के लिए पहले की तरह परिवहन सब्सिडी योजना को फिर से शुरू करने का भी आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के कारण परिवहन की लागत काफी अधिक है। ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि इससे औद्योगिक उत्पादन और निर्यात को बढ़ावा देने में काफी मदद मिलेगी। उन्होंने निर्यात प्रोत्साहन के लिए औद्योगिक अधोसंरचना विकास परियोजनाओं, गुणवत्ता परीक्षण प्रयोगशालाओं तथा प्रमाणन प्रयोगशालाओं के लिए उदार वित्तीय सहायता देने का भी आग्रह किया।मुख्यमंत्री ने औद्योगिक विकास योजना (आईडीएस) के तहत पूंजीगत सब्सिडी की लंबित राशि जारी करने तथा आईडीएस के तहत लंबित मामलों को शीघ्र स्वीकृति प्रदान करने का आग्रह किया। केंद्रीय मंत्री ने आश्वासन दिया कि राज्य सरकार की सभी मागों और मुद्दों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जाएगा तथा प्रदेश को हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। बैठक में तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी, मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा, मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार राम सुभग सिंह तथा राज्य के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### उपायुक्तों को सप्ताह में दो दिन अनिवार्य रूप से कार्यालय में उपस्थित रहने के निर्देश

**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू के आदेशों के बाद सभी जिलों के उपायुक्त अब प्रत्येक सप्ताह सोमवार और वीरवार को अपने कार्यालय में उपस्थित रहकर अनिवार्य रूप से जन समस्याओं का समाधान करेंगे। सचिव प्रशासनिक सुधार ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। आदेशों के अनुसार सोमवार या वीरवार को सार्वजनिक अवकाश की स्थिति में उपायुक्त अगले कार्य दिवस पर कार्यालय में उपस्थित रहेंगे। यह निर्देश सभी जिला पुलिस अधीक्षकों पर भी लागू होंगे। मुख्यमंत्री ने 7-8 नवंबर को शिमला में डीसी-एसपी कॉन्फ्रेंस के दौरान यह निर्देश दिए थे। उन्होंने कहा कि जन समस्याओं के त्वरित निवारण के लिए उपायुक्तों और पुलिस अधीक्षकों को सप्ताह के निश्चित दिन कार्यालय में उपस्थित रहना आवश्यक है।

## यूथ कांग्रेस चार दिसंबर को करेगी सचिवालय कूच

**देहरादून,** 29 नवम्बर (देशबन्धु)। कांग्रेस एक बार फिर से बेरोजगारी के मुद्दों पर बीजेपी सरकार के घेरने की तैयारी कर चुकी है। इसी क्रम में यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ता ने ''नौकरी दो नशा नहीं'' अभियान के तहत आगामी चार दिसंबर को सचिवालय कूच किए जाने का ऐलान किया है। युवा कांग्रेस इस अभियान के साथ

■ **'नौकरी दो, नशा नहीं' अभियान चलाकर करेगी भाजपा का घेराव**

रोजगार के मुद्दे पर सरकार को घेरेगी। इसको लेकर एक खास रणनीति तैयार की गई है। युवा कांग्रेस नौकरी दो, नशा नहीं अभियान को प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों मे शुरू करने की तैयारी कर रही है। यह ऐलान शुक्रवार को युवा कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी शिवि चौहान और प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर ने संयुक्त रूप से किया। सुमित्तर भुल्लर ने मीडिया से कहा कि बीजेपी के केंद्र और राज्य सरकार के कार्यकाल में युवाओं को नौकरियां नहीं मिल रही हैं। ऐसे हालात में बेरोजगार युवा नशे के दलदल में फंसते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं में बढ़ता नशा एक बहुत बड़ी समस्या बनता जा रहा है। इसी नशे की वजह से आए दिन युवाओं की दुर्घटनाओं में मौत भी हो रही है। समाज में अपराध



लगातार बढ़ता जा रहा है। इन सभी समस्याओं का केवल एक ही समाधान है कि युवाओं को नशे की प्रवृत्ति से दूर किया जा सके। सरकार को नशे के तस्करों के खिलाफ सख्त अभियान चलाने की जरूरत है, लेकिन सरकार युवाओं को रोजगार देने के नाम पर सिर्फ धोखा दे रही है। इसी दिशा में अब यूथ विंग, यूथ कांग्रेस ने प्रदर्शन की तैयारी कर ली है। इस अभियान के तहत आगामी 4 तारीख को युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में सचिवालय कूच करने जा रहे हैं। इसमें हाल ही में नियुक्त किए गए राष्ट्रीय अध्यक्ष उदयभानु चिब भी शामिल होंगे। वहीं शिवि चौहान ने बताया कि इस अभियान को प्रदेश के हर जिला और विधानसभा क्षेत्र में बड़े स्तर पर चलाया जाएगा।

### रोहित ने की परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण की तैयारियों की समीक्षा

**शिमला,** 29 नवम्बर (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने शुक्रवार को यहां प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रतिनिधियों के साथ वीडियो कांन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य के विभिन्न सरकारी स्कूलों में परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण-2024 के सफल संचालन पर चर्चा की। शिक्षा मंत्री ने दिसंबर के पहले सप्ताह में होने वाले सर्वेक्षण के महत्व पर बल दिया। उन्होंने महासंघ के सदस्यों को मिशन मोड दृष्टिकोण अपनाने और सभी स्तरों पर व्यापक तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी शिक्षकों की सामूहिक जिम्मेदारी पर बल देते हुए कहा कि प्राथमिक स्तर के शिक्षकों के अलावा स्कूल प्रवक्ताओं को सर्वेक्षण की सफलता के लिए सक्रिय रूप से योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि परख सर्वेक्षण के परिणाम शिक्षा विभाग के समग्र प्रदर्शन को दर्शाएंगे। उन्होंने संबंधित हितधारकों से एकजुट होकर काम करने की अपील की ताकि छात्र राष्ट्रीय स्तर पर अच्छी रैंकिंग हासिल करने के लिए अच्छी तरह से तैयार हों। उन्होंने नियमित अभ्यास सत्र आयोजित करने पर बल दिया और कहा कि शिक्षकों को छात्रों को सीखने में आ रही समस्याओं को दूर करने के लिए सहायता प्रदान करनी चाहिए। श्री ठाकुर ने राज्य सरकार द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर राज्य की रैंकिंग बढ़ाने के लिए किए गए उपायों पर विस्तृत चर्चा की। कक्षा 3, 6 और 9 के लिए भाषा, गणित और विज्ञान में छात्रों की समझ का आकलन करने और इसे बढ़ाने के लिए राज्य के लगभग 15,000 स्कूलों में मॉक टेस्ट पहले ही आयोजित किए जा चुके हैं।उन्होंने शैक्षिक मानकों को बेहतर बनाने और सर्वेक्षण के लिए छात्रों को तैयार करने में उनके प्रयासों के लिए संघ की सराहना की।

## आंगनवाड़ी केंद्रों का औचक निरीक्षण करें सीडीपीओ : अनुपम कश्यप

**शिमला,** 29 नवम्बर (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश के शिमला के उपायुक्त अनुपम कश्यप ने सभी सीडीपीओ को निर्देश दिए कि हर आगंनवाड़ी केंद्र की डिजिटल बुक बनाई जाए और वे आंगनवाड़ी केंद्रों का औचक निरीक्षण

■ **आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों के साथ संवाद को बढ़ाए और उनके साथ बैठकर खाना खाए : कश्यप**

करें। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से जिला स्तरीय अनुश्रवण एवं समीक्षा बैठक यहां बचत भवन में शुक्रवार को आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता श्री अनुपम कश्यप ने की। श्री कश्यप ने कहा कि आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों के साथ संवाद को बढ़ाए और उनके साथ बैठकर खाना खाए। केंद्रों में होने वाली दैनिक गतिविधियों का औचक निरीक्षण समय-समय पर



करें और बच्चों से केंद्र में होने वाली गतिविधियों के बारे में फ़ीडबैक लें। उपायुक्त ने सभी सीडीपीओ को निर्देश दिए कि हर आगंनवाड़ी केंद्र की डिजिटल बुक बनाई जाए। इसमें केंद्र के बच्चों का सामूहिक चित्र, दैनिक गतिविधियों के बारे में और केंद्र में काम करने वाले आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व हेल्पर की फोटो भी संग्लित करें। सभी सीडीपीओ अपने-अपने अधिकारक्षेत्र में आने वाले आंगनवाड़ी केंद्रों में गुणवत्ता को बढ़ावा देने के लिए फील्ड में सक्रियता बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी केंद्र में आने वाले बच्चों को अपना समझ कर व्यवहार करें।

### आईआईटी रुड़की ने मानव भारती में चलाया सड़क सुरक्षा अभियान

**देहरादून,** 29 नवम्बर (एजेंसियां)। आईआईटी रुड़की के छात्रों ने मानव भारती स्कूल में लघु नाटिकाओं के माध्यम से बच्चों को सड़क सुरक्षा के लिए जागरूक किया। इंजीनियरिंग छात्रों ने एक प्रस्तुतीकरण और संवाद कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों को ट्रैफिक के नियमों एवं चिन्हों की जानकारी दी। एफकॉन इंडिया और आईआईटी रुड़की की सड़क सुरक्षा परियोजना के तहत आईआईटी रुड़की की प्रोफेसर आशु खन्ना के मार्गदर्शन में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आईआईटी रुड़की की प्रोफेसर डॉक्टर आशु खन्ना, रिसर्च स्कॉलर सौरभ चौरसिया और एफकॉन इंडिया की बिजनेस एनालिस्ट स्नेहलता के निर्देशन में इंजीनियरिंग छात्रों ने कक्षा चार से छह तक के बच्चों के सामने बहुत सरल संवाद में ट्रैफिक रूल्स के महत्व को समझाते हुए लघु नाटिकाएं प्रस्तुत कीं। इन नाटिकाओं में ट्रैफिक के नियमों को तोड़ने, तेज गति से वाहन चलाने तथा हेलमेट, सीट बेल्ट जैसे सुरक्षा उपायों पर ध्यान नहीं देने के खराब परिणामों को बताया गया।

## तापमान गिरने के कारण उत्तराखंड में पड़ रही कड़ाके की ठंड

**देहरादून,** 29 नवम्बर (देशबन्धु)। नवंबर का महीना शनिवार को खत्म हो जाएगा। रविवार से दिसंबर का महीना शुरू हो जाएगा। चौंकाने वाली बात ये है कि उत्तराखंड में इस बार अभी तक बर्फबारी नहीं हुई है। हालांकि ठंड

■ **बिना बर्फबारी माइनस में पहुंचा कई हिस्सों में तापमान**

■ **चारों धामों में माइनस में है न्यूनतम तापमान**



कड़ाके की पड़ रही है। बिना बर्फबारी के ही तापमान अनेक स्थानों पर माइनस में चला गया है। आइए हम आपको बताते हैं कि उत्तराखंड के किन हिल स्टेशन और चारधाम में कहां कितना तापमान है। सबसे पहले बात करते हैं भू वैकुंठ बदरीनाथ धाम की। बदरीनाथ धाम उत्तराखंड के चमोली जिले में स्थित है। यहां देश का प्रथम गांव माणा भी है। चमोली जिला चीन के कब्जे वाले तिब्बत से अपनी सीमा बांटता है। चारधाम यात्रा संपन्न होने के बाद बदरीनाथ धाम में अब सिर्फ सुरक्षाकर्मी ही तैनात हैं। आम जन यहां इस समय नहीं रहते हैं। प्रथम गांव माणा के लोग भी निचले इलाकों में चले गए हैं। बदरीनाथ धाम में इन दिनों कड़ाके की ठंड पड़ रही है। इस समय बदरीनाथ धाम का अधिकतम तापमान 6डिग्री सेल्सियस है। न्यूनतम तापमान मानइस में पहुंच चुका है। आज यानी शुक्रवार 29 नवंबर के न्यूनतम तापमान की बात करें तो ये -4डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है। दरअसल बदरीनाथ धाम समुद्र तल से 3,133 मीटर (10,279 फीट) की ऊंचाई पर स्थित है। इसलिए यहां अक्टूबर से लेकर अप्रैल तक कड़ाके की ठंड पड़ती है। अब बात करते हैं बाबा के धाम केदारनाथ की। केदारनाथ धाम उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में स्थित है। इसकी समुद्र तल से ऊंचाई 3,584 मीटर है। यानी केदारनाथ धाम चमोली जिले में स्थित बदरीनाथ धाम से ज्यादा ऊंचाई पर स्थित है। केदारनाथ धाम का अधिकतम तापमान आज 7डिग्री डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ। न्यूनतम तापमान बदरीनाथ धाम से भी 2 डिग्री सेल्सियस कम यानी -6डिग्री सेल्सियस रहा। अभी आने वाले दिसंबर माह की 3 तारीख को तो तापमान और ज्यादा लुढ़केगा। 3 दिसंबर को अधिकतम तापमान भी 3डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान -9डिग्री सेल्सियस तक रहने का अनुमान है।

### लालकुआं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बना शोपीस

**लालकुआं,** 29 नवम्बर (देशबन्धु)। लालकुआं में करोड़ों की लागत से बना प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चंद गैर जिम्मेदार डॉक्टरों की घोर लापरवाही एव हठधर्मिता के चलते लोगों के लिए मात्र शोपीस बनकर रह गया है। जहां सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा उपलब्ध कराए गए संसाधनों का इस्तेमाल भी मरीजों की जान बचाने के लिए नहीं किया जा रहा है। जिससे स्थानीय लोग ख़ासे नाराज हैं। ताजा मामला लालकुआं निवासी वरिष्ठ पत्रकार विनोद अग्रवाल का है, पत्रकार विनोद अग्रवाल की 80 वर्षीय माता गीता देवी का स्वास्थ्य विगत कई दिनों से खराब चल रहा है। आज अचानक उनकी तबियत बिगड़ गई और उन्हें ऑक्सीजन सिलेंडर के साथ हल्द्वानी हायर सेंटर ले जाने की आवश्यकता पड़ गई। इस दौरान निजी वाहन में बड़ा सिलेंडर ना आने की वजह से छोटे ऑक्सीजन सिलेंडर की आवश्यकता पड़ गई। जिस पर एनयूजे-आई के महामंत्री पत्रकार मुकेश कुमार ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लालकुआं की चिकित्सा प्रभारी डॉ0 सीमा आर्य से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मौजूद छोटा ऑक्सीजन सिलेंडर देने के लिए उन्हें फोन किया। जिस पर डॉ0 सीमा आर्य ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में छोटा ऑक्सीजन सिलेंडर उपलब्ध ना होने की बात कही। जिसके बाद पत्रकार विनोद अग्रवाल ने अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. स्वेता भंडारी को अपनी परेशानी बताई और छोटा ऑक्सीजन सिलेंडर उपलब्ध कराने की बात कही।

# प्रादेशिकी

## कार की टक्कर से टैम्पो पलटने से दंपति घायल, नवजात पुत्र की मौत

**फर्रुखाबाद,** 29 नवम्बर (देशबन्धु)। टैम्पों से बीती रात नवजात पुत्र का उपचार कराकर घर जा रहे रास्ते में कार सबार नें टैम्पों के पीछे से टक्कर मार दी। जिससे टैम्पो पलट गया। जिससे उसमे मां की गोद में बैठे नवजात बालक गम्भीर रूप से घायल हो गया, उसे परिजनों नें लोहिया अस्पताल पंहुचाया, जहां चिकित्सक नें उसे मृत घोषित कर दिया। जनपद शाहजहांपुर के मिर्जापुर नई बस्ती निवासी विपिन राजपूत अपनी पत्नी नीलम के लेकर 19 दिन के पुत्र को उपचार के लिए लेकर फर्रुखाबाद आए थे। टैम्पों से वापस घर जा रहे थे उसी दौरान थाना राजेपुर के इटावा-बरेली हाई-वे पर चाचूपुर मोड़ के निकट तेज रफ्तार कार नें पीछे से टैम्पों में जोरदार टक्कर मार दी जिससे टैम्पों पलट गया जिससे टैम्पों सवार दंपति घायल हो गए व नवजात पुत्र नवजात की मौत हो गई।

# उत्तर प्रदेश उपचुनाव में विकास व जनता की आस्था हुई जीत : योगी




- नवनिर्वाचित विधायकों ने दोहराया राष्ट्र सर्वोपरि का संकल्प
- उपचुनाव में भाजपा व रालोद के सात सदस्यों ने विधानसभा में ली शपथ
- विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने सभी नवनिर्वाचित विधायकों को दिलाई शपथ

**लखनऊ,** 29 नवम्बर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व और प्रभावी रणनीति के चलते उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी और उसके सहयोगी दल राष्ट्रीय लोकदल ने उपचुनाव में शानदार प्रदर्शन करते हुए 9 में से 7 सीटों पर जीत हासिल कीं। इसके बाद शुक्रवार को विधानसभा में नवनिर्वाचित विधायकों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने सभी विजयी उम्मीदवारों को शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विजयी प्रत्याशियों को शुभकामनाएं देते हुए इसे प्रदेश के विकास और जनता की आस्था की जीत बताया। जिन नवनिर्वाचित विधायकों ने शपथ ली उनमें कुंदरकी से रामवीर सिंह, फूलपुर से दीपक पटेल, खैर से सुरेंद्र सिंह, गाजियाबाद से संजीव शर्मा, कटेहरी से धर्मराज निषाद, मझवां से सुचिस्मिता मौर्य और मीरापुर से रालोद की मिथलेश पाल शामिल हैं। इन सभी उम्मीदवारों ने जनता के विश्वास और समर्थन का धन्यवाद करते हुए अपने क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता देने की बात कही। सभी ने एक स्वर में राष्ट्र प्रथम के संकल्प को दोहराया, साथ ही मोदी-योगी के नेतृत्व के प्रति अपनी निष्ठा जताई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री द्वय केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक, बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना सहित मंत्रीगण और विधायकगण मौजूद रहे।

### उप्र विस का सदस्य होना गौरव की बात : सुरेश खन्ना

शपथ ग्रहण समारोह के बाद विधानसभा अध्यक्ष सुरेश खन्ना ने नवनिर्वाचित सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश विधानसभा का सदस्य होना गौरव की बात है। जनता की सेवा का अवसर आपको मिला है। मुख्यमंत्री के कार्यों को लेकर अगर जनता के बीच में जाएं तो हर बार जीत आपको मिलेगी। आपके पास ढाई साल का समय है, उसे जनता के बीच ज्यादा से ज्यादा व्यतीत करें। इसके साथ ही आपकी उपस्थिति विधानसभा में भी दिखनी चाहिए। यहां आपकी परफॉर्मेंस ही जनता के बीच आपकी सक्रियता के संदेश के रूप में जाएगी।

## दबंगों ने भाइयों को मारपीट कर किया घायल

**मेरठ,** 29 नवम्बर (देशबन्धु)। सरधना थाना क्षेत्र के गांव अलीपुर में खेत की डोल काटने का विरोध करने पर दबंगों ने दो सगे भाइयों को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ितों ने थाना पहुंचकर पुलिस को मामले से




अवगत कराया और तहरीर देकर हमलावरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। गांव अलीपुर निवासी श्रवण कुमार ने बताया कि गुरुवार को गांव के ही कुछ दबंगों ने उनके खेत की डोल काट ली थी। शुक्रवार को जब उसके दो भाई खेत पर पहुंचे तो वहां मौजूद दबंगों ने डोल काटने का विरोध करने पर उसके भाई करतार सिंह तथा सोनू के ऊपर लाठी डंडों से जानलेवा हमला कर दिया। जिसमें उसके दोनों भाई गंभीर घायल हो गए वहीं आरोपियों ने पुलिस से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दे डाली। इसके बाद थाना पहुंचे घायलों को पुलिस ने इलाज के लिए सीएससी में भर्ती कराया। जहां से दोनों को जिला अस्पताल के लिए रैफर कर दिया गया। श्रवण कुमार ने पिता पुत्र सहित तीन दबंगों के खिलाफ नाम जद तहरीर देकर पुलिस से कार्रवाई करने की मांग की है। इस संबंध में क्षेत्र इंचार्ज प्रदीप गौतम ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है आरोपियों पर कार्रवाई की जाएगी।

## प्रगति करने के बजाए कई क्षेत्रों में पिछड़ रहा प्रदेश : अखिलेश



- भाजपा राज में स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल होने का लगाया आरोप

**लखनऊ,** 29 नवम्बर (देशबन्धु)। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल हो चुकी हैं और प्रदेश प्रगति करने के बजाय कई क्षेत्रों में पिछड़ता ही जा रहा है। यादव ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि राज्य में स्वास्थ्य सेवाएं सर्वाधिक बदहाल हुई है। सरकारी अस्पतालों में प्रशासनिक व्यवस्था एकदम चरमरा गई है। जिसके परिणाम स्वरूप आग लगने से बच्चों और दूसरे मरीजों की मौतें हो रही हैं, मरीजों को दवा और इलाज मिलने में बाधाएं आ रही है। कहीं डॉक्टर और स्टाफ नहीं है तो कहीं जीवन रक्षा में काम आने वाले कीमती उपकरण तालों में बंद धूल खा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि राजधानी लखनऊ के बड़े अस्पतालों में मरीजों को आए दिन मुसीबतों का सामना करना पड़ता है। सीनियर डॉक्टर अक्सर अनुपस्थित रहते हैं। रेजीडेंट डॉक्टरों के सहारे इलाज होता है। इन अस्पतालों में संवेदनहीनता के मामले जब तक प्रकाश में आते रहते हैं। लारी कार्डियोलॉजी में एक मरीज इलाज के लिए हाथ जोड़ता रहा, सांस थम गई पर उसे वेंटीलेटर नहीं मिला। मरीजों को एक अस्पताल से दूसरे अस्पताल रेफर करने के खेल में अब तब कितनी ही जानें जा चुकी हैं। सपा अध्यक्ष ने कहा कि जिला अस्पतालों में ही नहीं राजधानी के बड़े अस्पतालों में भी मरीजों-तीमारदारों को रोज ही अपमानित और प्रताड़ित होना पड़ता है। गंभीर मरीजों की भी भर्ती नहीं होती है। तीमारदारों को खुद ही स्ट्रेचर खींचने पड़ते है। भाजपा की डबल इंजन सरकार के कुशासन से स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह ध्वस्त हैं।

## सार संक्षेप

### ट्रेन से कटकर युवक ने दी जान

**फर्रुखाबाद।** थाना कमालगंज के ग्राम शेखपुर रूस्तमपुर निवासी पप्पू जाटव के 20 वर्षीय पुत्र राम लखन उर्फ बीपी ने ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली। कानपुर से फर्रुखाबाद जाने वाली ट्रेन थाना कमालगंज के ग्राम हुसैनपुर केएन पब्लिक स्कूल के सामने से गुजर रही थी। तभी बीपी मरने के लिए ट्रेन से टकरा गया जिससे उसकी तुरंत ही मौत हो गई। ट्रेन की टक्कर से चेहरा विकृत हो गया। घटना के बाद गार्ड ने ट्रेन को रुकवाया और शव को ट्रेन से जाकर कोतवाली फतेहगढ़ के ग्राम याकूतगंज स्थित 142 नंबर गुमटी के कर्मचारी के हवाले कर दिया। सूचना मिलने पर भोजपुरी चौकी इंचार्ज सुनील कुमार व याकूतगंज चौकी की पुलिस गुमटी पर पहुंची। बताया गया की मजदूरी करने वाले बीपी का एक वर्ष पूर्व विवाह हुआ था हादसे की सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे।

### छात्रा ने लगाई फांसी

**फर्रुखाबाद।** फांसी लगाए जाने से छात्रा चांदनी की मौत हो गई। थाना कंपिल के ग्राम सवितापुर बिहारीपुर निवासी रघुवीर राजपूत आज शाम 14 वर्षीय पुत्री चांदनी को गंभीर अवस्था में लेकर कायमगंज सीएससी पहुंचे। डॉक्टर अमरेश ने किशोरी को मृत घोषित कर दिया। डॉक्टर ने मीडिया को बताया कि किशोरी ने फांसी लगाई है उसके गले व माथे पर चोट का निशान है। जबकि पिता रघुवीर ने मीडिया को बताया की चांदनी फर्श पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई थी। घटना की जानकारी मिलने पर कस्बा कायमगंज चौकी के सिपाही सचिन कुमार एवं धर्मेंद्र कुमार ने रघुवीर से घटना के बारे में जांच पड़ताल की। चांदनी महारामवती इंटर कॉलेज कंपिल में कक्षा नौ की छात्रा थी।

### हादसे में युवक की मौत

**फर्रुखाबाद।** दुर्घटना में थाना शमशाबाद के ग्राम जटपुरा निवासी शीशराम के 39 वर्षीय पुत्र रामवीर की मौत हो गई। रामवीर प्रातः 10 बजे बाइक से कायमगंज जा रहा था जब वह रास्ते तभी डंपर चालक ने बाइक को टक्कर मार कर रामवीर को कुचल दिया। मौके पर ही रामवीर की मौत हो गई। पुलिस ने चालक को हिरासत में लेकर डंपर को कब्जे में ले लिया।

### बलिया में आटो रिक्शा पलटने से छात्रा की मौत

**बलिया।** बलिया जिले के उभांव क्षेत्र में एक आटो रिक्शा पलटने से एक छात्रा की मौत हो गई जबकि छह अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। नौरंगिया गांव के समीप शुक्रवार सुबह सवारियों से भरी एक ऑटो रिक्शा अचानक सामने एक मोटर साइकिल सवार के आ जाने से उसको बचाने में अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में ऑटो चालक अजय, शिल्पी मौर्य, अली असगर, वशिष्ट गोंड़ पुत्र रामप्रसाद, ओमप्रकाश गोंड़ व त्रिवेणी गुप्ता घायल हो गए।

**सूचना**

मेरी एलआईसी पॉलिसी सं. 252207591 में मेरा नाम लक्ष्य सिंह है जबकि मेरे आधार नम्बर, पैन कार्ड, बैंक एकाउन्ट व अन्य अभिलेखों में मेरा नाम लक्ष्य राजपूत है। लक्ष्य सिंह व लक्ष्य राजपूत दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं।

**-लक्ष्य राजपुत पुत्र कुलबीर सिंह ग्राम मलकपुर, ग्रेटर नौएडा, गौतम बुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश**

## अक्षय ने परिवार का नाम किया रोशन

**मेरठ,** 29 नवम्बर (देशबन्धु)। अक्षय कुमार ने पाई इंडियन आर्मी की टेक्निकल इंट्री स्कीम में ऑल इंडिया तीसरी रैंक। इस स्कीम के द्वारा भारतीय सेना प्रशिक्षु इंजीनयर भर्ती करती है। इसमें आईटीएडं टेलीकॉम इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड मैकेनिकल इंजीनियरिंग तथा सिविल एंड मैकेनिकल इंजीनियरिंग



में अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया जाता है। इस स्कीम में जेई परीक्षा में मिले अंक और एसएसबी द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से अभ्यर्थियों का चयन होता है। अक्षय एनडीए में भी चयनित हुए हैं। अक्षय सेंट मेरीज एकेडमी, मेरठ कैन्ट के विद्यार्थी रहे तथा इसी वर्ष इन्होंने बारहवीं की परीक्षा 95 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण की। सुभारती विश्वविद्यालय की डिफेन्स एकेडमी में कर्नल राजेश त्यागी और कर्नल अभय भटनागर के नेतृत्व में प्रशिक्षण भी प्राप्त किया था। अक्षय के पिता डॉ. मनोज श्रीवास्तव, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ के पत्रकारिता विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर तथा माता डॉ. छवि श्रीवास्तव महिला एवं बाल विकास विभाग में सुपरवाइजर हैं। अक्षय अपना रोल मॉडल अपने बाबा जी को मानते हैं।

# मवाना में मस्जिदों के बाहर तैनात रही पुलिस

**मवाना,** 29 नवम्बर (देशबन्धु)। मवाना कस्बे में भी जुम्मे की नमाज के दौरान पुलिस प्रशासन पूरी तरह से सतर्क रहा। संभल की घटना के बाद संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए मवाना की प्रमुख मस्जिदों और आसपास के इलाकों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए। मवाना कस्बे की बड़ी मस्जिदों के बाहर पुलिस बल की तैनाती की गई। सीओ अभिषेक पटेल के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों ने इलाके में गश्त की और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए चप्पे-चप्पे पर नजर रखी। मस्जिदों के बाहर आने-जाने वालों की गतिविधियों पर भी ध्यान दिया गया। जुम्मे की नमाज से पहले स्थानीय मौलानाओं और समाज के प्रतिष्ठित लोगों ने जनता से शांति और संयम बनाए रखने की अपील की। मस्जिदों में नमाज के दौरान प्रशासन ने लोगों से सहयोग की उम्मीद जताई। मवाना में सुरक्षा के लिए तकनीकी उपायों का भी सहारा लिया गया। ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों के जरिए संवेदनशील इलाकों की निगरानी की गई। पुलिस ने अफवाहों से बचने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत देने की अपील की।



- जुम्मे की नमाज पर ड्रोन व सीसीटीवी से की गई निगरानी

**शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई नमाज**

जुम्मे की नमाज पूरे कस्बे में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। किसी भी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। पुलिस प्रशासन की सक्रियता और जनता के सहयोग से माहौल पूरी तरह सामान्य रहा। मवाना के लोगों ने प्रशासन के प्रयासों की सराहना की और आपसी भाईचारे की मिसाल पेश की। अधिकारियों ने कहा कि ऐसी सतर्कता भविष्य में भी जारी रहेगी, ताकि शांति और सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

### शहर काजी ने नौजवानों से की समझदारी की अपील

जुमा की नमाज के दौरान शहर काजी मौलाना नफीस अहमद खान ने अवाम को संबोधित करते हुए मुस्लिम नौजवानों से संयम और समझदारी का परिचय देने की अपील की। उन्होंने कहा कि मौजूदा हालात में तमाम सियासी, समाजी और मजहबी तंजीमें अपना हक अदा कर रही हैं। हमें उन पर भरोसा रखना चाहिए और किसी भी तरह की उकसावे की कार्रवाई से बचना चाहिए। मौलाना नफीस ने कहा कि देश में बढ़ती नफरत और ज़हरीली फिज़ा को रोकने के लिए कई सेक्युलर वकील, जज, राजनेता और अन्य धर्मों के लोग भी संघर्ष कर रहे हैं। हमें उनका समर्थन करना चाहिए और हर वह कदम उठाने से बचना चाहिए जो नफरत फैलाने वालों को फायदा पहुंचाए। हमारे बड़े बुजुर्ग और जमीअत उलामा ए हिन्द कानूनी दायरे में रहकर काम कर रहे हैं।

## विनायक विद्यापीठ में आयोजित युवा उत्सव 'उत्साह' में उमड़ा सैलाब

**मेरठ,** 29 नवम्बर (देशबन्धु)। विनायक विद्यापीठ मोदीपुरम में चल रहे तीन दिवसीय युवा उत्सव 'उत्साह' के शुक्रवार को दूसरे



दिन छात्र-छात्राओं में बड़ा उत्साह दिखाई दिया और आसपास के स्कूलों के करीब 25 स्कूलों के बच्चों ने भ्रमण कर मनोरंजन किया। छात्र-छात्राओं ने लगे स्टाल पर स्वादिष्ट व्यंजन के साथ साथ गेम भी खेले। आज इस उत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में कंडारकर कमल किशोर देशभूषण, उप जिलाधिकारी, मेरठ उपस्थित हुए जिनका स्वागत महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ अनुप्रीता शर्मा ने बुके देकर किया इस दौरान संस्थान के निदेशक इंजी. विकास कुमार, डीन एकता सिंधु एवं ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट हैड प्रवीन शर्मा मौजूद रहे। युवा उत्सव की शुरुआत मुख्य अतिथि द्वारा मां सरस्वती के समक्ष ज्योति प्रवजल्लित कर एव पुष्प अर्पित करके की गई। महाविद्यालय के विभाग स्तर पर छात्र-छात्राओं के लिए भिन्न-भिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जिसमें अन्य कॉलेजों की टीमों ने भी प्रतिभाग किया। आज का मुख्य आकर्षण छात्र-छात्राओं द्वारा किए गए योग एवं मैजिक विद साइंस रहा । विजेताओं को संस्थान की प्राचार्या एवं निदेशक ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने छात्र-छात्राओं द्वारा लगाएं स्टॉल का निरीक्षण किया एवं उनके द्वारा बनाए गए व्यंजनों को चखा एव छात्रों द्वारा बनाए गए मॉडल की भी सराहना की।

## गंगनहर के पास ओयो होटल पर की गई छापेमारी

**मवाना,**29 नवम्बर (देशबन्धु)। शुक्रवार को तहसील प्रशासन और पुलिस ने गंगनहर के पास स्थित वेलकम ओयो होटल पर छापा मारकर बड़ी कार्रवाई की। हिंदू संगठनों की शिकायत पर यह कार्रवाई की गई, जिसमें होटल में अनैतिक गतिविधियों की सूचना दी गई थी। छापेमारी के वक्त होटल में दो जोड़े मौजूद थे, जिन्हें होटल संचालक ने पिछले दरवाजे से निकालने की कोशिश की।



- अनैतिक गतिविधियों की सूचना पर तहसील प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

पुलिस ने मौके पर होटल संचालक से दस्तावेज मांगे, लेकिन वह कोई भी वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद पुलिस ने होटल से संबंधित रजिस्टर और अन्य दस्तावेज जब्त कर लिए। इस दौरान एक युवक को भी हिरासत में लिया गया है, जिसे थाने भेज दिया गया। प्रशासन ने होटल में अनैतिक कार्यों को लेकर जांच शुरू कर दी है। इस छापेमारी से इलाके के होटल संचालकों में हड़कंप मच गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बिना वैध दस्तावेज और कानून के उल्लंघन करने वाले किसी भी होटल को बख्शा नहीं जाएगा।

## शोभित विश्वविद्यालय में केस स्टडी प्रतियोगिता आयोजित



**मेरठ,** 29 नवम्बर (देशबन्धु)। शोभित विश्वविद्यालय के एंटरप्रेन्योरशिप सेल और नाइस स्कूल ऑफ बिजनेस स्टडीज द्वारा राष्ट्रीय उद्यमिता दिवस के अवसर पर केस स्टडी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में आठ टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और प्रस्तुत केस स्टडी का प्रभावी समाधान प्रस्तुत किया। प्रतिभागियों ने हावर्ड बैंक की एक समस्या पर अपने रचनात्मक और प्रभावशाली विचारों को प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुत किया और निर्णायकों के प्रश्नों के उत्तर देकर अपनी दक्षता साबित की। कार्यक्रम का संचालन बीबीए सेकेंड ईयर की छात्राओं श्रुति जैन और मुस्कान ने सफलतापूर्वक किया। प्रतियोगिता के विजेता। प्रथम स्थान पर टीम सक्सेस सीकर, द्वितीय स्थान पर टीम लीगल हाइव, तृतीय स्थान पर टीम प्रज्ञा, अनिकेत, कुंदन। विजेता टीमों को नाइस स्कूल ऑफ बिजनेस स्टडीज के निदेशक और डीन अकादमिक प्रोफेसर अशोक गुप्ता, डॉ. इवगेनिया झारिकोवा (समन्वयक, सेंटर फॉर लैंग्वेज एंड फॉरेन स्टडीज), और डॉ. मनोज कुमार शर्मा (प्रोफेसर, बायोमेडिकल) ने पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।

**तैयारी** *महाकुंभ की सफलता के लिए स्थानीय अफसरों की भारी भरकम टीम तैनात*

# श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए अधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी

**लखनऊ/प्रयागरा, 29 नवम्बर (देशबन्धु)। महाकुंभ-2025 के दिव्य और भव्य आयोजन को सुनिश्चित करने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों को विशेष क्षेत्रों में तैनात किया जा रहा है। इन अधिकारियों पर विभिन्न गतिविधियों की देखरेख और प्रबंधन का दायित्व होगा। इसी क्रम में जिलाधिकारी प्रयागराज के द्वारा अधिकारियों को उनकी जिम्मेदारियों के अनुसार कार्यक्षेत्र सौंप दिए हैं। मेला आयोजन को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से यह आदेश जारी किया गया है। जिलाधिकारी कार्यालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार मुख्य विकास।**

अधिकारी गौरव कुमार महाकुंभ-2025 के किसी भी कार्य के लिए अधोहस्ताक्षरी के आदेशानुसार सभी आवश्यक कार्यवाही के प्रभारी होंगे। वहीं, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) विनय कुमार सिंह झूसी और आस-पास के क्षेत्र का सम्पूर्ण प्रबंधन देखेंगे। अपर जिलाधिकारी (भूलेख) कुंवर पंकज नैनी और उसके आस-पास के क्षेत्र का कार्य देखेंगे, जबकि अपर जिलाधिकारी (नजूल) प्रदीप कुमार के पास फाफामऊ और आस-पास के क्षेत्र की



जिम्मेदारी होगी। अपर जिलाधिकारी (नगर) मदन कुमार को नगर क्षेत्र की सम्पूर्ण देखरेख का जिम्मा दिया गया है तो अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) पूजा मिश्रा को आईसीसीसी (प्रयागराज मेला प्राधिकरण) में स्थित कंट्रोल रूम का प्रभार सौंपा गया है। इसके अतिरिक्त महाकुंभ-2025 के प्रमुख स्नान पर्व

- रेलवे व बस स्टेशन और होल्डिंग एरिया के लिए भी नोडल, सहायक नोडल व सेक्टर अधिकारियों की हुई तैनाती

को सकुशल एवं निर्विघ्न सम्पन्न कराने हेतु रेलवे स्टेशनों पर श्रद्धालुओं/स्नानार्थियों एवं भक्तजनों की भीड़ के दृष्टिगत नोडल/सहायक नोडल अधिकारी, सेक्टरवार अधिकारियों की ड्यूटी भी लगाई गई है। पीडीए वीसी अमित पाल शर्मा को प्रयागराज जंक्शन का नोडल अधिकारी बनाया गया है, जबकि अपर नगर मजिस्ट्रेट (तृतीय) सुदामा वर्मा को सूबेदारगंज और अपार नगर आयुक्त दीपेंद्र यादव रामबाग रेलवे स्टेशन के नोडल होंगे। इसी तरह, अपर नगर मजिस्ट्रेट (प्रथम) संदीप तिवारी प्रयाग रेलवे स्टेशन, ओएसडी पीडीए संजीव कुमार उपाध्याय फाफामऊ रेलवे स्टेशन, उप जिलाधिकारी (न्यायिक) प्रेरणा गौतम प्रयाग संगम, अपर नगर आयुक्त अरविंद कुमार राय दारागंज रेलवे स्टेशन के नोडल होंगे। अपर उप जिलाधिकारी सदर गणेश कनौजिया को झूसी रेलवे स्टेशन, उप जिलाधिकारी (न्यायिक) करछना, जूही प्रसाद को नैनी रेलवे स्टेशन और उप जिलाधिकारी जयजीत कौर को छिंवकी-नैनी रेलवे स्टेशन का नोडल बनाया गया है। ये सभी नोडल, सहायक नोडल अधिकारियों और सेक्टर अधिकारियों के साथ मिलकर व्यवस्था देखेंगे। इसके साथ ही समस्त होल्डिंग एरिया की व्यवस्था हेतु भी नोडल, सहायक नोडल और सेक्टर अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की गई है।

## भाजपा नेताओं की महिलाओं ने की चप्पलों से पिटाई

**फर्रुखाबाद,** 29 नवम्बर (देशबन्धु)। पंचायत में महिलाओं से पिटने वाले भाजपा नेताओं ने पार्टी को शर्मसार कर दिया है। थाना कंपिल के एक गांव में सोमवार को शादी समारोह का कार्यक्रम था। कार्यक्रम मे एक किशोरी आयी थी। वह पूर्व प्रधान के पिता की दुकान पर सामान ख़रीदने गयी थी किशोरी के साथ दुकानदार ने छेड़खानी कर दी। परिजनों की शिकायत पर पुलिस के आने पर दबंग आरोपी गांव से भाग गया। आज गुरुवार को नगर अध्यक्ष सहित कई नेता आरोपी व उसके पुत्र को लेकर पीड़िता के घर पहुंचे। जिनमे एक विधायक का करीबी भी बताया जा रहा है। भाजपाई गलती को माफ करने की बात कह कर समझौता करने का दबाब बनाने लगे। जिससे परिवार की महिलाओं मैं रोज व्याप्त हो गया।आक्रोशित महिलाओ ने आरोपी और भाजपा नेताओं पर जूतों व चप्पलों से हमला बोल दिया। पकड़े जाने के भय से भाजपा नेता किसी तरह जान बचाकर भाग गये। पिटने वाले भाजपा नेताओं ने फिलहाल पुलिस से कोई शिकायत नहीं की है। अपमानित भाजपा नेता मामले को दबाने का प्रयास कर रहे हैं जबकि पुराने दिग्गज नेता इन नेताओं को नंगा करने के प्रयास में सक्रिय हो गए हैं। बताया जाता है कि पीड़ित परिवार पिछड़े वर्ग का है जबकि आरोपी व पैरवी करने भाजपा नेता सवर्ण है।

## पॉप-स्टार एड शीरन 2025 में छह भारतीय शहरों में करेंगे प्रदर्शन

**मुंबई।** वैश्विक पॉप स्टार एड शीरन 2025 में छह भारतीय शहरों में प्रदर्शन करेंगे। एड शीरन मार्च 2024 में अपने मुंबई कॉन्सर्ट के बाद भारत के अपने अब तक का सबसे बड़ा दौरा करने वाले हैं, जहां वह अपने संगीत के साथ दिल्ली सहित छह शहरों में प्रदर्शन करेंगे। एड शीरन ने शुक्रवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर प्रशंसकों के साथ रोमांचक खबर साझा की।उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर कर लिखा, आपके खूबसूरत देश के अपने अब तक के सबसे बड़े दौरे के लिए भारत वापस आ रहा हूं। साथ ही पहली बार भूटान में भी आ रहा हूं, एक दशक में पहली बार कतर वापस आ रहा हूं और बहरीन के खूबसूरत एम्फीथिएटर में फिर से आने वाला हूं। वर्ष 2025 की शुरुआत कितनी अच्छी हो रही, आप सभी को वहां देखने के लिए इंतजार नहीं कर सकता।

# सर्दियों के सुपरफूड्स में है गुण हजार, बीमारियों से रहेंगे कोसों दूर

## डायबिटीज, दिल की बीमारियों व पाचन संबंधी समस्याओं से निपटने में भी मदद

**नई दिल्ली,** 29 नवम्बर (एजेंसियां)। सर्दियों का सुपर फूड कहते हैं इन्हें। वह इसलिए भी क्योंकि इनमें प्रोटीन, आयरन, फाइबर और कैल्शियम की मात्रा ठीक ठाक होती है। ये सुपरफूड हैं ज्वार, बाजरा, रागी, चना जिन्हें मोटा अनाज कहा जाता है। नाम भले ही मोटा है लेकिन एक्सपर्ट मानते हैं कि इन्हें खाकर शरीर फैलता नहीं है यानि आप मोटे नहीं होते लेकिन सेहतमंद जरूर होते हैं। अलावा ये पाचन को बेहतर बनाते हैं और इम्यून सिस्टम को मजबूत रखते हैं। आइए जानते हैं कि सर्दियों में इन मोटे अनाजों को अपनी डाइट में कैसे शामिल करें और इनके फायदे क्या हैं।



**बाजरा :** बाजरे को प्राचीन भारतीय आहार में महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त है। यह सर्दियों में शरीर को गरमाहट प्रदान करता है। बाजरे में भरपूर मात्रा में फाइबर, आयरन, कैल्शियम, और जिंक पाया जाता है, जो हड्डियों को मजबूत बनाने में मदद करता है। यह डायबिटीज, दिल की बीमारियों और पाचन संबंधी समस्याओं से निपटने में भी मदद करता है। रक्तचाप नियंत्रित रहता है और वजन भी नियंत्रित रहता है। सर्दियों के मौसम में बाजरे की खिचड़ी, पराठा, और ढोकला बनाकर खा सकते हैं।

**ज्वार :** ज्वार का सेवन भी सर्दियों में स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होता है। इसमें प्रोटीन, आयरन, फाइबर और कैल्शियम जैसे महत्वपूर्ण पोषक तत्व होते हैं। ज्वार विशेष रूप से वजन घटाने में मदद करता है, यह ग्लूटेन-फ्री डाइट के लिए भी आदर्श है। ज्वार को खाने से हृदय स्वास्थ्य बेहतर रहता है और रक्त में कोलेस्ट्रॉल का स्तर भी नियंत्रित रहता है। ज्वार की रोटियां, ज्वार का उपमा, और ज्वार का हलवा सर्दियों में आराम से खाया जा सकता है।

**रागी :** रागी की गिनती भी मोटे अनाज के रूप में होती है, यह सर्दियों में शरीर को गर्मी प्रदान करता है। वजन को नियंत्रित करने में मदद करता है और पाचन क्रिया को दुरुस्त करता है। रागी का सेवन मांसपेशियों की ताकत बढ़ाने और रक्त में शर्करा की मात्रा को नियंत्रित करने में भी सहायक है।

**उड़द दाल :** उड़द दाल भी मोटे अनाजों के श्रेणी में आती है और सर्दियों में इसके सेवन से शरीर को अतिरिक्त ऊर्जा मिलती है। इसमें प्रोटीन, फाइबर और आयरन की भरपूर मात्रा होती है। उरद दाल पाचन क्रिया को बेहतर बनाती है। इसके सेवन से शरीर में खून की कमी भी पूरी होती है और इम्यून सिस्टम मजबूत होता है।

# आशा पारेख ने शम्मी कपूर के साथ बिताए सुनहरे पलों को किया याद

**मुंबई,** 29 नवम्बर (एजेंसियां)। बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री आशा पारेख ने दिवंगत अभिनेता शम्मी कपूर को याद करते हुए कहा कि वह उनके परिवार की तरह थे। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि वह उन्हें 'चाचू' कहकर बुलाती थीं।

शम्मी कपूर के साथ 1966 की फिल्म 'तीसरी मंजिल' में काम करने वाली अभिनेत्री ने कहा कि पसंदीदा सह-कलाकार चुनना मुश्किल है, लेकिन शम्मी जी के साथ काम करना हमेशा से ही एक खास तरह का अनुभव रहा है। वह एक को-स्टार से कहीं बढ़कर थे। वह मेरे लिए परिवार की तरह थे। मैं उन्हें प्यार से 'चाचू' कहती थी। आशा पारेख ने आगे कहा कि स्वाभाविक रूप से तालमेल के साथ काम करने से सब कुछ आसान हो गया। उनके काम करने का तरीका बहुत अलग था। उनकी सबसे खास बात यह थी कि जब भी उन पर कोई गाना फिल्माया जाता था, तो ऐसा लगता था कि जैसे संगीत उनके पूरे शरीर में बह रहा हो।

कोरियोग्राफी पर बात करते हुए अभिनेत्री ने कहा कि हमारे पास हमारे सीक्वेंस के लिए कोई डांस मास्टर नहीं था। हमने सब कुछ खुद ही कोरियोग्राफ किया। वह कहते थे, 'तुम यह करो' और मैं जवाब देती थी, 'मैं वह करूंगी' और स्टेप्स बड़े ही आराम से किए जाते थे। वह बहुत



एनर्जेटिक थे। विजय आनंद द्वारा निर्देशित फिल्म 'तीसरी मंजिल' में हेलेन, प्रेमनाथ, इफ्तिखार और प्रेम चोपड़ा भी सहायक भूमिकाओं में हैं।

अभिनेत्री शो 'सा रे गा मा पा' में एक अतिथि के तौर पर शामिल हुईं। यह शो जी टीवी पर प्रसारित होता है। आशा पारेख की बात करें तो उन्होंने चार दशक से ज्यादा लंबे करियर में 85 से ज्यादा फिल्मों में काम किया है। उन्होंने 1952 में 'मां' से एक बाल कलाकार के रूप में अपनी शुरुआत की। बाद में अभिनेत्री को 'दिल देके देखो', 'जब प्यार किसी से होता है।

# 31 साल बाद घर पहुंचे राजू के लिए भगवान का दूत बन गया ट्रक ड्राइवर

**गाजियाबाद,** 29 नवम्बर (देशबन्धु)। 31 साल बाद अपने मां-बाप से मिलने के बाद राजू और उसके मां-बाप व भाई बहन ही नहीं, बल्कि आस पड़ोस में रहने वाले सैकड़ो लोगों की आंखें नम हो गईं। राजू के अपने घर वापसी की कहानी किसी फिल्म से काम नहीं है। राजू के लिए भगवान का दूत बनकर एक ट्रक ड्राइवर उस जगह पहुंचा, जहां राजू को इतने सालों से रखा गया था और लगातार यातनाएं दी जा रही थीं। राजू को बेड़ियों से आजाद कराकर गाजियाबाद के खोड़ा थाने तक पहुंचाने वाले ट्रक ड्राइवर ने किसी को अपना परिचय नहीं बताया। उसने सभी को मना किया कि उसका नाम किसी के सामने न लिया जाए। राजू के परिजन और रिश्तेदार उस ट्रक ड्राइवर को भगवान का दूत मान रहे हैं। राजू की बहन ने बताया कि राजू के गाजियाबाद के खोड़ा थाना पहुंचने से कुछ दिन पहले ही वह ट्रक ड्राइवर उस जगह पर पहुंचा था जिसे



- राजू के लौटकर आने के बाद उसके परिजन बहुत ज्यादा खुश
- 1993 में स्कूल से वापस आते वक्त राजू को कुछ लोगों ने किया था अगवा

अभी राजस्थान का जैसलमेर इलाका बताया जा रहा है) जहां राजू को सालों से बंधक बनाकर रखा गया था। 1993 में स्कूल से वापस आते वक्त राजू को कुछ लोगों ने अगवा कर लिया था और अपने साथ लेकर राजस्थान चले गए थे। राजू को ले जाने के बाद उसे एक झोपड़ी में रखकर यातनाएं दी गईं और उसे बकरी चराने का काम दिया गया था।

राजू की बहन ने बताया कि कुछ दिन पहले एक ट्रक ड्राइवर राजू के पास पहुंचा और राजू की हालत को देखकर उसे उस पर दया आ गई। उसने राजू से उसकी इस हालात के बारे में पूछा। राजू ने उसे बताया वह गाजियाबाद का रहने वाला है और बचपन में उसे कुछ लोग उठाकर यहां ले आए थे। उस ट्रक ड्राइवर ने राजू को बचाने की ठानी। उसने राजू को बेड़ियों से आजाद किया और फिर उसे अपने साथ गाजियाबाद के खोड़ा तक ले आया। यहां पर ट्रक ड्राइवर ने पुलिसकर्मियों को एक चिट्ठी लिख कर दी कि जिसका भी यह बेटा है, उसे ढूंढ कर सौंप दिया जाए। ट्रक ड्राइवर ने सभी से अपनी पहचान गुप्त रखने की गुजारिश की है और उसने अपना पता ठिकाना भी नहीं बताया। राजू के लौटकर आने के बाद उसके परिजन बहुत ज्यादा खुश हैं और ट्रक ड्राइवर को भगवान का दूत मान रहे हैं। राजू खुद बजरंगबली का बहुत बड़ा भक्त है और उन्हीं के सहारे उसने इतने दिन कैद में काटे। राजू के परिजनों के मुताबिक ट्रक ड्राइवर बजरंगबली का भेजा हुआ दूत था, जिसने राजू को कैद से आजाद कराया और उसके घरवालों तक पहुंचा दिया।

# आंवला सेहत के लिए है बेहद फायदेमंद

**नई दिल्ली,** 29 नवम्बर (एजेंसियां)। आंवला आयुर्वेदिक उपचार का अहम हिस्सा रहा है, इसके स्वास्थ्य लाभ अनगिनत हैं। आंवला विटामिन सी, एंटीऑक्सीडेंट्स, फाइबर, मिनरल्स और आवश्यक पोषक तत्वों से भरपूर होता है, जो सेहत के लिए अत्यंत लाभकारी होता है।

आंवला विटामिन सी का एक बेहतरीन स्रोत है, यह शरीर के लिए एक शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट के रूप में काम करता है। शरीर के इम्यून सिस्टम को मजबूत करने, त्वचा की सेहत को सुधारने, और सूजन को कम करने में विटामिन सी काफी मदद करता है। एक आंवला में करीब 600 से 700 मिग्रा विटामिन सी होता है, सर्दी-जुकाम और फ्लू से बचाव करने में भी आंवला सहायक है।

हृदय स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए भी आंवला बेहद फायदेमंद है। आंवले में उच्च मात्रा में फाइबर और पोटेशियम होता है, जो रक्तचाप को नियंत्रित करने में मदद करता है। यह कोलेस्ट्रॉल के स्तर को भी कम करता है। इसके अलावा, आंवला में एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो हृदय की रक्त वाहिकाओं में सूजन को कम करने में मदद करते हैं।

आंवले में उच्च मात्रा में फाइबर होता है, जो पाचन क्रिया को बेहतर बनाने में मदद करता है। आंवला कब्ज, एसिडिटी और पेट के अन्य विकारों से राहत दिलाने में प्रभावी है। इसके अलावा, आंवला सेवन से आंतों की सफाई होती है और पेट के बैक्टीरिया का संतुलन बनाए रखने में मदद मिलती है।



- आंवला विटामिन सी, फाइबर, मिनरल्स व आवश्यक पोषक तत्वों से भरपूर
- कब्ज, एसिडिटी और पेट के अन्य विकारों से राहत दिलाने में प्रभावी

बालों को मजबूत करने के लिए भी आंवला बेहद फायदेमंद है। यह बालों की जड़ों को मजबूत करता है, बालों का झड़ना कम करता है और नए बालों के विकास को बढ़ावा देता है। आंवला में मौजूद विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट्स बालों की ग्रोथ को तेज करते हैं और इन्हें स्वस्थ और चमकदार बनाते हैं। बालों में आंवला तेल लगाने से बालों की कमजोरी और डैंड्रफ जैसी समस्याएं दूर होती हैं।

आंवला त्वचा के लिए भी बेहद लाभकारी है। यह झुर्रियों को कम करने और त्वचा को चमकदार बनाने में मदद करता है। आंवला के एंटीऑक्सीडेंट्स त्वचा को पर्यावरणीय नुकसान से बचाते हैं। इसके अलावा, आंवला के सेवन से शरीर में कोलेजन का उत्पादन बढ़ता है, जो त्वचा को नमी प्रदान करता है। डायबिटीज के मरीजों के लिए भी आंवला सेवन फायदेमंद साबित हो सकता है। यह ब्लड शुगर के स्तर को नियंत्रित करने में मदद करता है। आंवला में मौजूद फाइबर और एंटीऑक्सीडेंट्स इंसुलिन के उत्पादन को बढ़ावा देते हैं और ब्लड शुगर बढ़ने से रोकते हैं। डायबिटीज के मरीज अगर नियमित रूप से आंवला का सेवन करें तो उनकी स्थिति में सुधार हो सकता है।

इसके अलावा, आंवला वजन घटाने के लिए भी उपयोगी साबित हो सकता है। इसमें कम कैलोरी होती है और यह मेटाबोलिज़्म को तेज करता है। आंवला का सेवन शरीर की चर्बी को घटाने में मदद करता है और पेट को लंबे समय तक भरा हुआ रखता है, जिससे अधिक खाने की इच्छा कम होती है। इसके अलावा, आंवला शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में मदद करता है, जो वजन घटाने में सहायक होते हैं।

# मां शौकत कैफी को याद कर भावुक हुईं शबाना आजमी

**मुंबई,** 29 नवम्बर (एजेंसियां)। दिग्गज अभिनेत्री शबाना आजमी ने अपनी मां शौकत कैफी को याद करते हुए सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट शेयर किया। इंस्टाग्राम पोस्ट में अभिनेत्री ने अपनी मां को जिंदादिल बताते हुए उनकी खासियतें बताईं। तस्वीर में मां-बेटी को बात करते हुए देखा जा सकता है। अपनी पोस्ट के साथ एक नोट में शबाना ने लिखा, मेरी मां एक मजेदार महिला थीं। वह हमेशा गाने और कविता गुनगुनाती रहती थीं। जब किसी बात पर खुश होती थीं तो खुलकर हंसती थीं। एक काम जो वो चाह कर भी नहीं कर पाईं वो था सीटी बजाना! हांलाकि मेरे भाई से उन्होंने इसे सीखने की बहुत कोशिश की! बता



दें कि शबाना की मां शौकत कैफी का 2022 में 93 वर्ष की आयु में निधन हो गया था। जावेद अख्तर ने ये खबर सुनाई थी। कहा था, वह 93 वर्ष की थीं और उन्हें एक के बाद एक समस्याएं हो रही थीं। उन्हें कोकिलाबेन धीरूबाई अंबानी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, कुछ दिनों के लिए वह आईसीयू में थीं। शबाना आजमी की मां शौकत कैफी थिएटर में काम करने के अलावा एक सफल अभिनेत्री भी थीं। वही शबाना के पिता कैफी आजमी उर्दू के मशहूर कवि और गीतकार थे। शबाना का करियर भी शानदार रहा है। समानांतर से लेकर कमर्शियल सिनेमा तक में उन्होंने अपनी धाक जमाई। अभी भी पूरे उत्साह और जुनून से अपनी कला को निखार रही हैं।

शबाना आजमी अभिनीत 'बन टिक्की' का वर्ल्ड प्रीमियर 5 जनवरी को कैलिफोर्निया के 36वें पाम स्प्रिंग्स इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (पीएसआईएफएफ) में होगा। फराज आरिफ अंसारी द्वारा निर्देशित इस फिल्म में जीनत अमान और अभय देओल भी हैं। यह फिल्म फैशन डिजाइनर से निर्माता बने मनीष मल्होत्रा की साली मोहब्बत के बाद निर्माता के रूप में दूसरी फिल्म है।

# गिलहरी और मोर के बाद धर्मेंद्र के घर आए दो खास मेहमान

**मुंबई,** 29 नवम्बर (एजेंसियां)। बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र अपने फार्महाउस पर ज्यादा से ज्यादा समय बिताते हैं। वह जब भी वहां जाते है, वहां से जुड़े अनमोल पल फैंस के साथ जरूर शेयर करते है। बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र इससे पहले फार्महाउस में आई गिलहरी और मोर की तस्वीरें शेयर की थी। मगर अब उनके घर में एक नहीं दो मेहमान पहुंचे। उन्होंने एक वीडियो शेयर किया, जिसमें उनके घर की ग्रिल पर बैठे दो लंगूर देखे जा सकते हैं।

धर्मेंद्र ने इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए लिखा, दोस्तों, जंगल में पहले मोर आए खा पी कर चलते बने..अब ये जनाब आ गए हैं..जाने क्या करेंगे। अगस्त माह में धर्मेंद्र ने गिलहरी के साथ खेलती एक प्यारी वीडियो शेयर की थी। क्लिप में गिलहरी धर्मेंद्र के पैर पर दौड़ती हुई दिखाई दी थी और धर्मेंद्र कह रहे थे- इस जीव को देखो यह कितना प्यारा है, हमें इन जीवों से सीखना चाहिए।

बॉलीवुड के 'ही-मैन' कहे जाने वाले धर्मेंद्र ने 1960 के दशक के मध्य में 'आई मिलन की बेला', 'फूल और पत्थर', 'आए दिन बहार के', 'आंखें',



'शिकार', 'आया सावन झूम के', 'जीवन मृत्यु', 'मेरा गांव मेरा देश', 'सीता और गीता', 'राजा जानी', 'यादों की बारात', 'दोस्त', 'शोले', 'हुकूमत', 'आग ही आग', 'द बर्निंग ट्रेन', 'जुगनू' जैसी फिल्मों से लोकप्रियता हासिल की।

1990 के दशक की कई सफल फिल्मों में चरित्र भूमिकाओं में दिखाई दिए, जिनमें 'प्यार किया तो डरना क्या', 'लाइफ इन ए मेट्रो', 'अपने', 'जॉनी गद्दार' और 'यमला पगला दीवाना' के नाम शामिल हैं।

# 55वां भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव संपन्न

**पणजी,** 29 नवम्बर (एजेंसियां)। गोवा के डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी इंडोर स्टेडियम में सिनेमा के जादू और कहानी कहने की भावना का जश्न मनाने वाले एक शानदार समापन समारोह के साथ 55वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (इफ्फी) संपन्न हो गया। यह कार्यक्रम वैश्विक और भारतीय सिनेमा के नौ दिवसीय उत्सव का एक उपयुक्त समापन था, जिसने फिल्म निर्माताओं, कलाकारों और सिनेप्रेमियों को स्क्रीन पर कहानी कहने के जादू की साझा प्रशंसा के लिए एकजुट किया। रेड-कार्पेट के क्षणों से लेकर आत्मा को झकझोर देने वाले प्रदर्शनों और उत्कृष्ट कहानी कहने की कला तक, समापन समारोह सितारों से भरा एक कार्यक्रम था, जिसमें सिनेमा के बेहतरीन प्रस्तुतियों और उन कलाकारों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने अमिट छाप छोड़ी है।इस सिनेमाई उत्सव के अंतिम अध्याय का अनावरण करते हुए, समारोह में





ऐसे पल और यादें शामिल थीं, जो सिनेमा प्रेमियों के मन में लंबे समय तक बनी रहेंगी।

इस उत्सव का समापन फिल्म, 'ड्राई सीज़न' के साथ हुआ – जिसे प्रशंसित चेक फिल्म निर्माता बोहदान स्लैमा ने निर्देशित किया था, जिसमें मानवता, स्थायित्व और पीढ़ीगत बंधनों की कहानी को दर्शाया गया है। समापन रात का सबसे प्रतीक्षित खंड प्रतिष्ठित पुरस्कारों की प्रस्तुति थी, जिसमें असाधारण प्रतिभा और कहानी कहने की क्षमता को मान्यता दी गई। इस साल सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म के लिए सबसे प्रतिष्ठित गोल्डन पीकॉक पुरस्कार टॉक्सिक को मिला।

# अल्जाइमर का पता लगाने में कामयाब है आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टूल

**नई दिल्ली,** 29 नवम्बर (एजेंसियां)। अमेरिकी शोधकर्ताओं की एक टीम ने एक नया आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित उपकरण विकसित किया है जो अल्जाइमर रोग के सूक्ष्म संकेतों को पहचान सकता है। कैलिफोर्निया में ग्लैडस्टोन इंस्टीट्यूट्स की टीम ने अल्जाइमर के प्रमुख पहलुओं की नकल करने के लिए चूहों को तैयार किया और मस्तिष्क रोग के शुरुआती लक्षणों का पता लगाने के लिए नए वीडियो-आधारित मशीन लर्निंग टूल का इस्तेमाल किया।

वर्तमान में इस बीमारी की पहचान में काफी समय लगता है। मगर सेल रिपोर्ट्स नामक पत्रिका में प्रकाशित निष्कर्ष न्यूरोलॉजिकल बीमारी की पहचान समय से



पहले करने की नई रणनीति पर प्रकाश डालते हैं। ग्लेडस्टोन के अन्वेषक (इन्वेस्टिगेटर) जॉर्ज पालोप ने कहा कि एआई संभावित रूप से मस्तिष्क के कार्य में प्रारंभिक असामान्यताओं के संकेत देने वाले अल्जाइमर से जुड़े व्यवहारों के विश्लेषण में क्रांतिकारी

- उपकरण गंभीर मस्तिष्क विकारों की उत्पत्ति और प्रगति को समझने में मदद
- अल्जाइमर बीमारी से धीरे-धीरे मरीज की याददाश्त में कमी

बदलाव ला सकता है। वेरिएशनल एनिमल मोशन एम्बेडिंग नामक एक मशीन लर्निंग प्लेटफॉर्म ने खुले क्षेत्र में घूमते हुए चूहों के वीडियो फुटेज का विश्लेषण किया। इसने सूक्ष्म व्यवहार पैटर्न, अव्यवस्थित व्यवहार, असामान्य पैटर्न और चूहों की उम्र बढ़ने के साथ-साथ विभिन्न गतिविधियों के बीच अधिक बार संक्रमण की पहचान की। ये व्यवहार, जो संभवतः स्मृति और ध्यान की कमी से जुड़े हैं, कैमरे में कैद किए गए थे। पालोप ने कहा कि यह उपकरण गंभीर मस्तिष्क विकारों की उत्पत्ति और प्रगति को समझने में मदद कर सकता है, उन्होंने कहा कि इसे अन्य न्यूरोलॉजिकल रोगों पर भी लागू किया जा सकता है। इसके अलावा, नए अध्ययन में वेरिएशनल एनिमल मोशन एम्बेडिंग का उपयोग यह जानने के लिए भी किया गया कि क्या अल्जाइमर के लिए संभावित चिकित्सा तरीका चूहों में अव्यवस्थित व्यवहार को रोक सकेगा। उन्होंने पाया कि मस्तिष्क में टॉक्सिक इंफ्लामेशन को ट्रिगर करने वाले फाइब्रिन को आनुवंशिक रूप से अवरुद्ध करने से चूहों में अल्जाइमर के विकास को रोका जा सकता है।

# अमेज़न डॉट इन ने ग्राहकों के लिए पेश किया विंटर वेलनेस स्टोर

**गुरुग्राम** 29 नवम्बर (एजेंसियां)। अमेज़न.इन ने ग्राहकों के लिए खासतौर पर 'विंटर वेलनेस स्टोर' पेश किया है। डाबर द्वारा प्रायोजित यह स्टोर आने वाले सर्दी के महीनों की तैयारी करने के लिए ग्राहकों की मदद करेगा। ग्राहक कम कीमत पर विंटर केयर से जुड़े जरूरी प्रोडक्ट के विशाल संग्रह में से अपने पसंदीदा प्रोडक्ट की खरीदारी कर सकते हैं। यहां उपलब्ध कराए गए सभी प्रोडक्ट अमेजन की तेज़ और विश्वसनीय डिलीवरी के साथ ग्राहकों के घर पर उपलब्ध कराए जाएंगे। 'विंटर वेलनेस स्टोर' में इंटरनेशनल और भारतीय दोनों प्रकार के ब्रांडों के किराना, बेबी आइटम, पेट केयर, हेल्थ एवं पर्सनल केयर प्रोडक्ट जैसी कैटेगरी के प्रोडक्ट की विशाल रेंज उपलब्ध कराई गई है। इस स्टोर के प्रायोजक डाबर के साथ, ग्राहक कपिवा, कोफोल, क्रिक, बैद्यनाथ असली आयुर्वेद, हॉर्लिक्स और केरल आयुर्वेद सहित टॉप ब्रांडों के विंटर केयर से जुड़े ऑफ़र का लाभ उठा सकते हैं। यहां उपलब्ध ऑफर्स में चुनिंदा विंटर हेल्थ केयर और किराने के सामान पर 45 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है।

### सर्वाधिक बढने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| भारती एयरटेल | 4.30 प्रतिशत |
| सन फार्मा | 2.68 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 2.38 प्रतिशत |
| अडानी पोर्ट्स | 1.94 प्रतिशत |
| रिलायंस | 1.66 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| पावर ग्रिड | 1.23 प्रतिशत |
| अडानी पावर | 1.01 प्रतिशत |
| अपोलो हॉस्पीटल | 0.12 प्रतिशत |
| नेस्ले इंडिया | 0.07 प्रतिशत |
| एसबीआई | 0.05 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 75,916 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 87,197 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 84.49 | 84.51 |
| पौड स्टर्लिंग | 106.21 | 106.45 |
| यूरो | 88.45 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 2600-2700 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3740-3840 |
| चीनी एम | 4000-4100 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 7400-7500 |
| दाल चना | 8250-8350 |
| मसूर काली | 7350-7450 |
| उड़द दाल | 10400-10500 |
| मूंग दाल | 9400-9500 |
| अरहर दाल | 10400-10500 |

# [अर्थ जगत]

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



## विकसित भारत के लिए खनन क्षेत्र तैयार : रेड्डी

■ अपतटीय क्षेत्रों में 13 खनिज ब्लॉकों की नीलामी का पहला चरण शुरू

**नई दिल्ली,** 29 नवम्बर (एजेंसियां)। केंद्रीय खान मंत्रालय ने देश के अपतटीय क्षेत्रों में 13 खनिज ब्लॉकों की नीलामी का पहला चरण शुरू कर दिया है। सरकार का यह कदम समुद्र के नीचे खनिज संसाधनों की खोज और विकास में भारत के प्रवेश की एक ऐतिहासिक पहल के रूप में खास है। इस नीलामी का शुभारंभ खान मंत्री जी. किशन रेड्डी और मंत्रालय के अधिकारियों ने किया।

भारत के अपतटीय क्षेत्र में टेरिटोरियल वॉटर, कॉन्टिनेंटल शेल्फ, एक्सक्लूसिव इकोनॉमिक जोन और दूसरे समुद्री क्षेत्र शामिल हैं। पहले चरण के तहत कुल 13 ब्लॉकों की नीलामी की जाएगी, जिसमें रेत के निर्माण और चूना मिट्टी के लिए तीन-तीन ब्लॉक शामिल हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, 13 में से सात ब्लॉक पॉलिमेटेलिक नोड्यूल होंगे।

केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी ने नीलामी की शुरुआत की सराहना करते हुए इस कदम को अपतटीय




यह नीलामी और एक्सप्लोरेशन भारत की ब्लू इकॉनमी को अनलॉक करेगा : जी. किशन रेड्डी, केंद्रीय मंत्री

एक्सप्लोरेशन में एक नए युग की शुरुआत बताया। उन्होंने कहा कि यह भारत के एक्सक्लूसिव इकोनॉमिक जोन इंफ्रास्ट्रक्चर, इलेक्ट्रिक व्हीकल, रिन्यूएबल एनर्जी जैसे सेक्टर के लिए संसाधनों को जुटाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, जो भारत के आत्मनिर्भर बनने की राह में एक अहम कदम होगा। उन्होंने पर्यावरण पर नकारात्मक प्रभाव को कम करते हुए सरकार के सस्टेनेबल खनन से जुड़े उद्देश्यों पर जोर दिया। केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी ने अपतटीय खनिजों के शुभारंभ के बाद अपने संबोधन में कहा कि यह नीलामी और एक्सप्लोरेशन भारत की ब्लू इकॉनमी को अनलॉक करेगा और खनन क्षेत्र को विकसित भारत की यात्रा का हिस्सा बनने में मदद करेगा। कई देश अपतटीय खनन कर रहे हैं और अब भारत भी इसका हिस्सा होगा। व्यापार को आसान बनाने के लिए, खान मंत्रालय कई उपाय और संशोधन शुरू कर रहा है। इससे पहले खान मंत्रालय के सचिव वीएल. कांथा राव ने अपने संबोधन में आयात पर निर्भरता कम करने के महत्व को उजागर किया। उन्होंने बताया कि अपतटीय नीलामी भारत के खनिज स्रोतों में विविधता लाने का काम करेगी।

## देश के वर्कफोर्स में तेजी से बढ़ रही महिलाओं की भागीदारी : करंदलाजे

**नई दिल्ली।** बीते कुछ वर्षों में भारत में वर्कफोर्स को लेकर महिलाओं की भागीदारी तेजी से बढ़ी है। यह जानकारी केंद्रीय श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने हाल ही में दी। उन्होंने बताया कि देश के वर्कफोर्स में महिलाओं की भागीदारी में पिछले छह वर्षों में तेजी आई है। महिला रोजगार पर राज्यसभा सांसद सागरिका घोष के एक प्रश्न का उत्तर देते हुए, करंदलाजे ने उच्च सदन को बताया कि 15 वर्ष और उससे अधिक आयु की महिलाओं के लिए श्रमिक जनसंख्या अनुपात (डब्ल्यूपीआर) और श्रम शक्ति भागीदारी दर (एलएफपीआर) में लगातार वृद्धि देखी गई है।



2017-18 में श्रमिक जनसंख्या अनुपात 22 प्रतिशत और श्रम शक्ति भागीदारी दर 23.3 प्रतिशत थी, जो कि 2023-24 में बढ़कर क्रमश: 40.3 प्रतिशत और 41.7 प्रतिशत तक पहुंच गई है। केंद्रीय मंत्री ने अपने लिखित जवाब में कहा कि रोजगार के अवसरों को बढ़ाने के साथ रोजगार की क्षमता में सुधार करना सरकार की प्राथमिकता है। सरकार ने देश के कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने को लेकर कई पहल शुरू की हैं। उन्होंने आगे कहा कि सरकार ने महिला श्रमिकों के लिए समान अवसर और अनुकूल कार्य वातावरण के लिए श्रम कानूनों में अनेक प्रावधान शामिल किए हैं। इनमें मातृत्व अवकाश, लचीले कार्य घंटे, समान वेतन आदि को शामिल किया गया है।

## 21 नवम्बर तक देश में 136 वंदे भारत ट्रेन का रहा परिचालन : वैष्णव

**नई दिल्ली,** 29 नवम्बर (एजेंसियां)। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोकसभा में बताया कि 21 नवम्बर तक देश में 136 वंदे भारत ट्रेन बेहतर सुरक्षा सुविधाओं के साथ परिचालन में थीं। एक लिखित जवाब में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सभी वंदे भारत ट्रेन ऑटोमैटिक ट्रेन प्रोटेक्शन सिस्टम कवच, तेज गति, पूरी तरह से सील गैंगवे, ऑटोमैटिक प्लग दरवाजे, मिनी पैंट्री, बोटल कूलर, डीप फ्रिजर और गर्म पानी बॉयलर जैसी सुविधाओं के साथ यात्रियों के लिए मौजूद थी।

केंद्रीय मंत्री वंदे भारत एक्सप्रेस शुरू करने के पीछे के औचित्य, सेवाओं-सुविधाएं और यात्री प्रतिक्रिया को लेकर विभिन्न राजनीतिक दलों के नौ सांसदों के सवालों के जवाब में जानकारी दे रहे थे। दिल्ली-काठगोदाम सेक्टर को लेकर केंद्रीय मंत्री ने बताया कि दिल्ली-काठगोदाम सेक्टर में तीन जोड़ी मेल/एक्सप्रेस सेवाएं मौजूद हैं। इनमें 2039/40 काठगोदाम-नई दिल्ली शताब्दी एक्सप्रेस भी शामिल है। इसके अलावा, नई रेल सेवाओं, जिसमें वंदे भारत सर्विस भी शामिल है, की शुरुआत भारतीय रेलवे की निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है।



■ महाराष्ट्र में कुल 22 वंदे भारत सेवाएं मौजूद

केंद्रीय मंत्री ने आगे जानकारी दी कि वर्तमान में प्रारंभ और समाप्ति आधार पर महाराष्ट्र में कुल 22 वंदे भारत सेवाएं मौजूद हैं।

रेल मंत्री ने कहा कि भारतीय रेलवे में, आरक्षित सीटों की मांग का पैटर्न पूरे साल एक जैसा नहीं रहता है। यह पैटर्न कम भीड़ और व्यस्त दिनों के दौरान बदलता है। इसके अलावा, कम रुकने वाली और कम समय के साथ सुविधाजनक समय पर चलने वाली ट्रेनों को अच्छी प्रतिक्रिया मिलती है।

रेल मंत्री ने आगे कहा कि चालू वित्त वर्ष के दौरान वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों की कुल क्षमता 100 प्रतिशत से अधिक है। उन्होंने बताया कि रेल मदद पोर्टल के जरिए यात्री ट्रेन सर्विस को लेकर अपनी प्रतिक्रिया साझा करते हैं।

## एनसीबी ने जीसीसीए की भारतीय शाखा से किए दो करार

**नई दिल्ली,** 29 नवम्बर (एजेंसियां)। भवन निर्माण सामग्री बनाने वाली इकाइयों के फोरम नेशनल काउंसिल फार सीमेंट एंड बिल्डिंग मैटीरियल्स (एनसीबी) ने सीमेंट उद्योग में कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन घटाने के नए तरीकों की खोज करने के लिए ग्लोबल सीमेंट एंड कंक्रीट एसोसिएशन (जीसीसीए), की भारतीय शाखा के साथ दो करार किए हैं।

एनसीबी वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन एक संस्था है।

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय की एक विज्ञापन के अनुसार इन समझौतों पर राजधानी में यशोभूमि में आयोजित 18वें एनसीबी अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन और सीमेंट एवं कंक्रीट प्रदर्शनी के दौरान हस्ताक्षर किए गए। यह आयोजन आज संपन्न हो रहा है जिसमें भाग लेने वाले सर्वश्रेष्ठ सीमेंट संयंत्रों को राष्ट्रीय सीमेंट उद्योग पुरस्कार और सम्मेलन के दौरान प्रस्तुत विशेष योग्यता वाले शोधपत्रों में सर्वश्रेष्ठ शोध-पत्रों को पुरस्कार प्रदान किया जाएंगे।

## स्टार्टअप ने जनवरी-अक्टूबर के दौरान 9.2 बिलियन डॉलर की वीसी फंडिंग जुटाई

**नई दिल्ली,** 29 नवम्बर (एजेंसियां)। भारत में इस साल जनवरी-अक्टूबर तक की अवधि में लगभग 984 वेंचर कैपिटल (वीसी) फंडिंग सौदों की घोषणा की गई। शुक्रवार को आई रिपोर्ट के अनुसार, इस अवधि के दौरान इन सौदों का कुल घोषित फंडिंग मूल्य सालाना आधार पर 44.4 प्रतिशत बढ़कर 9.2 बिलियन डॉलर हो गया। डेटा और एनालिटिक्स कंपनी ग्लोबलडेटा की रिपोर्ट में डील वॉल्यूम में सालाना आधार पर 5.8 प्रतिशत का सुधार दिखाया गया है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि 2023 में इसी अवधि के दौरान भारत में कुल 930 वीसी सौदों की घोषणा की गई और इन सौदों का कुल घोषित फंडिंग मूल्य 6.4 बिलियन डॉलर आंका गया था।




■ वैश्विक स्तर पर घोषित कुल वीसी सौदों में भारत की हिस्सेदारी 7.1 प्रतिशत रही

ग्लोबलडाटा के प्रमुख विश्लेषक ऑरोज्योति बोस ने कहा कि निवेशकों का विश्वास फिर से बढ़ रहा है क्योंकि भारत ने इस वर्ष के दौरान दूसरे देशों की तुलना में वीसी फंडिंग एक्टिविटी में महत्वपूर्ण सुधार प्रदर्शित किया है। वास्तव में, यह उन कुछ प्रमुख बाजारों में से एक था, जिन्होंने जनवरी-अक्टूबर 2024 के दौरान सौदे की मात्रा और मूल्य दोनों में सुधार देखा। बोस ने कहा कि इसके अलावा, डील वॉल्यूम (किसी निश्चित समय में खरीदे और बेचे गए शेयर) और मूल्य के मामले में भारत वीसी फंडिंग एक्टिविटी मामले में वैश्विक स्तर पर शीर्ष पांच बाजारों में बना हुआ है।

रिपोर्ट से पता चला है कि इस अवधि के दौरान वैश्विक स्तर पर घोषित कुल वीसी सौदों में भारत की हिस्सेदारी 7.1 प्रतिशत थी। दूसरी ओर, कुल घोषित फंडिंग मूल्य के मामले में देश की हिस्सेदारी 4.2 प्रतिशत रही।

## लिवाली की बदौलत बाजार ने लगाई छलांग

■ सेंसेक्स 759.05 अंक उछलकर 79,802.79 पर रहा


■ निफ्टी 216.95 अंक के तेजी के साथ 24,131.10 पर रहा

**मुंबई,** 29 नवम्बर (एजेंसियां)। विश्व बाजार के मिलजुल रुख के बीच स्थानीय स्तर पर नीचे भाव पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार ने करीब एक प्रतिशत की छलांग लगाई।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 759.05 अंक उछलकर 79,802.79 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 216.95 अंक के तेजी के साथ 24,131.10 अंक हो गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.31 प्रतिशत मजबूत होकर 46,070.85 अंक और स्मॉलकैप 0.76 चढ़कर 55,199.86 अंक पर बंद हुआ।

इस दौरान बीएसई में कुल 4050 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2347 में लिवाली जबकि 1606 में बिकवाली हुई वहीं 97 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 43 कंपनियों में तेजी जबकि अन्य सात में गिरावट रही।

बीएसई के सभी 21 समूहों का रुझान सकारात्मक रहा। इससे कमोडिटीज 1.04, ऊर्जा 1.09, हेल्थकेयर 2.05, दूरसंचार 1.53, यूटिलिटीज 1.46, तेल एवं गैस 1.01 और टेक समूह के शेयर 1.02 प्रतिशत चढ़ गए।




अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिलजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.07 और जापान का निक्केई 0.37 प्रतिशत गिर गया जबकि जर्मनी का डेक्स 0.03, हांगकांग का हैंगसैंग 0.29 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.93 प्रतिशत चढ़ गया।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 11 अंक फिसलकर 79,032.99 अंक पर खुला और बिकवाली के दबाव में थोड़ी देर बाद ही 79,026.18 अंक के निचले स्तर तक फिसल गया। वहीं, इसके बाद शुरू हुई लिवाली के बल पर कारोबार के अंतिम चरण में यह 79,923.90 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 79,043.74 अंक के मुकाबले 0.96 प्रतिशत की तेजी के साथ 79,802.79 अंक हो गया।

वहीं, निफ्टी 13 अंक बढ़कर 23,927.15 अंक पर खुला और यही इसका दिवस का निचला स्तर भी रहा। वहीं, सत्र के दौरान यह 24,188.45 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंचा। अंत में पिछले सत्र के 23,914.15 अंक की तुलना में 0.91 प्रतिशत की मजबूती के साथ 24,131.10 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान सेंसेक्स की मुनाफा कमाने वाली प्रमुख कंपनियों में भारती एयरटेल 4.30, सन फार्मा 2.68, महिंद्रा एंड महिंद्रा 2.38, अडानी पोर्ट्स 1.94, रिलायंस 1.66, एलटी 1.59, टाइटन 1.15, आईसीआईसीआई बैंक 1.10, मारुति 0.97, एशियन पेंट 0.90, टीसीएस 0.60, एक्सिस बैंक 0.37 और इंफोसिस 0.05 प्रतिशत शामिल रही।

## क्रिसिल ने अडानी ग्रुप की कंपनियों की मजबूत क्रेडिट रेटिंग्स रखी बरकरार

**नई दिल्ली,** 29 नवम्बर (एजेंसियां)। क्रिसिल रेटिंग्स की ओर से अडानी ग्रुप की कंपनियों की मजबूत रेटिंग्स को बरकरार रखा गया है। यह जानकारी शुक्रवार को जारी हुई एक रिपोर्ट में दी गई।

क्रिसिल की रिपोर्ट में कहा गया अडानी ग्रुप के पास मध्यम अवधि में अपने कर्ज को चुकाने और पूंजीगत व्यय की योजना को पूरा करने के लिए पर्याप्त लिक्वीडिटी है। अमेरिका में अडानी ग्रुप के अधिकारियों के खिलाफ आरोप पत्र और उसकी गलत कवरेज के बाद भी एजेंसी द्वारा ग्रुप की सभी कंपनियों को लेकर सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाया हुआ है। क्रिसिल की रिपोर्ट में कहा गया कि यह रेटिंग्स कारोबार की मजबूती और वित्तीय जोखिम प्रोफाइल पर आधारित हैं। क्रिसिल ने कहा कि उसने अडानी ग्रुप की 28 कंपनियों को रेटिंग दी हुई है।

वित्त वर्ष 2024 में अडानी ग्रुप का एबिटा 82,917 करोड़ रुपए रहा



था। ग्रुप का नेट डेट-टू-एबिटा रेश्यो 2.19 है। सितम्बर 2024 तक आठ सूचीबद्ध परिचालन संस्थाओं में समूह का नकद शेष 53,000 करोड़ रुपए से अधिक था। एनर्जी से लेकर पोर्ट तक फैले ग्रुप के इन्फ्रास्ट्रक्चर पोर्टफोलियो पर जोर देते हुए रिपोर्ट में कहा गया कि ग्रुप की मजबूत बाजार स्थिति और पूंजीगत व्यय समायोजित करने की क्षमता उसकी वित्तीय स्थिति को मजबूत बनाती है।

अमेरिकी में चल रही कानूनी कार्यवाही पर रिपोर्ट में कहा गया कि एजेंसी इस स्थिति पर नजदीक से निगाहें रखे हुए है। नियामक, न्यायिक और सरकार की ओर से आने वाला कोई भी एक्शन ग्रुप की वित्तीय स्थिति और संचालन को प्रभावित कर सकता है।

## खाद्य तेल सहित अन्य जिंसों में टिकाव, चावल महंगा

**नई दिल्ली,** 29 नवम्बर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत अन्य जिंसों के टिकाव रहा जबकि आवक कमजोर पड़ने से चावल 200 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हो गया।



**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में दिसंबर का पाम ऑयल वायदा 210 रिंगिट उबलकर 5270 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं, दिसंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 40.90 सेंट प्रति पौंड पर स्थिर रहा। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस औरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। **अनाज :** अनाज मंडी में मिलजुला रुख रहा। इस दौरान चावल 200 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हो गया जबकि गेहूं के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे : **दाल-दलहन :** चना 7250-7350, दाल चना 8250-8350, मसूर काली 7350-7450, मूंग दाल 9400-9500, उड़द दाल 10400-10500, अरहर दाल 10300-10400 रुपए प्रति क्विंटल रहे।

**अनाज :** (रुपए प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2700-2800 रुपए और चावल : 3150-3250 रुपए प्रति क्विंटल रहा।

## डेयरी से हो रहा आत्मनिर्भर ग्रामीण अर्थव्यवस्था का निर्माण

**नई दिल्ली,** 29 नवम्बर (एजेंसियां)। जस्ता, सीसा, चांदी और कैडमियम का एकीकृत खनन और संसाधन उत्पादक कंपनी हिंदुस्तान जिंक की समाधान पहल के तहत घाटावाला माताजी किसान उत्पादक कंपनी राजस्थान में ग्रामीण डेयरी क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव ला रही है।

कंपनी ने शुक्रवार को बयान जारी कर बताया कि उदयपुर के बिछड़ी गांव में वर्ष 2022 में स्थापित, महिलाओं के नेतृत्व वाला यह उद्यम बाजार तक पहुंच, उचित मूल्य और स्थायी आय सुनिश्चित कर डेयरी किसानों के लिए जीवन रेखा बना है। गौयम ब्रांड के तहत, जीएमएफपीओ उच्च गुणवत्ता का ताजा दूध और प्रीमियम डेयरी उत्पाद उपलब्ध करा रहा है, जो ग्रामीण समुदायों के जीवन में सफलता और सकारात्मक बदलाव का उदाहरण है। देबारी क्षेत्र के आस पास के गांवों के लगभग एक हजार शेयरधारकों द्वारा संचालित, जीएमएफपीओ सामूहिक उद्यम की शक्ति इसका सशक्त प्रमाण है। यह पहल हिंदुस्तान जिंक के समाधान कार्यक्रम के तहत संचालित हो रही है। घाटावाला माताजी एफपीओ से जुडी



■ 180 गांवों के 30 हजार से ज्यादा किसान परिवार हो रहे लाभान्वित

नारायणी डांगी और प्रेम व्यास जैसी सफलता की कहानियां इसके वास्तविक जीवन पर पड़ने वाले प्रभाव को दर्शाती हैं।

बिछड़ी की रहने वाली नारायणी ने जीएमएफपीओ को 40 रुपए प्रति लीटर दूध बेचकर आर्थिक परेशानियों को दूर किया, जो पहले उनके द्वारा अर्जित किए जाने वाले 25-30 रुपए प्रति लीटर से काफी अधिक है। प्रेम व्यास और उनके पति देवेंद्र ने अपने डेयरी उत्पादन को 10 लीटर प्रतिदिन से बढ़ाकर 85 लीटर कर दिया, जिससे उन्हें 40 हजार से लेकर 45 हजार रुपए की मासिक शुद्ध आय प्राप्त हुई।

ये उदाहरण बताते है कि किस प्रकार जीएमएफपीओ ने ग्रामीण परिवारों के लिए विपरीत परिस्थितियों को अवसर में बदल दिया है। अपनी स्थापना के बाद से घाटावाला माताजी किसान उत्पादक कंपनी ने महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल कर अब तक 4.17 लाख लीटर से अधिक दूध का प्रसंस्करण किया है, जिससे 2.5 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ है। इस कार्यक्रम से 180 गांवों के 30,000 से ज्यादा किसान परिवार लाभान्वित हो रहे है। शिक्षा, खेल, कौशल विकास, और ग्रामीण बुनियादी सुविधाओं के निर्माण से कंपनी ने राजस्थान और उत्तराखंड के 3,700 गांवों में 20 लाख से अधिक लोगों के जीवन को सकारात्मक रूप से प्रभावित किया है। भारत में सीएसआर के तहत सर्वाधिक खर्च करने वाली 10 शीर्ष कंपनियों में से एक हिंदुस्तान जिंक आत्मनिर्भर पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए प्रतिबद्ध है जो समग्र ग्रामीण विकास को आगे बढ़ा रहा है। वार्षिक राजस्व में वित्त वर्ष 2022-23 में 56.43 लाख रुपए, वित्त वर्ष 2023-24 में एक करोड़ रुपए और वित्त वर्ष 2024-25 की पहली छमाही में 87.65 लाख रुपए शामिल हैं।

### सार संक्षेप

## कारदेखो ग्रुप को हुआ 340 करोड़ रुपए का नुकसान

**नई दिल्ली।** ऑटो-टेक और फिनटेक सॉल्यूशन उपलब्ध कराने वाले कारदेखो ग्रुप को कंसोलिडेटेड आधार पर वित्त वर्ष 24 में 340 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। वित्त वर्ष 23 में यह आंकड़ा 562 करोड़ रुपए था। वहीं, स्टैंडअलोन आधार पर कंपनी को वित्त वर्ष 23 में 143 करोड़ रुपए नुकसान के मुकाबले वित्त वर्ष 24 में 37 करोड़ रुपए का मुनाफा हुआ है। वित्त वर्ष 24 में कंपनी की आय सालाना आधार पर 54 प्रतिशत बढ़कर 2,074 करोड़ रुपए रही है। वित्त वर्ष 23 में कंपनी की आय 1,347 करोड़ रुपए थी। कंपनी के मुताबिक, आय में बढ़त की वजह इंश्योरेंस इकाई इंश्योरेंसदेखो और फिनटेक प्लेटफॉर्म रुपी का शानदार प्रदर्शन है। इंश्योरेंसदेखो ने वित्त वर्ष 24 में 3,300 करोड़ रुपये का प्रीमियम हासिल किया है।

## जेप्टो ने पार्क के साथ की साझेदारी

**नई दिल्ली।** देश के सबसे तेजी से बढ़ रहे कंज्यूमर इंटरनेट ब्रांड जेप्टो ने पार्क+ के साथ साझेदारी की है। कंपनी ने शुक्रवार को बयान जारी कर बताया कि पार्क+ के पास कार केयर के सभी उत्पाद उपलब्ध हैं। इस भागीदारी के तहत भारत में आठ से ज्यादा जगहों पर पार्क+ के 15 कार केयर प्रोडक्ट्स की पेशकश की जाएगी। यह पहल उन कार मालिकों को शानदार अनुभव देने के लिए तैयार है, जिन्हें क्लीनिंग किट्स, कम्फर्ट एसेसरीज और मेंटेनेन्स टूल्स जैसे उच्च-गुणवत्ता के उत्पाद चाहिए। भारत की सड़कों पर पांच करोड़ से ज्यादा निजी कारें दौड़ रही हैं और कार केयर के प्रीमियम प्रोडक्ट्स की मांग बहुत बढ़ गई है। क्विक ई-कॉम के आने से भारतीय कार मालिक ऐसे उत्पादों की अधिक सुलभता एवं आपूर्ति की उम्मीद भी कर सकते हैं। ज़ेप्टो और पार्क+ ऐसे कार केयर प्रोडक्ट्स की पेशकश के लिए मिलकर काम कर रहे हैं, जो सुलभ तथा किफायती हों।

## नैसकॉम ने भारत में लांच की प्लेबुक

**नई दिल्ली।** नैसकॉम ने शुक्रवार को भारत में एक जिम्मेदार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लिए डेवलपर्स प्लेबुक को पेश किया। यह प्लेबुक डेवलपर्स को देश में एआई डेवलपमेंट, स्थापना और इस्तेमाल को लेकर जोखिमों की पहचान कर उन्हें कम करने में मददगार होगी। नई दिल्ली में कॉन्फ्लुएंस फॉर रिस्पॉन्सिबल इंटेलिजेंस के उद्घाटन संस्करण में लॉन्च की गई यह प्लेबुक तेजी से विकसित हो रहे एआई रिस्क मैनेजमेंट लैंडस्कैप को नेविगेट करने में डेवलपर्स के सामने आने वाली चुनौतियों के बीच आई है। प्लेबुक भारत सरकार और नैसकॉम के एक साथ सहयोग से एआई से जुड़े जोखिमों की पहचान करने और उन्हें कम करने को लेकर एक इंडस्ट्री फ्रेमवर्क की स्थापना को लेकर अहम है। आईटी इंडस्ट्री बॉडी ने कहा कि उद्योग, सरकार, शिक्षा और नागरिक समाज के भारतीय और अंतरराष्ट्रीय विषय विशेषज्ञों और हितधारकों के एक समूह ने प्लेबुक की कठोर समीक्षा और सत्यापन किया है।

# खेल जगत

## मैकस्वीनी अच्छा प्रदर्शन करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं : रेयान

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज रेयान हैरिस ने भारत के खिलाफ 6 दिसंबर से एडिलेड ओवल में होने वाले दूसरे टेस्ट में अच्छी तरह से तैयार नाथन मैकस्वीनी का समर्थन किया है। हालांकि, पर्थ टेस्ट में यह बल्लेबाज डेब्यू के दौरान संघर्ष करते नजर आया। अपने डेब्यू टेस्ट में मैकस्वीनी को जसप्रीत बुमराह ने दो बार एलबीडब्ल्यू आउट किया, जबकि ऑस्ट्रेलिया को पर्थ स्टेडियम में भारत के हाथों 295 रनों से हार का सामना करना पड़ा और अब वह पांच मैचों की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज में 1-0 से पीछे है। हैरिस ने एसईएन रेडियो से कहा कि फिलहाल, मुझे लगता है कि वह इसके लिए सबसे अच्छा व्यक्ति है, लेकिन सभी की तरह उसे भी रन बनाने की जरूरत है। नंबर-3 पर बल्लेबाजी करना और ओपनिंग करना थोड़ा अलग है, लेकिन ऐसा नहीं है। नाथन ऐसा करने के लिए पूरी तरह से तैयार है।



# शमशेर व व्हीटन एचआईएल में होंगे एसजी पाइपर्स पुरुष हॉकी टीम के सह कप्तान

**नई दिल्ली,** 29 नवम्बर (देशबन्धु)। पिछले लगातार दो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम के सदस्य शमशेर सिंह और ऑस्ट्रेलिया के तीन बार के ओलंपियन जैकब व्हीटन को दिल्ली एसजी पाइपर्स ने सात बरस बाद फिर से शुरू हो रही हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) 2024-25 में अपनी पुरुष टीम के दो सह कप्तान नियुक्त किए हैं। वहीं भारत की उपकप्तान नवनीत कौर को पहली बार हो रही चार टीमों महिला हॉकी इंडिया लीग के लिए नवनीत कौर को दिल्ली एस जी पाइपर्स ने अपनी महिला हॉकी टीम की कप्तान नियुक्त किया है जा बकि बेल्जियम की डिफेंडर एमा पुवरेज उप कप्तान होंगी।

■ शमशेर के दो गोल से सीआरपीएफ ने नामधारी को हराया

**शमशेर के साथ सह कप्तान बन गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं : व्हीटन**

दिल्ली एस जी पाइपर्स का सह कप्तान नियुक्त किए जाने पर 2020 के टोक्यो ओलंपिक की रजत पदक 2014 की विश्व कप विजेता, तथा दो बार बार चैंपियंस ट्रॉफी और दो बाद बार एफआईएच प्रो लीग खिताब जीतने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम के सदस्य रहे जैकब व्हीटन ने कहा, 'मैं शमशेर सिंह के साथ आगामी एचआईएल के लिए दिल्ली एस जी पाइपर्स की पुरुष टीम का सह कप्तान नियुक्त किया बेहद गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं।एचआईएल दुनिया के सर्वश्रेष्ठ हॉकी खिलाड़ियों के खिलाफ प्रतिस्पर्धात्मक माहौल में खेलने का शानदार मौका है। मैं अपनी इस नई फ्रेंचाइजी के साथियों और सह कप्तान के साथ मिलकर खेलने का







### व्हीटन और शमशेर हमारी टीम की कप्तानी के लिए सही खिलाड़ी : श्रीजेश

दिल्ली एसजी पाइपर्स के हॉकी निदेशक भारत के पूर्व गोलरक्षक पीआर श्रीजेश ने एचआईएल में अपनी टीम के सह कप्तानों की नियुक्ति की बाबत कहा, 'टीम में दोहरी कप्तानी का कारण घरेलू और विदेशी खिलाड़ियों को एक सी तवज्जो देना है और इस तरह की बराबरी टीम को एक मजबूत कड़ी के रूप में पिरोती है। व्हीटन ऑस्ट्रेलिया के वरिष्ठतम हॉकी खिलाड़ियों में से एक हैं और पर्याप्त अनुभवी और अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों में कप्तान के रूप में वह हमारी सही पसंद है। शमशेर भारत के दो ओलंपिक पदक जीतने वाले गिने चुने खिलाड़ियों में एक हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि शमशेर ऑस्ट्रेलिया के व्हीटन के साथ कप्तानी की जिम्मेदारी बांट कर नेतृत्व क्षमता बेहतर करेंगे। व्हीटन और शमशेर दोनों हमारी टीम की कप्तानी के लिए सही खिलाड़ी हैं।

### नवनीत कौर पूरी शिद्दत से बेहतरीन प्रदर्शन करती हैं : डेव

'दिल्ली एसजी पाइपर्स की महिला हॉकी टीम के हेड कोच डेव समोलनर्ज ने कहा, 'नवनीत कौर भारतीय महिला हॉकी टीम की एक अहम खिलाड़ी हैं। मैंने बीते कई महीने में यह अनुभव किया है कि वह अपनी साथी खिलाड़ियों से अपनी बात पहुंचाने में सफल रही हैं। साथ ही वह साथी खिलाड़ियों के साथ बहुत सहज हैं और विजेता हैं और मैदान हमेशा पूरी शिद्दत से अपना बेहतरीन प्रदर्शन करती हैं। भारतीय हॉकी को विकसित करने के लिए आपको भारतीय कप्तान चाहिए।

### शमशेर गजब के हॉकी कौशल और अनुभव के कारण सह कप्तान की नैसर्गिक पसंद : रीड

दिल्ली एस जी पाइपर्स पुरुष हॉकी टीम के चीफ कोच ग्राहम रीड ने कहा, 'शमशेर अपने गजब के हॉकी कौशल और विश्व हॉकी के लंबे अनुभव के कारण पुरुष टीम के सह कप्तान की नैसर्गिक पसंद थे। मैं खुशकिस्मत था कि जब मैं भारतीय पुरुष हॉकी टीम का चीफ कोच था तो तब 2019 में शमशेर को भारतीय राष्ट्रीय शिविर के लिए शामिल किया था और अपने धैर्य और आत्मविश्वास के कारण हमारी टीम के सह कप्तान की नैसर्गिक पसंद थे। शमशेर अपनी नेतृत्व क्षमता उन्हें असाधारण खिलाड़ी बनाती है। दो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता शमशेर का अनुभवी उन्हें टीम के साथियों से जोड़ने के साथ उनके प्रदर्शन को बेहतर करेगा। बेशक शमशेर का उत्साह और संकल्प इस एचआईएल में हमारी टीम को बेहतरीन प्रदर्शन को प्रेरित करेगा। मुझे व्हीटन में एक आदर्श कप्तान के सभी गुण दिखाई देते हैं। व्हीटन काओलंपिक रजत पदक विजेता ऑस्ट्रेलियाई टीम का सदस्य होने का उनका अनुभव उन्हें खुद बेहतरीन प्रदर्शन करनेके साथ अपने साथियों को बेहतर प्रदर्शन को प्रेरित करेगा। व्हीटन का टीम में सकारात्मक माहौल बनाए रखना हमें बेशक चुनौतियों से उबार कर आगे ले जाने में सहायक बनेगा।

# भारतीय जू.टीम ने जापान जू. टीम को 3-2 से हराया

**नई दिल्ली,** 29 नवम्बर (देशबन्धु)। सीनियर टीम के खेल चुके ऑलराउंडर अरिजित सिंह हुंडल द्वारा दागे निर्णायक और मैच के आखिरी गोल की बदौलत भारत ने जापान को मस्कट (ओमान) में जूनियर पुरुष हॉकी एशिया कप पूल ए में कड़े संघर्ष के बाद 3-2 से हरा कर बृहस्पतिवार रात 3-2 से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। भारत ने अपने अभियान का आगाज थाईलैंड पर 11 -0 बड़ी जीत के साथ किया किया। भारत ने थोकचम किंगसन सिंह (12) और रोहित (36) के गोल से दो बार बढ़त ली लेकिन नियो सातो द्वारा दो गोल कर जापान को दो बार बराबरी दिला दी।

■ भारत ने अपने अभियान का आगाज थाईलैंड पर 11-0 बड़ी जीत के साथ किया

अरिजित हुंडल ने तीसरे क्वॉर्टर के नौवें मिनट में बढ़िया मैदानी गोल कार भारत को 3-2 से आगे कर दिया और उनका यह गोल निर्णायक और विजयदाई साबित हुआ। भारत और जापान की जूनियर टीमों के बीच शुरू से जोरदार संघर्ष देखने को मिला। जापान की जूनियर टीम ने तीसरे ही मिनट में पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया लेकिन गोलरक्षक बिक्रमजीत सिंह ने मुस्तैदी दिखा रोक भारतीय जूनियर टीम पर खतरा टाल दिया। जापान की जूनियर टीम ने दोनो से छोर से हमले बोलने की कोशिश की लेकिन भारत की जूनियर टीम ने हॉकी की कलाकारी के साथ लंबे एरियल बॉल से उसके ही गोल के सामने गेंद ले उसकी गोल करने की रणनीति विफल कर दी । दोनों टीमों का गेंद पर कब्जा लगभग बराबर रहा। दिलराज सिंह ने पहला क्वॉर्टर खत्म होने से तीन पहले पेनल्टी कॉर्नर दिलाया और



इस पर जापानी गोलरक्षक के पैड को लग कर झिटकी गेंद को किंगसन सिंह ने संभाल गोल कर भारत की जूनियर टीम का खाता खोला। नियो सातो ने पहला क्वॉर्टर खत्म से ठीक पहले पेनल्टी कॉर्नर पर बढ़िया ड्रैग फ्लिक कर जापान की जूनियर टीम को एक एक की बराबरी दिलादी। दूसरे क्वॉर्टर के शुरुआती मिनट में भारत की जूनियर टीम केमनमीत सिंह ने दो बार जापान के गोल के तेज हमले बोले लेकिन जापानकी जूनियर टीम के गाशलरक्षक किशु ने अच्छा पूर्वानुमान लगाकर उनके ये हमले नाकाम कर दिया। जापान की जूनियर टीम को दो पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन भारत के गोलरक्षक बिक्रमजीत ने अच्छे बचाव किए,।

# सिद्धार्थ कौल ने भारतीय क्रिकेट से लिया संन्यास

**नई दिल्ली,** 29 नवम्बर (एजेंसियां)। भारत के लिए वर्ष 2018-19 में खेलने वाले तेज गेंदबाज सिद्धार्थ कौल ने भारतीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। कौल विदेश में खेलने का खुलासा करते हुए से कहा कि मुझे लगता है कि मेरे अंदर अभी भी 3-4 साल का क्रिकेट बचा है। मैं अपने करियर की ऊंचाई पर छोड़ना चाहता था, जब मेरी फिटनेस और प्रदर्शन शीर्ष पर थे, ऐसे नहीं कि जब फिटनेस के कारण या प्रदर्शन नहीं करने की वजह से मुझे जाना पड़े। उन्होंने कहा कि अगर आप मेरा 9-10 सालों का ग्राफ देखेंगे तो, मैंने सभी प्रारूपों में अच्छा किया है। तो मुझे लगता था कि यह छोड़ने का सही समय था। उम्मीद है मैं आगे बढ़ूंगा जो भी मौक़ा मिले चाहे काउंटी क्रिकेट (इन गर्मियों में वह नॉर्थैंप्टनशायर के लिए तीन डिवीजन 2 चैंपियनशिप मैच खेले, जहां उन्होंने 29.84 की औसत से 13 विकेट लिए), हो या लीजेंड लीग हो, एमएलसी हो या और कुछ भी। अगर मुझे अवसर मिलता है तो मैं यहां खेलना चाहता हूं। कौल ने भारत के लिए जून 2018 से फरवरी 2019 के बीच तीन टी-20 और तीन एकदिवसीय मैच खेले। उन्होंने वर्ष 2023-24 सत्र में पंजाब को पहली सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी जिताने में मदद की थी।

# भारतीय हॉकी का ओलंपिक में स्वर्ण जीतने का दौर फिर लौटे : अभिषेक

**सत्येन्द्र पाल सिंह**

**नई दिल्ली,** 29 नवम्बर (देशबन्धु)। 25 बरस के अभिषेक नैन का दिल्ली से एकदम सटे सोनीपत जैसे छोटे शहर से आकर अपनी रफ्तार और खासतौर पर डी के भीतर अचूक निशानेबाजी से भारतीय हॉकी टीम के स्टार स्ट्राइकर के रूप में पहचान बनाने का सफर खासा रोचक और उतार-चढ़ाव वाला रहा है। उनकी गिनती अब भारत ही नहीं दुनिया के ऐसे चतुर व कुशल हॉकी स्ट्राइकर के रूप में होती है जो खुद गोल के मौके बनाने के साथ नए जमाने जरूरी प्रमुख पेनल्टी कॉर्नर बनाना भी खूब जानते हैं। देश की आजादी के दिन यानी 15 अगस्त को 1999 में जन्मे नैन ने खुद को करीब एक दशक से भी ज्यादा भारत के प्रमुख स्ट्राइकर रहे आकाशदीप सिंह का सही विकल्प साबित कर अपने साथी सुखजीत सिंह के साथ पहले ग्राहम रीड और अब क्रेग फुल्टन सरीखे देश के चीफ हॉकी कोच का विश्वास जीता है। विशेष पुलिस फोर्स में रहे सत्यनारायण नैन और सूरत देवी के बेटे और हिंदी अध्यायक और जुनूनी हॉकी कोच शमशेर सिंह दहिया के शार्गिद अभिषेक बतौर स्ट्राइकर भारत को 2022 के एशियाई खेलों और 2024 की एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में स्वर्ण और 2024 में पेरिस ओलंपिक में कांसा जिता कर देश और दुनिया के हॉकी प्रेमियों का दिल चुके हैं। सात बरस बाद फिर से शुरू हो रही हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) 2024-25 की नीलामी में सूरमा हॉकी क्लब पंजाब के भारत के कप्तान ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह (78 लाख रुपए) के बाद अभिषेक नैन (72 लाख रुपए) श्राची बंगाल टाइगर्स द्वारा खरीदे दूसरे सबसे महंगे खिलाड़ी रहे। प्रस्तुत है अभिषेक के साथ अब तक हॉकी सफर और भारत के लिए भविष्य के उनके लक्ष्यों पर उनसे की खास बात। अभिषेक नैन अपने शुरुआती दिनों से भारतीय हॉकी टीम के स्टार स्ट्राइकर तक के सफर की चर्चा करते हुए अतीत में खो जाते हैं। वह बताते हैं, 'अपने स्कूल छोटू राम जमींदार (सीआरजेड), सोनीपत में अपने साथी 'लकी' को हॉकी खेलता देख हॉकी खेलना शुरू किया और वह अपने नाम के मुताबिक मेरे लिए बहुत 'लकी' साबित हुए।

■ मेरी ताकत रफ्तार व डी के भीतर सही फैसला ले निशाने लगा गोल करना

■ मैं ऑस्ट्रेलिया के टॉम क्रेग की तरह बनना चाहता हूं, मनदीप का मुरीद हूं



## हॉकी इंडिया ने किया आधिकारिक मोबाइल ऐप लॉन्च

**नई दिल्ली,** 29 नवम्बर (एजेंसियां)। खेल की अधिक लोगों तक पहुंच और प्रशंसकों के अनुभव को समृद्ध करने की दिशा में एक सार्थक कदम उठाते हुए हॉकी इंडिया ने हॉकी इंडिया लीग से पहले आधिकारिक रूप से मोबाइल ऐप लॉन्च किया है। करीब सात वर्ष के अंतराल के बाद हो रही हॉकी इंडिया लीग की वापसी को लेकर खिलाड़ी और प्रशंसक उत्साहित है। इस ऐप के लिए अब दुनिया भर के हॉकी खिलाड़ी और प्रशंसक जुड़े रह सकते है। यह ऐप नवीनतम फोटो और प्रेस रिलीज से लेकर आँकड़ों की विस्तृत जानकारी का अनुभव प्रदान करता है हॉकी इंडिया लीग गवर्निंग कमेटी के अध्यक्ष डॉ दिलीप तिर्की ने ऐप को लेकर कहा कि आधिकारिक हॉकी इंडिया और हॉकी इंडिया लीग ऐप खेल को अपने प्रशंसकों के करीब लाने की दिशा में एक कदम है।

## सार संक्षेप

### टिम डेविड आरसीबी में वापसी को लेकर उत्साहित

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर टिम डेविड ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) में फिर से शामिल होने को लेकर अपना उत्साह साझा किया और टीम के साथ रोमांचक यादें बनाने की उम्मीद जताई। सिंगापुर में जन्मे और ऑस्ट्रेलिया में पले-बढ़े डेविड को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने जेद्दा में आईपीएल 2025 की नीलामी में 3 करोड़ रुपये में साइन किया। दिलचस्प बात यह है कि उन्होंने अपने आईपीएल करियर की शुरुआत 2021 में आरसीबी के साथ की थी, उसके अगले साल मुंबई इंडियंस में शामिल हुए। डेविड ने आईएएनएस से कहा कि मैं इस साल आरसीबी के लिए खेलने को लेकर वाकई उत्साहित हूं। मैंने कुछ दोस्तों से संपर्क किया है, कुछ कोचिंग स्टाफ के साथ पहले काम किया है और जाहिर तौर पर यह वहां का शानदार मैदान है, खासकर पावर हिटर्स के लिए, इसलिए मुझे उम्मीद है कि वहां भी कुछ रोमांचक यादें बनेंगी। 28 वर्षीय इस बड़े हिटर ने अपना करियर 20 ओवर के प्रारुप को समर्पित कर दिया है।

### इगा ने एक महीने का निलंबन किया स्वीकार


**नई दिल्ली।** पांच बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन पोलैंड की स्टार टेनिस खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने प्रतिबंधित दवा ट्राइमेटाजिडीन (टीएमजेड) के लिए पॉजिटिव पाये जाने के बाद एक महीने का निलंबन स्वीकार कर लिया है। अंतरराष्ट्रीय टेनिस इंटिग्रिटी एजेंसी (आईटीआईए) ने गुरुवार को महिला टेनिस रैंकिंग में दूसरे नंबर की खिलाड़ी इगा स्वियातेक के निलंबन की घोषणा की। इगा स्वियातेक को डोपिंग जांच में प्रतिबंधित दवा ट्राइमेटाजिडीन (टीएमजेड) के सेवन का दोषी पाया गया। इगा स्वियातेक ने औपचारिक रूप से एंटी-डोपिंग नियम के उल्लंघन को स्वीकार कर लिया है। अगस्त में हुई जांच में स्वियातेक का नमूना पॉजिटिव पाया गया और इगा ने आईटीआईए को दिये स्पष्टीकरण में बताया कि यह अनजाने में हुआ। वह यह बिना पर्चे वाली दवा 'मेलाटोनिन' जेट लैग और नींद की समस्याओं के लिए ले रही थी।

### पाकिस्तान ने जिम्बाब्वे को 99 रनों हराया और सीरीज भी जीती

**बुलावायो।** कामरान गुलाम (103) की शतकीय और अब्दुल्लाह शफीक (50) की अर्धशतकीय पारियों के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत पाकिस्तान ने गुरुवार को तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में जिम्बाब्वे को 99 रनों से शिकस्त दी। इसी के साथ पाकिस्तान ने तीन मैचों की सीरीज 2-1 से जीत ली है। 304 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी जिम्बाब्वे की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 10 के स्कोर पर अपने दो विकेट गवां दिये। जॉयलॉर्ड गंबी (पांच) और डिओन मेयर्स (चार) रन बनाकर आउट हुए।

# हालैंड, एमबाप्पे, बेलिंगहैम फीफा पुरुष पुरस्कार के लिए नामांकितों में शामिल

**ज्यूरिख,** 29 नवम्बर (एजेंसियां)। मैनचेस्टर सिटी के एर्लिंग हालैंड, रियल मैड्रिड के किलियन एमबाप्पे और जूड बेलिंगहैम सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी श्रेणी में नामांकितों में शामिल हैं, क्योंकि फीफा ने सर्वश्रेष्ठ फीफा फुटबॉल पुरस्कार 2024 के लिए नामांकितों की शॉर्टलिस्ट की घोषणा की है, जो क्लब और राष्ट्रीय-टीम दोनों स्तरों पर महिला और पुरुष फुटबॉल के एक और रोमांचक वर्ष में अग्रणी खिलाड़ियों को पहचान देगा। हालैंड, एमबाप्पे और बेलिंगहैम के अलावा, अन्य नामांकित व्यक्ति हैं: दानी कार्वाजल, रियल मैड्रिड, फेडेरिको वाल्वरडे, रियल मैड्रिड, फ्लोरियन विर्ट्ज़, बेयर लीवरकुसेन, पेरिस सेंट-जर्मेन/रियल मैड्रिड, लैमिन यामल (स्पेन), बार्सिलोना, लियोनेल मेसी (अर्जेंटीना), इंटर मियामी, रोड्री (स्पेन), मैनचेस्टर सिटी, टोनी क्रूस (जर्मनी), रियल मैड्रिड और विनीसियस जूनियर (ब्राजील), रियल मैड्रिड पुरस्कार की कई श्रेणियां हैं-सर्वश्रेष्ठ फीफा पुरुष खिलाड़ी, सर्वश्रेष्ठ फीफा महिला खिलाड़ी, सर्वश्रेष्ठ फीफा पुरुष कोच, सर्वश्रेष्ठ फीफा महिला कोच, सर्वश्रेष्ठ फीफा पुरुष गोलकीपर और सर्वश्रेष्ठ फीफा महिला गोलकीपर। विजेता का फैसला प्रशंसकों, सभी महिला/पुरुष राष्ट्रीय टीमों के मौजूदा कप्तानों और कोचों और मीडिया प्रतिनिधियों के बीच समान रूप से पारित होकर किया जाएगा।



# फाइटनाइट के लिए लखनऊ पहुंचे फाइटर्स

**लखनऊ।** नवाबों के शहर में होने वाले मिक्स्ड मार्शल आर्ट (एमएमए) के रोमांचक मुकाबले 'केसीसी फाइटनाइट' की तैयारियां पूरी हो चुकी है। इस फाइट में अपनी चुनौती पेश करने को तैयार देश के शीर्ष एमएमए फाइटर में शुमार राना रूद्र प्रताप सिंह सहित अन्य विश्व स्तरीय फाइटर लखनऊ पहुंच गए जो एक दिसंबर को चौक स्टेडियम के बहुउद्देश्यीय हाल में होने वाले मुकाबले में जोर आजमाइश करेंगे। कॉम्बैट क्रीड चैंपियनशिप (केसीसी) के तत्वावधान में होने वाली चैंपियनशिप में शनिवार शाम सभी 16 फाइटर्स का वजन किया जाएगा और फाइटर एक-दूसरे से रूबरू होंगे।इस फाइट में अंकों के अलावा नाकआउट और सबमिशन के आधार पर विजेता का फैसला हो सकता है। केसीसी फाइटनाइट में मार्शल आर्ट की विभिन्न शैलियों जैसे कराटे, किकबॉक्सिंग, जि-जित्सु, ताइक्वांडो आदि के फाइटर्स के रोमांचक फाइटिंग स्टाइल और तकनीक से फाइट से दर्शक रुबरु होंगे।


# फेलिक्स, पाओलिनी, नवारो एडिलेड में खचाखच भरे मैदान में उतरेंगे

**एडिलेड,** 29 नवम्बर (एजेंसियां)। फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे, जैस्मीन पाओलिनी उन सितारों में शामिल हैं जो एटीपी 250 इवेंट एडिलेड इंटरनेशनल में हिस्सा लेने के लिए तैयार हैं, क्योंकि टूर्नामेंट निदेशक एलिसिया मोलिक 6 से 11 जनवरी 2025 तक द ड्राइव में प्रतिस्पर्धा करने के लिए पुष्टि किए गए खिलाड़ियों की क्षमता को लेकर उत्साहित हैं। फेलिक्स (पूर्व विश्व नंबर 6) और डब्ल्यूटीए की शीर्ष 10 रैंकिंग वाली दो खिलाड़ी जैस्मीन पाओलिनी, एम्मा नवारो, साथ ही विश्व नंबर 13 डायना श्नाइडर अगले साल की शुरुआत में एडिलेड में प्रतिस्पर्धा करेंगी। ये खिलाड़ी अपने गृहनगर के पसंदीदा और 2022 के चैंपियन थानासी कोकिनाकिस, दुनिया के 12वें नंबर के टॉमी पॉल, दुनिया के 22वें नंबर के सेबेस्टियन कोर्डा और शीर्ष-10 सितारों जेसिका पेगुला और बारबोरा क्रेजिकोवा के साथ शामिल होंगे -क्रेजिकोवा मौजूदा विंबलडन चैंपियन हैं। मोलिक ने कहा कि अब तक हमने जिन प्रतिभाओं की पुष्टि की है, वे असाधारण हैं और हमें विश्वास है कि प्रशंसकों को कुछ शानदार मैच देखने को मिलेंगे। इनमें से प्रत्येक खिलाड़ी कोर्ट में कुछ अनूठा लेकर आता है, और हम उन्हें द ड्राइव में प्रतिस्पर्धा करते देखने के लिए इंतजार नहीं कर सकते।




# शुभमन गिल बल्लेबाजी करते हुए काफी सहज दिखे : अभिषेक नायर

**कैनबरा,** 29 नवम्बर (एजेंसियां)। बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के आगाज से पहले शुभमन गिल का चोटिल होना भारतीय टीम के लिए बड़ा झटका था। लेकिन सीरीज के दूसरे टेस्ट से पहले इस युवा बल्लेबाजी की वापसी के संकेत से भारतीय खेमे में खुशी का माहौल है। टीम के सहायक कोच अभिषेक नायर ने कहा कि शुभमन गिल शनिवार से मनुका ओवल में प्राइममिनिस्टर्स इलेवन के खिलाफ शुरू हो रहे दो दिवसीय अभ्यास मैच से पहले बल्लेबाजी करते हुए काफी सहज दिखे। यह मैच गुलाबी गेंद से खेला जाएगा। गिल वाका ग्राउंड पर मैच से पहले अभ्यास सत्र में बाएं अंगूठे में लगी चोट के कारण पर्थ में खेले गए पहले मैच से बाहर हो गए थे। भारत ने यह मैच 295 रन से जीता था। नायर ने भारत के अभ्यास सत्र के दौरान संवाददाताओं से कहा कि वह अभी बल्लेबाजी कर रहे हैं और काफी सहज नजर आ रहे हैं। हमारे फिजियो उनकी चोट का पूरी तरह से मूल्यांकन करेंगे और उसके बाद मुझे उनकी स्थिति का पता चलेगा। लेकिन मैंने जो देखा है, उससे लगता है कि वह बल्लेबाजी करते हुए सहज हैं। ऐसा लग रहा है कि वह मैच में बल्लेबाजी कर सकते हैं। गिल और रोहित शर्मा की वापसी से चयन के लिए भारत को किन परेशानियों का सामना करना पड़ेगा, इस सवाल पर नायर ने कहा कि यह थोड़ी परेशानी का सबब जरूर है लेकिन यह हमारी परेशानी नहीं है क्योंकि मुख्य खिलाड़ियों की वापसी से टीम और अधिक मजबूत होगी। ऐसी स्थिति में होना हमेशा अच्छा होता है, जहां आपके दो शीर्ष खिलाड़ी वापस आएं। इससे बहुत आत्मविश्वास बढ़ता है। उनका (रोहित और गिल का) वापस आना अच्छा है। टीम जोश से भरी हुई है। उन्होंने यह भी कहा कि रविचंद्रन अश्विन और रवींद्र जडेजा यह समझते हैं कि पर्थ में उन्हें प्लेइंग-11 में क्यों नहीं चुना गया। सहायक कोच ने कहा कि जब आपके पास जडेजा और अश्विन जैसे सीनियर होते हैं, जो समझते हैं कि टीम क्या करने की कोशिश कर रही है, तो टीम-फर्स्ट की नीति के कारण यह बहुत आसान हो जाता है। इस टीम की संस्कृति यह है कि हर कोई चाहता है कि 'टीम इंडिया' जीते। गुलाबी गेंद से टेस्ट क्रिकेट खेलने के बारे में नायर ने बताया कि भारतीय टीम इसके लिए कैसे तैयारी कर रही है। भारत ने आखिरी बार मार्च 2022 में गुलाबी गेंद से खेला था। उन्होंने कहा कि बारिश हो रही थी, लेकिन अच्छी बात यह है कि हर कोई खेलने के लिए उत्सुक था। बारिश में भी सभी ने बल्लेबाजी की। चाहे वह गुलाबी गेंद हो या लाल गेंद, सारा अंतर वास्तव में दिमाग में होता है क्योंकि हमें हर हाल में अपना सिर्फ बेस्ट देना होगा।



# दक्षिण अफ्रीका ने श्रीलंका को 42 रन पर समेटा

**डरबन,** 29 नवम्बर (देशबन्धु)। श्रीलंका ने गुरुवार को किंग्समीड में चल रहे सीरीज के पहले मैच में दक्षिण अफ्रीका के हाथों मात्र 42 रन पर आउट होने के बाद टेस्ट क्रिकेट में अपना सबसे कम स्कोर दर्ज किया है। श्रीलंका की टीम 42 रन पर ऑल आउट हो गई, जो कि मात्र 13.5 ओवर में हुआ और इस तरह से वह आसानी से अपने पिछले सबसे कम टेस्ट स्कोर 71 से पिछड़ गई, जो कि 1994 में कैंडी में पाकिस्तान के खिलाफ आया था। यह कुल मिलाकर नौवां सबसे कम टेस्ट स्कोर भी है। तेज गेंदबाज ऑलराउंडर मार्को जेनसन ने 6.5 ओवर में 7-13 का करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए सबसे ज्यादा विकेट झटके। साथी तेज गेंदबाज गेराल्ड कोएट्जी (2-18) और कैगिसो रबाडा (1-10) ने उनका अच्छा साथ दिया। श्रीलंका के केवल दो खिलाड़ी दोहरे अंक तक पहुंच पाए,



जिसमें कामिंडू मेंडिस का 13 रन का सर्वश्रेष्ठ स्कोर रहा और चार खिलाड़ी शून्य पर आउट हो गए। श्रीलंका द्वारा 42 रन पर ऑल आउट होना दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ किसी भी टीम द्वारा बनाया गया सबसे कम स्कोर भी है, इससे पहले 2013 में केपटाउन में न्यूजीलैंड को प्रोटियाज ने 45 रन पर आउट कर दिया था।